# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-06-2022

# उपद्रवियों से निपटने के लिए बनी स्पेशल टीम

**गोरखपुर(एसएनबी)।** जोन के एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि जोन के हर जिले में पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जिसमें 20 से 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं। जिन्हें फूल बडी प्रोटेक्टर एक्रूटमेंट दिया गया है। यह एक्रूटमेंट पुलिस मुख्यालय की तरफ से दिया गया है। ये टीम खासकर दंगों और उपद्रवियों से निडर होकर काम करेगी।

**गोरखपुर जोन के 470 पुलिसकर्मी हुए लैश**

**एसपी सिटी ने शहर में सुरक्षा को लेकर किया फ्लैग मार्च**

गोरखपुर जोन के 11 जिलों के 470 पुलिसकर्मी इस एक्रूटमेंट से लैश हुए हैं। इसमें देवरिया के 38, कुशीनगर 38, गोरखपुर 50,महराजगंज में 38,बस्ती में 68, संतकबीरनगर में 38, सिद्धार्थनगर में 38,गोंडा में 38, बहराइच में 48,बलरामपुर 38 और श्रावस्ती में 38 पुलिसकर्मियों की स्पेशल टीम बनाई गई है। जिन्हें यह फुल बडी प्रोटेक्टर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने पत्थरबाजों और उपद्रवियों से निपटने के लिए यूपी के हर जिले में 20 से 40 पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई है। इस टीम को एंटी राइट फूल बडी प्रोटेक्टर एक्रूटमेंट से लैश कर दिया गया है। इस एक्रूटमेंट को पहनने के बाद टीम में शामिल पुलिसकर्मी पूरी तरह से चारों तरफ से पत्थरों से बचाव के लिए सुरक्षित होगी। जुमे की नमाज पर शुक्रवार को टीम को तैनात भी किया गया था। एंटी राइट फूल बडी प्रोटेक्टर एक्रूटमेंट शरीर के छाती के लिए प्रोटेक्टर्स, कंधे के पैड, ऊपरी भुजा गार्ड, कोहनी और अग्रदूत गार्ड, ग्रोइन और शिन गार्ड होंगे। इस पूरे प्रोटेक्टर्स का वजन 6 किग्रा है। यूपी में यह पहली बार पुलिसकर्मियों को मिला। इसका पहली बार जम्मू कश्मीर में पत्थरबाजों से निपटने के लिए वहां की पैरामिलटरी और अन्य फोर्स पहनती थी। बता दें कि बुलेट प्रूफ केवल गोली और छर्रों को रोकती है। लेकिन यह यह स्पेशल पत्थर के लिए है। 360 डिग्री पुलिसकर्मी को कवर करेगाएक्रूटमेंट से लैस पुलिस पत्थरबाजी के बीच रुकेगी नहीं चलती रहेगी। जिससे पत्थरबाजों को दौड़ाकर पकड़ने में आसानी होगी। गोरखपुर जोन के 11 जिलों में यह व्यवस्था शुक्रवार को जुमे की नमाज से लागू कर दी गई। यहां के हर जिले में 20 से 40 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई है, जो इस एक्रूटमेंट से लैश हो गई है। यह टीम शुक्रवार को जुमे की नमाज को सकुशल निपटाने के लिए तैनात भी रही और पैदल मार्च भी की। इस टीम के बडी प्रोटेक्टर की बनावट इस तरह है कि उपद्रवी केवल इस टीम को तैनात देखकर ही सहम जाएगा। अभी तक पत्थरबाजी में सामने आता था कि पुलिस एक जगह रुक जाती थी। एक जगह से ही वह पत्थरबाजों पर खुद पत्थर चलाती थी और किसी चीज की आंड़ लेकर आंसू गैस के गोले छोड़ती थी या जवाबी कार्रवाई करती थी। क्योंकि पुलिसकर्मी पुरी तरह सुरक्षित नहीं रहता था उसके शरीर का आधा हिस्सा प्रोटेक्ट नहीं रहता था।

# कलेक्ट्रेट परिसर में ही डीएम, एडीएम कोर्ट के लिए तलाशी जा रही जगह

**गोरखपुर (एसएनबी)।** डीएम, एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट का संचालन कलेक्ट्रेट परिसर में ही करने के लिए उपयुक्त स्थान खोजा जा रहा है। शुक्रवार को जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता व अन्य अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनआईसी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। तीन तल की यह बिल्डिंग अफसरों के न्यायालयों के लिए मुफीद मिली।

उल्लेखनीय है कि 117 साल पुरानी कलेक्ट्रेट की इमारत तोड़ी जा रही है। इसकी जगह अत्याधुनिक कलेक्ट्रेट की नई बहुमंजिली इमारत बनेगी। पिछले सप्ताह डीएम, एडीएम समेत सभी अफसरों के दफ्तर पर्यटन विभाग में शिफ्ट हो गए। अधिवक्ता अभी भी कलेक्ट्रेट में ही हैं। कलेक्ट्रेट का पता बदलने की वजह से फरियादियों और वादकारियों को कलेक्ट्रेट के साथ ही पर्यटन विभाग की भी दौड़ लगानी पड़ रही है। वादकारियों के साथ ही खुद की दिक्कतों को डीएम से साझा करते हुए अधिवक्ताओं ने डीएम, एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट का संचालन कलेक्ट्रेट परिसर में ही करने की अपील की थी। आमजन की सहूलियत के लिए शुक्रवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी बिल्डिंग में संचालित हो रहे एसीएम न्यायालय व चकबंदी लेखपाल व कानूनगों के बैठक कक्ष तथा चकबंदी न्यायालय का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम का कहना है कि वादकारियों और अधिवक्ताओं की सुविधा को देखते हुए प्रमुख अधिकारियों के न्यायालयों का कलेक्ट्रेट में ही संचालन करने के लिए जगह के विकल्प तलाशे जा रहे हैं।

**डीएम ने कोर्ट के लिए एनआईसी बिल्डिंग का किया निरीक्षण**

**प्रमुख अधिकारियों के कोर्ट कलेक्ट्रेट में ही संचालित करने की अधिवक्ता भी कर रहे मांग**



कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करूणेश। फोटो : एसएनबी



जुमा के अवसर पर रेती क्षेत्र में पुलिस जवानों के साथ मार्च पास्ट करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव व एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह। फोटो : एसएनबी

# फुल बॉडी प्रोटेक्टर पहनकर पत्थरबाजों से निपटेगी पुलिस

शुक्रवार को शांतिपूर्वक तरीके से हुई जुमे की नमाज

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 June):** जेएंडके में पत्थरबाजों से निपटने के लिए आर्मी और सीआरपीएफ के जवानों को फुल बॉडी प्रोटेक्टर प्रोवाइड कराया गया था. कश्मीर की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश पुलिस को भी पत्थरबाजों से निपटने के लिए एंटी राइट फुल बॉडी प्रोटेक्टर इक्विपमेंट प्रोवाइड कराया जा रहा है. कई जिलों में जुमे और अग्निपथ को लेकर हुई घटनाओं से सबक लेते हुए शुक्रवार को गोरखपुर जोन के 11 जिले की स्पेशल पुलिस टीम फुल बॉडी प्रोटेक्टर पहनकर नजर आई. सुरक्षा के बीच सभी जगहों पर शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई.

### पथराव में भी नहीं रुकेंगे कदम

अभी तक पत्थरबाजी की घटनाओं में पुलिस को बैकफुट पर आकर इधर-उधर छिपना पड़ता था. फुल बॉडी प्रोटेक्टर पहनकर पथराव के बीच भी पुलिस के कदम पीछे नहीं हटेंगे. वो पथराव में भी आगे बढ़ते रहेंगे. प्रोटेस्ट के दौरान ईंटों, कंक्रीट, एसिड बल्ब, साइकिल की चैन आदि पुलिस पर बवालियों द्वारा फेंके जाते हैं. ऐसी घटनाओं के दौरान ज्यादातर सुरक्षा कर्मियों को चेहरे, गर्दन या पैरों में मारा जाता है.

**i UPDATE**



फुल बॉडी प्रोटेक्टर पहनकर खड़ी पुलिस.



नमाज अदा कर बाहर निकलते लोग.

### अब दौड़ाकर पकड़ लेंगे पत्थरबाज

एडीजी अखिल कुमार की पहल पर गोरखपुर जोन के 11 जिलों में पत्थरबाजों से निपटने के लिए स्पेशल पुलिस टीम बनाई गई है. पहले पुलिस को हंगामा होने पर आंसू गैस छोड़ना पड़ता और खुद भी पत्थरबाजी कर पत्थरबाजों को पीछे धकेलना पड़ता था, जिसमें बहुत से पुलिस कर्मी घायल भी हो जाते थे. अब पुलिस पत्थरबाजी के बीच जाकर पत्थरबाजों को पकड़कर सबक सीखा सकेगी.

### बॉडी प्रोटेक्टर की खूबी

बॉडी प्रोटेक्टर में छाती के लिए प्रोटेक्टर्स, कंधे के लिए पैड, ऊपरी भुजा गार्ड, कोहनी और अग्रदूत गार्ड, ग्रोइन और शिन गार्ड होंगे. इस पूरे प्रोटेक्टर का वजन करीब 6 किग्रा है.

### हर जिले में बनाई गई स्पेशल टीम

यूपी के हर जिले में दंगों और पत्थरबाजी करने वाले उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है, जिन्हें ट्रेंड कर बॉडी प्रोटेक्टर इक्विपमेंट दिया गया है.

### गोरखपुर जोन के 470 पुलिसकर्मी बॉडी प्रोटेक्टर से लैस

| | |
|---|---|
| देवरिया | 38 |
| कुशीनगर | 38 |
| गोरखपुर | 50 |
| महराजगंज | 38 |
| बस्ती | 68 |
| संतकबीरनगर | 38 |
| सिद्धार्थनगर | 38 |
| गोंडा | 38 |
| बहराइच | 48 |
| बलरामपुर | 38 |
| श्रावस्ती | 38 |



"पत्थरबाजों से निपटने के लिए स्पेशल पुलिस टीम बनाई गई है, जिन्हें सुरक्षा के लिए फुल बॉडी प्रोटेक्टर प्रोवाइड कराया गया है. शुक्रवार को जोन के सभी 11 जिलों में स्पेशल पुलिस टीम सुरक्षा कवच पहनकर ड्यूटी करने पहुंची. पत्थरबाजी का फुल बॉडी प्रोटेक्टर पर कोई असर नहीं होगा.

**अखिल कुमार,**
एडीजी जोन

# अग्निपथ को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



प्रदर्शन करने वालों को समझाती पुलिस.

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (24 June): संयुक्त वामदल और किसान संगठनों ने नगर निगम पार्क में अग्निपथ स्कीम को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. इसके साथ ही पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करने, युवाओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार का वादा पूरा करने की मांग की. इसमें शामिल नेताओं ने कहा कि सरकार सेना को निजी हाथों में सौंपने की दिशा में आगे बढ़ रही है. साथ ही कहा कि सरकार के मंत्री इस योजना का लाभ गिनाकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं. धरने में राजेश साहनी, शिवनंदन यादव, सुरेश राम, राणा सिंह, अश्वनि शुक्ला, हरिद्विवा प्रसाद आदि मौजूद रहे.

# पुलिस लाइन में 220 पेशेंट्स का आई टेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 June):** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन में ई-रिक्शा ड्राइवर्स व ट्रैफिक पुलिस के लिए फ्री नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया. कार्यक्रम संयोजक डॉ. वाई. सिंह ने बताया कि 220 पेशेंट्स की जांच हुई, इसमें 25 की आंखें कमजोर मिलीं. उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी गई है. ज्यादातर पेशेंट्स में एलर्जी की दिक्कत पाई गई. अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर शाही ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस व ई-रिक्शा ड्राइवर्स को अपनी आंखों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए. इनका स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है. इसीलिए शिविर आयोजित किया गया है. शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. वाई सिंह के साथ संगम आई हास्पिटल, मित्तल आई हास्पिटल एवं बाबा विश्वनाथ पशुपतिनाथ चैरिटेबल आई सेंटर के डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ ने आंखों की जांच की. इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह, ट्रैफिक पुलिस व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.

शुक्रवार को बड़हलगंज में हत्या के मामले से मची सनसनी
शूटर की तरह व्यापारी पर बरसाई गोलियां

# कारोबारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

gorakhpur@inext.co.in

**BADHALGANJ (24 June):** बड़हलगंज में शुक्रवार को एक सब्जी व्यापारी के सीने में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई. हत्या की कोई वजह तो अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन जिस अंदाज में हत्या की घटना को बदमाशों ने दिनदहाड़े अंदाज दिया है, इससे ये जरूर अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे कोई शूटर से कम नहीं थे. घटना से नाराज लोगों ने व्यापारी की बॉडी पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिए थे. उनकी मांग थी कि मौके पर डीएम आएं और जल्द आरोपियों को अरेस्ट करने का आश्वासन दें. किसी तरह पुलिस ने उन्हें समझाकर बॉडी अपने कब्जे ली.




## रास्ते में रोककर मारी गोली

पुलिस के अनुसार बड़हलगंज के निवासी 54 वर्षीय राजेंद्र दुबे सब्जी बेचने का काम करते थे. शुक्रवार सुबह वह बड़हलगंज मंडी गए थे. मंडी से सब्जी खरीकर वह मोपेड से घर जा रहे थे. तभी रास्ते में पार्वती संस्थान के पास कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और सीने में गोली मार दी. गोली उनके सीने के आर पार हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है कि उन्हें गोली क्यों मारी गई है और किसने मारी है.

## कहीं 1996 का विवाद तो नहीं मौत का कारण?

मृतक राजेन्द्र के तीन बच्चे हैं. जिसमें बड़ी बेटी पूजा की शादी हो चुकी है. जबकि छोटी बेटी 12 वर्षीय रेनू, इकलौता बेटा 10 वर्षीय प्रियांशु है. व्यापारी की पत्नी की भी बहुत पहले मौत हो चुकी है. ग्रामीणों के अनुसार चार पांच दिन पूर्व गांव में ही कुछ लोगों से राजेंद्र का रास्ते को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें थाने में समझौता हो गया था. उसके बाद से ही तनाव चल रहा था. 1996 मे जमीनी विवाद को लेकर कल्यानपुर के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में मृतक राजेंद्र नामजद आरोपी थे. उसमे जेल भी गए थे. पुलिस सीसीटीवी भी खंगाल रही है. पुलिस जमीनी विवाद सहित अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है.

## दो से तीन राउंड किए फायर

बड़हलगंज एरिया के लोगों के अनुसार बदमाश तीन की संख्या में थे. उन्होंने दो से तीन राउंड फायर किया. जिसमें से एक गोली राजेंद्र के सीने में लगी. पुलिस के अनुसार उनके हाथ में भी चोट के निशान हैं. संभावना जताई जा रही है कि बचने के प्रयास में हाथ में भी गोली लग गई होगी. हालांकि, मौके से पुलिस ने एक खोखा कारतूस बरामद किया है. इंस्पेक्टर मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि सीने में गोली मारकर हत्या की गई है. जांच की जा रही है. जल्द ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.



**"पुलिस को सूचना मिली कि बड़हलगंज में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी. परिजनों से बात गई है, उनसे मुकदमा दर्ज कराया जाएगा.**

**डॉ. विपिन ताडा,**
एसएसपी गोरखपुर

# पड़ोसी के घर में की चोरी, गिरफ्तार

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के परसौना निवासी जितेंद्र साहनी के घर में बुधवार की रात में लाखों रुपये के जेवरात व 10 हजार रुपये नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। छानबीन के दौरान शुक्रवार की लगभग 12 दोपहर बजे बरगदहीं शिव मंदिर के समीप से चोरी के मुख्य आरोपी गुलशन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# थाने में पड़ी 14 लावारिस बाइक की हुई नीलामी

सहजनवा। गीडा थाने में वर्षो से लावारिस पड़ी वाहनों का एसएसपी के निर्देश पर नीलामी हुई। शुक्रवार को तहसीलदार केशव प्रसाद व प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह की देखरेख में 14 बाइकों की नीलामी की गई। इससे 29 हजार 950 रुपये राजस्व लाभ हूआ। ।



शुक्रवार को हजरत मुबारक खां शहीद मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते नमाजी । •हिन्दुस्तान

# शांतिपूर्ण अदा हुई जुमे की नमाज

## कड़े इंतजाम

- आक्रोश देखते हुए जिले में धारा 144 लागू है
- जामा मस्जिद उर्दू बाजार में नमाज अदा की गई

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। नूपुर शर्मा, नवीन जिंदल व यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ मुसलमानों में आक्रोश देखते हुए जिले में धारा 144 लागू है। इन सबके बीच जिले में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। संवेदनशीलता को देखते सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे।

दोपहर करीब डेढ़ बजे जामा मस्जिद उर्दू बाजार में नमाज अदा की गई। साथ ही, अन्य मस्जिदों में भी शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। मस्जिदों के इमाम ने जुमा की तकरीर में पैगंबर-ए इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान बयान कर अमन का पैगाम दिया।

गौसिया जामा मस्जिद छोटे काजीपुर के इमाम मौलाना मोहम्मद अहमद निजामी ने कहा कि पैगंबर-ए इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इंसानियत को सच्चे रास्ते पर चलने की तालीम दी।

अल्लाह के महबूब पैगंबर ने दुनिया को अमन और शांति का रास्ता दिया है। हम दुनिया में अमन चाहते हैं तो पैगंबर-ए इस्लाम का रास्ता अपनाना होगा। अमन के लिए भाईचारा और एक को दूसरों के हक को पहचानना बहुत जरूरी है। मरकजी मदीना जामा मस्जिद रेती चौक के इमाम मुफ्ती मेराज अहमद कादरी ने जुमा की तकरीर की।

सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार के इमाम हाफिज रहमत अली निजामी और जामा मस्जिद सुब्हानिया तकिया कवलदह के इमाम मौलाना जहांगीर अहमद अजीजी ने तकरीर की। चिश्तिया मस्जिद बक्शीपुर के इमाम हाफिज महमूद रज़ा कादरी ने जुमा की तकरीर में कहा कि इल्म के बिना किसी मसले की गहराई और उसका हल नहीं तलाशा जा सकता है। अगर हमें अपनी कौम को उन्नति के मार्ग पर ले जाना है तो इसके लिए जरूरी है कि नई नस्ल को पैगंबर-ए इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम और सहाबा किराम की पाक जिंदगी से अवगत कराया जाए।

## जुमे पर जोन के 11 जिलों में तैनात हुई थी स्पेशल पुलिस

# पत्थरबाजों का सामना करेगी स्पेशल टीम

**तैयारी**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पत्थरबाजों और उपद्रवियों से निपटने के लिए प्रत्येक जिले में 20 से 40 पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। इस टीम को एंटी राइट फुल बॉडी प्रोटेक्टर एक्रूटमेंट से लैस कर दिया गया है। इसे पहनने के बाद टीम में शामिल पुलिसकर्मी पत्थरों से बचाव करते हुए पत्थरबाजों का आसानी से मुकाबला कर सकेंगे। शुक्रवार को इस टीम को तैनात भी किया गया था।

दरअसल, पत्थरबाजी की घटना होने पर पुलिसवालों को बचने के लिए न सिर्फ खुद छिपना पड़ता है बल्कि कई बार पत्थरबाजी से जवाब भी देना पड़ता है। इसकी जब तस्वीर सामने आती है तो यह तय नहीं हो पाता कि असल में पत्थरबाजी की शुरुआत किधर से हुई थी क्योंकि दोनों तरफ से लोग पत्थर फेंकते हुए कैमरों में कैद होते हैं।

अब पुलिस को पत्थर के जवाब में पथराव न करना पड़े इसके लिए गोरखपुर जोन के 11 जिलों में स्पेशल टीम की यह व्यवस्था इस जुमे की नमाज से ही लागू कर दी गई। हर जिले में 20 से 40 युवा पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर उन्हें इस एक्रूटमेंट से लैस कर चौकसी के लिए लगाया गया। इस टीम ने जुमे की नमाज को सकुशल निपटाने के लिए पैदल मार्च भी किया।



शुक्रवार को घण्टाघर में गश्त करती पुलिस की स्पेशल टीम। • हिन्दुस्तान

### गोरखपुर जोन के 470 पुलिसकर्मी हुए लैस

गोरखपुर जोन के 11 जिलों के 470 पुलिसकर्मी इस एक्रूटमेंट से लैस हुए हैं। इसमें देवरिया के 38, कुशीनगर 38, गोरखपुर 50, महराजगंज में 38, बस्ती में 68, संतकबीरनगर में 38, सिद्धार्थनगर में 38, गोंडा में 38, बहराइच में 48, बलरामपुर 38 और श्रावस्ती में 38 पुलिसकर्मियों की स्पेशल टीम बनाई गई है।

### पत्थरबाजी में एक जगह थम जाती थी पुलिस

पत्थरबाजी होने पर पुलिस एक जगह रुक जाती थी। जवाबी कार्रवाई के लिए किसी चीज की ओट लेनी पड़ती थी। क्योंकि पुलिसकर्मी का शरीर पत्थर से सुरक्षित नहीं रहता था उसके शरीर का आधा हिस्सा प्रोटेक्ट नहीं रहता था। एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि जोन के हर जिले में पुलिसकर्मियों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है।

# पुलिसकर्मियों की आंखों की हुई जांच

गोरखपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन में यातायात व्यवस्था से जुड़े पुलिसकर्मियों और ई-रिक्शा चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. वाई. सिंह ने बताया कि 220 लोगों की जांच हुई, इसमें 25 की आंखें कमजोर मिलीं। इस मौके पर आईएमए अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही मौजूद रहे। शिविर में संगम आई हास्पिटल, मित्तल आई हास्पिटल एवं बाबा विश्वनाथ पशुपतिनाथ चैरिटेबल आई सेंटर के चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ ने आंखों की जांच की।

# एसएसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

गोरखपुर। एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता और अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई, ड्रिल देखकर उसे और बेहतर कराने के लिए एसएसपी ने निर्देश दिया।

# चोरी के रुपये के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। गुलरिहा के परसौना टोला केवटहिया में घर में घुसकर अलमारी से नकदी, मोबाइल फोन व आभूषण



चोर समेट ले गए थे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपित गुलशन को चोरी के रुपये के साथ 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गुलरिहा परसौना गांव निवासी गुलशन को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## चौरीचौरा उपद्रव में एक और गिरफ्तार

चौरीचौरा। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के चौरी खास निवासी सुमित कुमार वर्मा को झंगहा पुलिस ने शुक्रवार को चौरीचौरा थाने के पीछे रेलवे के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

आरोपित चौरीचौरा क्षेत्र के भोपा बाजार में आगजनी, तोड़फोड़ और उपद्रव करने के आरोप में वांछित अभियुक्त था। बीते 25 अप्रैल को सैनिक के शव को लेकर उपद्रव की घटना हुई थी। जिस घटना में सुमित कुमार वर्मा को पुलिस ने तस्दीक किया था। घटना में पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था।

## ट्रेन में गेट पर बात करने वालों का मोबाइल छीन लेते थे बदमाश

- **जीआरपी ने 33 मोबाइल फोन के साथ हिस्ट्रीशीटर को दबोचा**
- **वारदात में शामिल रहे तीन अन्य बदमाशों की चल रही तलाश**
- **झारखंड के साइबर अपराधी व नेपाल के बदमाश खरीदते हैं मोबाइल**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : चलती ट्रेन में गेट पर खड़े होकर बात करने वाले यात्रियों के हाथ पर डंडे से हमला कर बदमाश मोबाइल छीन लेते थे। सर्विलांस की मदद से छानबीन में जुटी गोरखपुर जीआरपी ने तिवारीपुर के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर को चोरी के 33 मोबाइल फोन के साथ शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। वारदात में शामिल उसके तीन अन्य साथियों की तलाश चल रही है।



एसपी रेलवे डा. अवधेश सिंह ने शुक्रवार को जीआरपी थाने में प्रेस वार्ता कर बताया कि शुक्रवार की सुबह जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र श्रीवास्तव फोर्स के साथ प्लेटफार्म नंबर नौ पर गश्त कर रहे थे। पश्चिमी छोर पर बैग लेकर खड़ा युवक फोर्स को देख भागने लगा। संदेह होने पर जीआरपी थाना प्रभारी ने टीम के साथ घेराबंदी कर आरोपित को दबोच लिया। बैग की तलाशी लेने पर 33 मोबाइल फोन मिले। आरोपित की पहचान तिवारीपुर, सूर्यकुंड के डोमखाना निवासी विक्की गौड़ के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि अपने साथी राहुल, राजा व विकास के साथ मिलकर ट्रेन में गेट पर खड़े होकर मोबाइल पर बात करने वाले यात्रियों के हाथ पर डंडे से हमला कर मोबाइल गिरा देते हैं। उसे झारखंड के साइबर अपराधी व नेपाल के बदमाश चार से पांच हजार रुपये में खरीदते हैं। एसपी रेलवे ने बताया कि विक्की के अन्य साथियों की तलाश चल रही है।

## दवा लेने गई छात्रा लापता अपहरण का मुकदमा

**जासं. गोरखपुर** : घर से दवा लेने निकली छात्रा लापता है। खोजबीन के बाद पता न चलने पर मां ने अनहोनी की आशंका जताते हुए गुलरिहा थाना में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी तहरीर में महिला ने लिखा है कि उनकी 16 वर्षीय बेटी हाईस्कूल में पढ़ती है। बुधवार की शाम दवा लेने के लिए घर से निकली। तबसे उसका पता नहीं चल रहा। दो दिन तक रिश्तेदारों व परिचितों के यहां ढूंढा लेकिन उन्होंने जानकारी होने से इन्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा थाना उमेश बाजपेई ने बताया कि सर्विलांस की मदद से छात्रा के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# कलेक्ट्रेट में रहेगा डीएम, एडीएम व सिटी मजिस्ट्रेट का न्यायालय

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नागरिकों की सहूलियत के लिए डीएम, एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट कलेक्ट्रेट परिसर में ही रहेंगे। एनआइसी भवन में कोर्ट की जगह ज्यादा पसंद आयी है।

स्थान की तलाश के लिए शुक्रवार को डीएम कृष्णा करुणेश ने एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता और अन्य अफसरों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। तीन मंजिला एनआइसी भवन का भी अफसरों ने निरीक्षण किया। यह जगह अफसरों को कोर्ट के लिए मुफीद मिली है।

**तोड़ा जा रहा है भवन:** कलेक्ट्रेट का 117 साल पुराना भवन वर्तमान में तोड़ा जा रहा है। यहां से डीएम, एडीएम व अन्य प्रशासनिक अफसरों का कार्यालय रेलवे बस स्टेशन के पास पर्यटन विभाग के भवन में शिफ्ट हो गया है। कलेक्ट्रेट में तीन साल में बहुमंजिला एकीकृत कार्यालय भवन बन जाएगा।

## आज से आनलाइन मिलेगा चिड़ियाघर का टिकट

**जासं, गोरखपुर :** चिड़ियाघर का टिकट शनिवार से आनलाइन भी मिल सकेगा। चिड़ियाघर के निदेशक डा.एच राजा मोहन ने बताया कि लोग www.gorakhpurzoo.org पर जाकर आनलाइन टिकट भी ले सकते हैं। प्रबंधन की तरफ से पांच टिकट खरीदकर इसका ट्रायल भी हो चुका है। वीजा व मास्टर कार्ड से टिकट लेने में कुछ दिक्कत आ रही है।

# 220 ई-रिक्शा चालकों का पुलिस लाइन में हुआ नेत्र परीक्षण


**जासं, गोरखपुर** : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन में ई-रिक्शा चालकों व यातायात पुलिस के लिए निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. वाई. सिंह ने बताया कि 220 रोगियों की जांच हुई, इसमें 25 की आंखें कमजोर मिलीं। उन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी गई है।

अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही ने कहा कि यातायात पुलिस व ई-रिक्शा चालकों को अपनी आंखों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इनका स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, इसीलिए शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. वाई सिंह के साथ संगम आई हास्पिटल, मित्तल आई हास्पिटल एवं बाबा विश्वनाथ पशुपतिनाथ चैरिटेबल आई सेंटर के चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ ने आंखों की जांच की। एसपी ट्रैफिक डा. एमपी सिंह, यातायात पुलिस व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उम्र अधिक बता जेल से छूट गया टाप-10 रहा बदमाश !

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बस्ती जेल में बंद जिले का टाप-10 रहा बदमाश जालसाजी करके छूट गया है। गोपनीय शिकायत के बाद जिले की पुलिस व एलआइयू ने छानबीन शुरू कर दी है। महकमे में इस बात को लेकर हड़कंप है कि यह कैसे हो गया।

जिला कारागार में निरुद्ध रहे टाप-10 बदमाश के गुटबाजी करने पर जेल प्रशासन ने उसे दूसरी जेल में शिफ्ट करने की सिफारिश शासन से की थी। शासन के निर्देश पर उसे बस्ती जेल में शिफ्ट कर दिया गया। वहां पर भी उसकी गतिविधि संदिग्ध रही। एक सप्ताह पहले गोरखपुर पुलिस को एक गोपनीय शिकायत मिली कि जिले के टाप 10 की सूची में शामिल बदमाश मई के दूसरे सप्ताह में जेल से छूट गया है। उम्र अधिक होने का हवाला देकर उसने अनुकंपा पर रिहा करने की अर्जी दी थी। इसी आधार पर वह छूटा है। मामला संज्ञान में आते ही सक्रिय हुई जिले की पुलिस व एलआइयू ने छानबीन शुरू कर दी है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि गोपनीय शिकायत की जांच कराई जा रही है। बदमाश ने जालसाजी की है या नहीं, जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।



- **गोपनीय शिकायत पर जिले की पुलिस ने शुरू की जांच**
- **प्रशासनिक आधार पर गोरखपुर जेल से हुआ था तबादला**

## टाप-10 में होने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

पांच साल तक जिले की टाप-10 की सूची में नाम रहने के बाद भी बदमाश व उसके साथियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक आधार पर उसे गोरखपुर से दूसरी जेल भेज दिया गया। बदमाश के जेल से बाहर आने की खबर मिलने के बाद उसके निशाने पर रहे लोग भयभीत हैं।

# बड़हलगंज में सब्जी विक्रेता की गोली मारकर हत्या

## सुबह बाजार से सब्जी लेने गए थे राजेंद्र, रास्ते को लेकर चार दिन पूर्व हुआ था कुछ लोगों से विवाद

**जासं, बड़हलगंज** : मंडी से सब्जी लेकर लौट रहे व्यापारी राजेंद्र दुबे की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मुहालजलकर खैरवा गांव के पास शुक्रवार सुबह सवा नौ बजे हुई।

शनिचरा गांव के रहने वाले राजेंद्र गांव में ही सब्जी की दुकान लगाते थे। रोजाना की भांति वह सुबह पांच बजे बड़हलगंज मंडी में सब्जी लेने गए थे। करीब सवा नौ बजे वह घर लौट रहे थे। मुहालजलकर खैरवा गांव के पास बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उनके सीने में लगकर आर-पार हो गई। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हत्या के बाद कछार क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की तीन संतानें हैं। इसमें बड़ी बेटी पूजा की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बेटी रेनू 12 वर्ष की है। इकलौता पुत्र प्रियांशु अभी 10 वर्ष का है। मृतक की पत्नी की भी बहुत पहले मौत हो चुकी है। पत्नी की मौत के बाद राजेंद्र सब्जी बेचकर परिवार की जीविका चलाते थे। ग्रामीणों के अनुसार चार पांच दिन पूर्व गांव में ही कुछ लोगों से राजेंद्र का रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। इसमें बाद में थाने में समझौता हो गया। उसके बाद से ही तनाव चल रहा था। हालांकि पुलिस ने स्वजन की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।



घटना को लेकर नाराज ग्रामीणों को समझाने में जुटी पुलिस • जागरण



राजेंद्र का पुत्र प्रियांशु व पुत्री रेनू • जागरण

### कहीं पुरानी रंजिश तो नहीं हत्या का कारण



राजेंद्र दुबे • फाइल फोटो

वर्ष 1986 में धान काटने के विवाद में कल्यानपुर के रामदेव यादव की हत्या हो गई थी। इसमें हरिनाथ यादव निवासी कल्यानपुर की तहरीर पर रामविलास दुबे, बच्चन दुबे, लक्ष्मी दुबे, राजेंद्र दुबे निवासीगण शनिचरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। राजेंद्र इसमें जेल गए थे। लोग आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि राजेंद्र कहीं इसी दुश्मनी का शिकार तो नहीं हो गया।

### दाने-दाने को मोहताज हो गए बच्चे

राजेंद्र दुबे की मौत के बाद उनका पुत्र प्रियांशु व पुत्री रेनू दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। उनके सिर से मां का साया पहले ही छिन चुका था। शुक्रवार को बदमाशों ने राजेंद्र की भी हत्या कर दी। राजेंद्र की मौत के बाद अब बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं रह गया है। लोगों को चिंता सता रही कि अब उनके घर का चूल्हा कैसे जलेगा? राजेंद्र बहुत ही गरीब थे। जैसे तैसे सब्जी बेचकर बच्चों का पालन-पोषण करते थे। गरीबी के कारण बच्चों की पढ़ाई भी नहीं हो पाई है।

**आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने शव रोका** : घटना के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने शव ले जाने से रोक दिया। इससे प्रशासन के हाथ पांव फूलने लगे। ग्रामीणों की मांग थी कि आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी व बच्चों की परवरिश की व्यवस्था की जाए। मौके पर पहुंचे सीओ जगत नारायन कन्नौजिया ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि टीम लगा दी गई है। जल्द ही गिरफ्तारी हो जाएगी। बच्चों के लिए अधिकारियों से बात करूंगा। इसके बाद स्वजन व ग्रामीण मान गए और पुलिस पोस्टमार्टम के लिए मृतक का शव ले गई।

**कहीं बाहरी तो नहीं थे बदमाश** : घटना के बाद एसपी दक्षिणी एके सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। उनके नेतृत्व में पुलिस के साथ ही एसओजी की टीम लगाई गई है। पुलिस के मुताबिक बदमाश मधुपुर चौराहे की तरफ से लाल रंग की बिना नंबर की दो बाइक से आए थे। घटना के बाद वह रामजानकी मार्ग की तरफ से फरार हो गए। उनकी संख्या पांच थी। सभी ने अपना मुंह बांध रखा था।

# पड़ोसी के घर में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

भटहट : पड़ोसी के घर में चोरी करने के आरोपित युवक को गुलरिहा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। वारदात में शामिल दो अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है। पकड़े गए आरोपित को दोपहर में जेल भेज दिया गया। परसौना गांव निवासी जितेंद्र साहनी के घर में बुधवार को चोरी हो गई थी। आलमारी तोड़कर चोर 10 हजार रुपये व गहने उठा ले गए थे। छानबीन में पता चला कि पड़ोस में रहने वाले गुलशन ने चोरी की है। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आठ हजार रुपये बरामद किए। चौकी प्रभारी भटहट ज्योति नारायण निवारी ने बताया कि आरोपित ने चुराए गए गहने अपने साथियों को दे दिए, जिसे लेकर वह हैदराबाद चले गए हैं।



शुक्रवार की नमाज को देखते हुए घंटाघर में गश्त करते अधिकारी ● जागरण

# उपद्रवियों से निपटेगी पुलिस की टीम स्पेशल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुरः** उपद्रवियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की स्पेशल टीम बनाई गई है। एंटी रायट फुल बाडी प्रोटेक्टर से लैस टीम किसी भी घटना के बाद पथराव व तोड़फोड़ करने वालों पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। शुक्रवार को जुमे की नमाज के समय जोन के सभी जिलों में स्पेशल टीम ने अधिकारियों के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया। गोरखपुर में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने टीम के साथ कोतवाली व राजघाट क्षेत्र में पैदल गश्त की। किसी घटना के बाद पथराव व तोड़फोड़ शुरू होने पर पुलिस को उपद्रवियों पर त्वरित कार्रवाई करने में कठिनाई होती है। विशेष टीम का गठन होने के बाद अब त्वरित कार्रवाई होगी। एटी रायट फुल बाडी प्रोटेक्टर से लैस टीम तुरंत ही पत्थरबाजों को दबोच लेगी। गोरखपुर जोन के 11 जिलों में यह व्यवस्था शुरू की गई है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के समय स्पेशल टीम ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि हर जिले में विशेष टीम गठित कर दी गई है। जिले के अधिकारी संवेदनशील मौके पर टीम का उपयोग करेंगे।

**जोन के 470 पुलिसकर्मी हुए लैस:** गोरखपुर जोन के 11 जिलों के 470 पुलिसकर्मी एंटी रायट फुल प्रोटेक्टर से लैस हुए हैं, जिसमें गोरखपुर में 50, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज में 38-38, बस्ती में 68, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा में 38-38, बहराइच में 48, बलरामपुर 38 और श्रावस्ती में 38 पुलिसकर्मियों की स्पेशल टीम बनाई गई है।

## मुस्तैद रही पुलिस, सकुशल संपन्न हुई नमाज

जुमे की नमाज को लेकर जिले की पुलिस शुक्रवार को हाई अलर्ट पर रही। अधिकारियों के साथ ही सभी थाना व चौकी प्रभारी सुबह से ही अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। धर्मगुरुओं व दुकानदारों से बातचीत कर सहयोग की अपील करने के साथ ही उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# पत्थरबाजों से निपटेगी जिला पुलिस की विशेष टीम

## विशेष टीम एंटी रायट फुल बॉडी प्रोटेक्टर इक्विपमेंट से हुई लैस, चारों तरफ से होंगे सुरक्षित

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हुए पत्थरबाजी और उपद्रव को देखते हुए जिले में विशेष पुलिस टीम गठित कर दी गई है। टीम में जिले के हिसाब से 20 से 40 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। सभी को एंटी रायट फुल बॉडी प्रोटेक्टर इक्विपमेंट से लैस किया गया है। इस इक्विपमेंट को पहनने के बाद टीम में शामिल पुलिसकर्मी पूरी तरह से चारों तरफ से पत्थरों से बचाव के लिए सुरक्षित हो जाएंगे।

जानकारी के मुताबिक, पत्थरबाजी होने पर वहां पर रुककर कार्रवाई करना कठिन होता है। आमतौर पुलिस पहले पीछे हट जाती है और फिर जैसे-तैसे भीड़ पर काबू पाती है। इसे देखते हुए ही विशेष टीम को इस तरह से तैयार किया गया है कि वह पत्थरबाजी के बीच पत्थरबाजों को दौड़ाकर पकड़ सके।

### जुमे की नमाज के दिन सड़कों पर नजर आई टीम, संवेदनशील तारीखों पर रहेगी सतर्क

गोरखपुर जोन (गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन मंडल) के 11 जिलों में यह व्यवस्था शुक्रवार की जुमे की नमाज से ही लागू कर दी गई। यहां के हर जिले में 20 से 40 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई है, जो इस इक्विपमेंट से लैस हो गई है। यह टीम शुक्रवार को जुमे की नमाज सकुशल निपटाने के लिए तैनात भी रही और पैदल मार्च भी की। एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि हर जिले में विशेष टीम गठित कर दी गई है। संवेदनशील तारीखों पर यह टीम सक्रिय रहेगी।



एंटी रायट बॉडी प्रोटेक्टर से लैस टीम ने बक्शीपुर चौक से पैदल मार्च किया। संवाद

### जोन के 470 पुलिसकर्मी हुए लैस

**गोरखपुर** जोन के 11 जिलों के 470 पुलिसकर्मी इस इक्विपमेंट से लैस हुए हैं। इसमें देवरिया के 38, कुशीनगर 38, गोरखपुर 50, महराजगंज में 38, बस्ती में 68, संतकबीरनगर में 38, सिद्धार्थनगर में 38, गोंडा में 38, बहराइच में 48, बलरामपुर 38 और श्रावस्ती में 38 पुलिसकर्मियों की स्पेशल टीम बनाई गई है। जिन्हें यह फुल बॉडी प्रोटेक्टर दिया गया है।

# चौरीचौरा उपद्रव में एक और गिरफ्तार

चौरीचौरा। झंगहा के जवान को शहीद का दर्जा दिलाने के बहाने भौंपा बाजार में आगजनी, तोड़फोड़ करने के एक और आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान चौरी निवासी सुमित कुमार वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

जानकारी के मुताबिक, झंगहा निवासी धनंजय यादव की मौत के बाद शहीद का दर्जा दिलाने को लेकर जुलूस निकाला गया था। इस दौरान भौंपा बाजार में भीड़ उग्र हो गई और जमकर बवाल किया गया था।

तोड़फोड़ आगजनी का केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा था। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। ब्यूरो

# ट्रेनों में चोरी करने के छह आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

## जीआरपी ने प्लेटफार्म नंबर एक से पकड़ा, एक मोबाइल फोन व 95 हजार नकदी बरामद

गोरखपुर। ट्रेनों में चोरी करने के छह आरोपियों को जीआरपी ने शुक्रवार सुबह प्लेटफार्म नंबर एक से गिरफ्तार कर लिया। चोरों के पास से एक मोबाइल फोन और चोरी के सामान को बेचकर मिले 95 हजार रुपये बरामद किए गए। पकड़े गए बदमाश ट्रेनों में फेरी लगाकर सामान बेचते हैं। मौका मिलते ही बैग खोलकर सामान चुरा लेते हैं। गोरखपुर में इस गिरोह ने दो वारदातें की हैं।

आरोपियों की पहचान हापुड़ जिले के सिंमभावली थानाक्षेत्र स्थित बक्सर निवासी मोमीन, औरंगाबाद निवासी इमरान, इरफान, धौलाना थानाक्षेत्र के देहरा निवासी गुलबहार, गाजियाबाद के मसूरी थानाक्षेत्र स्थित निडोरी निवासी साजिद और मेरठ जिले के खरखोदा थानाक्षेत्र स्थित घासीपुर निवासी शाहिद के रूप में हुई। एसपी रेलवे डॉ. अवधेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि फरवरी व मई में ट्रेनों में यात्रियों का सामान व मोबाइल फोन चोरी हुआ था। जीआरपी थाना में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। सर्विलांस की मदद से थाना प्रभारी ने छानबीन की तो पता चला कि गाजियाबाद, हापुड़ व मेरठ के रहने वाले गिरोह ने वारदात की है। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया।

# घूस लेने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। घूस लेने के आरोप में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रवीण कुमार सिंह ने देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के बेलवा बाजार निवासी आरोपित सत्यप्रकाश की अग्रिम जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता संदीप कुमार द्वारा नए विद्युत संयोजन प्राप्त करने के लिए 25 मई 2022 को ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के बाद संयोजन शुल्क के दृष्टिगत पूछताछ के संदर्भ में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अमहिया के संबंधित अवर अभियंता रघुवीर से संपर्क किया। अवर अभियंता द्वारा निविदाकर्मी सत्यप्रकाश से संपर्क करने के लिए निर्देशित किया। निविदाकर्मी द्वारा शिकायतकर्ता से 27 सौ रुपया रिश्वत ली गई जिसके आठ दिन बाद लाइनमैन द्वारा शिकायतकर्ता से संयोजन जोड़ने के लिए संपर्क किया गया और पुनः पांच सौ रुपया घूस की मांग की गई। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की तब मथुरा लाइनमैन द्वारा दो सौ रुपया रिश्वत लेकर शिकायतकर्ता की लाइन जोड़ी गई।

# ट्वीट कर मांगी मदद, एसएसपी के पीआरओ ने किया रक्तदान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस को ट्वीट कर एक शख्स ने खून की जरूरत बताते हुए मदद मांगी। ट्वीट देखते ही पुलिस ने पहले सत्यापन किया कि असल में जरूरत है या नहीं और पुष्टि होने के साथ ही एसएसपी के पीआरओ उप निरीक्षक विवेक मिश्रा ने रक्तदान किया। पीड़ित ने गोरखपुर पुलिस की सराहना की।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को गोरखपुर पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। पुलिस को ट्वीट कर एक शख्स ने खून की मदद मांगी। यह संदेश देखते ही मीडिया सेल में नियुक्त महिला आरक्षी अंकिता सिंह और आरक्षी पुनीत चौरसिया, जोन कार्यालय में नियुक्त आरक्षी मुकेश सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर केस का सत्यापन किया। इसके लिए गोरखपुर पुलिस सहित रक्तवीर युवा क्लब टीम सक्रिय हुई।



रक्तदान करते एसएसपी के पीआरओ विवेक मिश्रा। अमर उजाला

जरूरतमंद की पुष्टि के बाद एसएसपी के पीआरओ विवेक मिश्रा ने स्वयं रक्तदान करने की इच्छा जताई और लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड सेंटर बेतियाहाता पहुंचकर उन्होंने रक्तदान किया। पीड़ित के परिजनों को चार यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध कराया गया।

# 33 मोबाइल फोन के साथ हिस्ट्रीशीटर पकड़ा गया

**गोरखपुर।** जीआरपी ने लूट के 33 मोबाइल फोन के साथ हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने तीन साथियों का नाम भी बताया है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है।

आरोपी चलती ट्रेन के गेट पर खड़े होकर बात करने वालों पर डंडा से प्रहार कर मोबाइल फोन गिरा लेते थे और फिर लेकर फरार हो जाते थे। आरोपी की पहचान तिवारीपुर के सूर्यकुंड निवासी विक्की गौड़ के रूप में हुई। एसपी रेलवे डॉ. अवधेश सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर नौ से आरोपी को पकड़ा है। उसके बैग की तलाशी लेने पर 33 मोबाइल फोन मिले।

**चलती ट्रेन में बात करने के दौरान मोबाइल फोन छीन लेता है गिरोह**

पूछताछ में उसने बताया कि अपने साथी राहुल, राजा व विकास के साथ मिलकर ट्रेन में गेट पर खड़े होकर मोबाइल फोन पर बात करने वाले यात्रियों के हाथ पर डंडा से हमला कर मोबाइल गिरा देते हैं। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि0-25-6-22

## खामपार का टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

**भाटपाररानी(एसएनबी)।** शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में खामपार पुलिस ने बड़ी सफलता हाशिल करते हुए थानाक्षेत्र के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल कैलाश यादव पुत्र भृगुराशन यादव को जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के घरमखोर दुबे गांव निवासी कैलाश यादव के खिलाफ थाना में दर्ज अपराधों व मुकदमों के आधार पर वांछित अपराधियों की श्रेणी में शामिल किया गया है। पुलिस टीम ने दविश डालकर कैलाश को उसके घर से दबोच लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वृजेश कुमार मिश्र, एसआई विजय प्रताप सिंह, सौरभ सिंह, राजीव कुमार, संजय सिंह शामिल रहें।

राष्ट्रीय सहारा दि0-25-6-22

## हत्यारोपी गिरफ्तार, गया जेल

**तरकुलवा (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फरेन्दहा गांव के एक ईंट भट्ठे के समीप सड़क के किनारे मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने ईंट भट्ठा मालिक मुंशी समेत दो अज्ञात के खिलाफ हत्या और साक्ष्य विलोपन का मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से एक अभियुक्त को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के फरेन्दहा गांव के दक्षिण स्थित एक ईंट भट्ठे के पश्चिम महज सौ कदम की दूरी पर सड़क के किनारे बीते शुक्रवार को एक शव मिला था। जिसकी शिनाख्त थाना क्षेत्र के पथरदेवा गांव निवासी प्रमोद शर्मा(45)पुत्र रामवृक्ष शर्मा के रूप में हुई। शव के शरीर, हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे आदित्य शर्मा की तहरीर पर ईंट भट्ठा मालिक शैलेष द्विवेदी पुत्र अज्ञात और मुंशी राजू पटेल पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम सिधावें थाना तरकुलवा जिला देवरिया सहित दो अन्य अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 302 व 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से शुक्रवार को तरकुलवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिधावे गांव निवासी फिरोज पुत्र खलील को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि0-25-6-22

# धारदार हथियार से हमला कर किया लहुलूहान

**भाटपाररानी(एसएनबी)**। स्थानीन थाना क्षेत्र के बेलपार पड़ित गांव में दो बांसफोर परिवार आपस में किसी विवाद को लेकर हमलावर हो गये। जिसमें दिनेश बांसफोर को गांव के ही चन्दन पुत्र नत्थू प्रसाद ने धारदार हथियार से हमला कर लहुलूहान कर दिया। जिन्हें घायलावस्था में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचाया गया जहां इलाज चल रहा था। स्थानीय पुलिस ने पीडित दिनेश प्रसाद के पुत्र राहुल की तहरीर पर चन्दन पुत्र नत्थू प्रसाद के खिलाफ आईपीसी की धारा 326, 352,504,506 के तहत अभियोग पंजीकृत कर मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। बताया जाता है कि घटना 23 जून की देर रात की है। इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह बताया कि उक्त अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-25-6-22

# बाइक सवार बदमाशों ने एमआर से ₹ 78 हजार लूटा

देवरिया (एसएनबी)। कुशीनगर से देवरिया वापस लौट रहे एक कंपनी के एमआर से अज्ञात बदमाशों ने बृहस्पतिवार की रात 8.20 बजे के करीब तरकुलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंडेरा बाबू गांव के समीप कलेक्शन का ₹ 78678 लूट लिया और फरार हो गए। बदमाशों के धक्का देने से सड़क पर गिरकर अचेत हुए एमआर को जब होश आया तो उन्होंने घटना की सूचना तरकुलवा पुलिस को दी। मालूम हो कि गोरखपुर जनपद के थाना बड़हलगंज के ग्राम सीधे गौर के मूल निवासी तेजपुंज त्रिपाठी पुत्र शशि भूषण त्रिपाठी देवरिया शहर के उमानगर मोहल्ले में रहकर टैलेंट इंडिया दवा कम्पनी के लिए एम आर का कार्य करते हैं। बतौर पीड़ित वह बृहस्पतिवार यानी 23 जून 2022 को प्रातः 9.30 बजे अपनी बाइक से काम के सिलसिले में कुशीनगर गए। इस दौरान वहां वह कई डाक्टरों से मिले तथा दो मेडिकल स्टोर से ₹ 78678 कलेक्शन का प्राप्त किया। रुपए को बैग में रखकर वह उसी रात 7.45 बजे के करीब कसया से देवरिया के लिए चले। वह रुपयों से भरा बैग अपनी बाइक की टंकी पर रखे हुए थे। बैग में रुपए के अतिरिक्त उनका आधार कार्ड, निर्वाचन कार्ड, पैन कार्ड, बैंक एटीएम, अन्य जरूरी कागजात एवं दवाएं भी थीं। रात में करीब 8.20 बजे जब वह कसया- देवरिया मार्ग पर तरकुलवा थाना अंतर्गत मुंडेरा बाबू गांव के समीप पहुंचे तो पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश ओवरटेक कर उनकी बाइक के बगल में आ गए। बदमाशों ने उन्हें गाली गुप्ता और जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे रुपयों से भरा बैग छीनने लगे। जब एमआर ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उन्हें बाइक समेत धकेल दिया और बैग लेकर फरार हो गए।

हिन्दुस्तान दि० 25-6-22

# जिला पंचायत सदस्य की जमानत अर्जी खारिज

देवरिया। दुष्कर्म के आरोपी जिला पंचायत सदस्य की जमानत अर्जी को फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय की अदालत ने खारिज कर दिया। पिछले दिनों एक युवती की तहरीर पर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य के विरुद्ध रेप का केस दर्ज किया था। अपर शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र निषाद के अनुसार गौरीबाजार क्षेत्र के बर्दगोनिया गांव के रहने वाले सुनील निषाद जिला पंचायत सदस्य है।

हिन्दुस्तान दि० 25-6-22

# एंटी रोमियो टीम ने चलाया अभियान

देवरिया। मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को थानों में गठित पुलिस एण्टी रोमियो टीम ने सार्वजिनक स्थल, बाजार, चौराहों पर चेकिंग किया। जहां पर टीम के सदस्यों ने महिलाओं, बालिकाओं को चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरुक किया। टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर युवकों से पूछताछ की गई।

हिन्दुस्तान दि० 25-6-22

# तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सलेमपुर। एक तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि गिरोह बंद अधिनियम में वांछित तस्कर चन्दू कुमार यादव पुत्र रामविलास यादव निवासी ग्राम सोनाली टोला टड़वा थाना भलुअनी को मुखबीर की सूचना पर सोनूघाट चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

# चोरी के सात मोबाइल संग पांच चोर दबोचे

हिन्दुस्तान दि०-25-6-22

देवरिया। शहर में मोबाइल चुराने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को सदर कोतवाली पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की सात मोबाइल को बरामद किया। पुलिस ने चोरी के मामले में दर्ज मुकदमा में पांचो का चालान कर दिया।

सदर कोतवाली में दरोगा अंकित अवस्थी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम के साथ बीआरडी पीजी कॉलेज के समीप घेराबंदी कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चोरों ने अपना नाम अशोक कुमार तिवारी पुत्र स्व. शिवकुमार तिवारी निवासी काशीराम आवास थाना सदर कोतवाली, सचिन निवासी करौदी बरियारपुर, प्रमोद यादव निवासी भीखमपुर रोड धनौती कला थाना सदर कोतवाली, शुभम निवासी रेलवे मालगोदाम रोड निकट शिव मंदिर गरुणपार थाना सदर कोतवाली व शुभम राजभर निवासी भटवलिया थाना सदर कोतवाली बताया।

हिन्दुस्तान दि० - 25-6-22

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

तरकुलवा। ईंट भट्ठे के समीप सड़क के किनारे एक सप्ताह पूर्व शाम को एक युवक मिला था। पुलिस ने युवक के हत्या के मामले में ईंट भट्ठा मालिक, मुंशी समेत दो अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तरकुलवा क्षेत्र के पथरदेवा गांव के रहने वाले प्रमोद शर्मा (45) पुत्र रामवृक्ष शर्मा का शव एक सप्ताह पूर्व फरेन्दहा गांव के दक्षिण एक ईट भट्ठा के समीप मिला था। तरकुलवा पुलिस ने हत्या में शामिल फिरोज पुत्र खालिद निवासी सिधावें को गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दुस्तान दि०-25-6-22

# युवक की शिकायत पर थानेदार निलंबित

देवरिया। शिक्षिका के साथ स्कूल में मारपीट और विवाद के मामले में कार्रवाई करने में लापरवाही पर एसपी ने बरियारपुर के थानेदार को निलंबित कर दिया। इस मामले की शिकायत शिक्षिका के पति ने एसपी से की थी। एसओजी में तैनात दरोगा गोपाल प्रसाद को थानेदार बनाया गया है। थानेदार की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

बरियारपुर क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षिका के साथ उसी गांव के एक युवक ने स्कूल में पहुंच कर मारपीट किया था। यही नहीं उसने शिक्षिका की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना कर वायरल कर दिया था। शिक्षिका ने इसकी जानकारी मर्चेंट नेवी में कार्यरत अपने पति को दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी का सिर्फ शांतिभंग में चालान किया।

दैनिक जागरण दि0-25-6-22

# अभिलेखों के रखरखाव की ली जानकारी

जागरण संवाददाता, सलेमपुरः एसपी संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। इस दौरान खलबली मची रही।

एसपी दोपहर बाद कोतवाली में पहुंचे। उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। साथ ही दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा भोजनालय में बन रहे खाने का निरीक्षण किया। आरक्षी बैरक के बारे में जानकारी ली। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया। साथ ही कर्तव्य और दायित्वों के प्रति ईमानदार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर उपस्थित महिला सिपाही से प्राप्त शिकायती पत्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। महिला हेल्प डेस्क के कार्यों के प्रति उचित दिशा निर्देश दिया।



सलेमपुर कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • जागरण

दैनिक जागरण दि० 25-6-22

# जुमे की नमाज को देखते हुए क्यूआरटी व पीएसी रही मुश्तैद



शहर के अबूबकर मोहल्ले में अमन गेट के पास तैनात क्यूआरटी • जागरण

**जासं, देवरिया:** जनपद में जुमा की नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जनपद में आठ जगहों पर क्यूआरटी (क्विक रेस्पांश टीम) तैनात की गई थी। इसके अलावा पीएसी व पुलिस तैनात रही। शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई।

जिला प्रशासन ने जनपद में 126 अति संवेदनशील व संवेदनशील जगहों पर जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के इंतजाम किए थे। सुबह आठ बजे से ही पुलिसकर्मी व पीएसी के जवान तैनाती स्थल पर पहुंच गए। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज व एएसपी डा.राजेश सोनकर नजर बनाए गए थे। दोनों अधिकारियों ने जानकारी ली। शहर के भीतर अबूबकर नगर में अमन गेट के पास, तहसील चौक, बसियवां, मस्जिद, न्यू कालोनी मस्जिद, लकड़ी हट्टा मस्जिद के पास समेत दस से अधिक स्थानों पर नमाज के दौरान जोनल मजिस्ट्रेट एसडीएम सौरभ सिंह व सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ जायजा लिया। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया कि जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के इंतजाम थे।

**भाटपाररानी:** शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सर्किल पुलिस मस्जिदों के इर्द-गिर्द मुस्तैद रही। वही नायब तहसीलदार करण सिंह, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल भी भ्रमण करते रहे।

दैनिक जागरण दि० -25-6-22

# मजदूर की हत्या में फरार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, तरकुलवा**: फरनहा ईंट भट्ठे पर हुई मजदूर की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

तरकुलवा के पथरदेवा के रहने वाले प्रमोद शर्मा की 17 जून को फरनहा स्थित ईंट-भट्टे के समीप हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक के बेटे आदित्य शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने भेलीपट्टी के रहने वाला शैलेश द्विवेदी व अन्य के विरुद्ध हत्या व साजिश का मुकदमा दर्ज किया। शुक्रवार को सिधावे का रहने वाला फिरोज को पुलिस ने हत्या के मामले में गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह नें बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपित जिपं सदस्य को नहीं मिली जमानत

दैनिक जागरण 25-6-22

**विधि संवाददाता, देवरिया:** युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपित जिला पंचायत सदस्य की अग्रिम जमानत की याचिका शुक्रवार को विशेष जज पाक्सो तृतीय की अदालत ने खारिज कर दिया।

अपर शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हरेंद्र निषाद ने बताया कि गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया के रहने वाला सुनील निषाद जो वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है, सात जून की रात 11 बजे बगल के गांव की एक युवती के घर पहुंचा और कहा कि चलो तुमको आवास दिलाते हैं, इसके बाद युवती को लेकर गया और गांव के पास मैदान में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद एक दूसरे युवक के साथ युवती को उसके घर भेज दिया। गौरीबाजार थाना पुलिस ने इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। अग्रिम जमानत की याचिका पर सुनवाई के बाद पाक्सो जज तृतीय अजय कुमार की अदालत ने जिला पंचायत सदस्य की याचिका को खारिज कर दिया।

दैनिक जागरण दि० 25-6-22

# कपड़े की दुकान में हेराफेरी करते पकड़ी गईं तीन युवतियां

**जासं, कपरवार:** कपरवार तिराहे पर शुक्रवार को एक रेडीमेड दुकानदार को झांसा देकर पैंट-शर्ट और साड़ी लेकर जा रही तीन युवतियों को दुकानदार ने ही पकड़ लिया। हालांकि पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी ने तीनों से पूछताछ के बाद छोड़ दिया। कपरवार के रहने वाले नीरज वर्मा की तिराहे पर रेडीमेड की दुकान है। दुकान पर तीन युवतियां आई और कपड़े देखने लगी। इसी दौरान दो पैंट, दो शर्ट और एक साड़ी अपने बैग में रख ली। उसके बाद पास के दुकानदार राजन साहनी की दुकान पर पहुंची और वहां भी कपड़े दिखाने की बात करने लगी। 15 दिन पूर्व राजन साहनी की दुकान से युवतियां एक साड़ी खरीदारी के बहाने गायब कर दी थी। शक होने पर नीरज वर्मा से कपड़ों को मिलाया तो वह सन्न रह गए। आटो में बैठीं युवतियों को दुकानदार पकड़ कर पुलिस चौकी पर लेकर आए। तलाशी के दौरान उनके बैग से कपड़े मिले। दुकानदारों के कहने पर पुलिस पूछताछ कर तीनों युवतियों को घर भेज दी।

दैनिक जागरण दि० 25-6-22

# चोरी के सात मोबाइल के साथ पांच चोर गिरफ्तार

**जासं, देवरिया:** सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी के सात मोबाइल के साथ पांच चोरों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। यह सभी चोर साइबर सेल की मदद से पकड़े गए। पुलिस ने इनके विरुद्ध गुरुवार को चोरी का मुकदमा दर्ज किया था।

शहर के मालवीय रोड के रहने वाले पेंट व्यवसायी अभिनव सिंह की करीब 83 हजार रुपये कीमत का मोबाइल चोर 26 अप्रैल को दुकान से चुरा ले गया। सीसी कैमरे में चोरी का दृश्य कैद हो गया था। साइबर सेल की जांच में पता चला कि चोर अशोक कुमार मोबाइल का लाक तोड़कर प्रयोग कर रहा है। मोबाइल के आइएमईआइ नंबर के जरिये पता चला कि वह मोबाइल में अलग अलग कंपनियों का सिम प्रयोग कर रहा है। उसके पकड़े जाने के बाद उसने चार अन्य साथियों के नाम बताए, जो मोबाइल चोरी के धंधे में लिप्त थे। पुलिस ने बीआरडीपीजी कालेज के पास से काशीराम आवास में रहने वाले मोबाइल चोर अशोक कुमार पुत्र स्व. शिवकुमार, सचिन पटवा पुत्र स्व.दुर्गा पटवा करौंदी थाना बरियारपुर, प्रमोद यादव पुत्र अंबिका यादव भीखमपुर रोड धनौती कला, शुभम पटवा पुत्र राकेश कुमार पटवा रेलवे मालगोदाम रोड निकट शिव मंदिर गरुलपार, शुभम राजभर पुत्र स्व. शंभू राजभर भटवलिया को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी की सात मोबाइल बरामद किया। जो अलग-अलग स्थानों से चुराए गए थे।



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपित • सौजन्य पुलिस

प्रभारी निरीक्षक अनुज सिंह ने बताया कि चोरी के सात मोबाइल के साथ पांच चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

दैनिक जागरण दि-25-6-22

# मोबाइल काल डिटेल से खुलेगा रहमान की हत्या का राज

- पढ़ने में होनहार थे रहमान, इसी वर्ष प्रथम श्रेणी पास किया था हाईस्कूल
- दोस्तों से पूछताछ कर रही पुलिस, गायब मोबाइल की हो रही तलाश

जागरण संवाददाता, लार, देवरिया : लार कस्बे के रहने वाले किशोर रहमान हत्या का राज उनके मोबाइल के काल डिटेल से खुल सकता है। इसको लेकर पुलिस काम कर रही है।

वह होनहार थे। ओकेएम इंटर कालेज से इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ प्रथम श्रेणी से पास की थी। उनके पास दो मोबाइल फोन थे, जो घटना के बाद से गायब है। पुलिस की निगाह मोबाइल टिकी हुई है। पिता सलीम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। रहमान के दोस्तों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

रहमान दो भाइयों में छोटे थे। परिवार में बड़े भाई अरमान, पिता सलीम व मां माहे तिलत हैं। पिता सलीम गांधी मार्केट में किराना की दुकान चलाते हैं। लार वार्ड के युसुफ रोड पर भी उनका मकान है, जिसमें कई किरायेदार रहते हैं। मृतक रहमान के पास दो मोबाइल था। दूसरे मोबाइल में उसके दोस्त जुड़े थे।



घटनास्थल पर जांच करते सलेमपुर क्षेत्राधिकारी विनय यादव • जागरण

एसओजी उसके दोस्तों की कुंडली खंगाल रही है। एसपी संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर पुलिस ने कस्बा के कई दुकानों के बाहर लगे सीसी फुटेज को खंगाला है। कौसड़-चौमुखा मोड़ के निकट खेत में उनका शव मिला, जहां खून पसरा था। पुलिस इसे ही घटनास्थल मानकर चल रही है। मईल थाना क्षेत्र के पिपरा बांध पुल से थोड़ी आगे बाइक मिली है। पुलिस दोनों स्थानों को लेकर घटना की गुत्थी सुलझाने में लगी है। जिस बेरहमी से किशोर रहमान का गला व अंगुलियों को काटा गया है, उससे लगता है कि मृतक के प्रति बदमाशों में गुस्सा था। दूसरी तरफ पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर शराब की खाली शीशियां मिली हैं। सीओ विनय यादव व प्रभारी निरीक्षक लार नवीन कुमार सिंह ने घटनास्थल की जांच की।

**हत्या के विरोध में बंद रहीं कुछ दुकानें :** रहमान की हत्या की खबर कस्बे जैसे मिली कि लोग घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। कुछ युवा कस्बे में दुकानें बंद कराने लगे। जिसके बाद कुछ दुकानें बंद रहीं। इस दौरान पुलिस को सख्ती रही। जिसकी वजह से दुकान बंद कराने वाले निकल गए।

**आपराधिक गतिविधियों के लिए बदनाम है क्षेत्र :** लार थाना क्षेत्र के जिस रोड पर किशोर का शव मिला है। वह क्षेत्र अस्मतों, छिनैती व अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए पहले से ही बदनाम रहा है। सुताव्कर पेट्रोल पंप से खेमादेई मोड़ तक रामजानकी मार्ग पर कई घटनाएं अब तक हो चुकी हैं। रहमान की हत्या की वजह और हत्यारों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## सीसी कैमरे में पेट्रोल भरवाने की तस्वीर कैद

छात्र रहमान बाइक लेकर रात में दुकान से निकले। उन्होंने लार बिजली घर तिराहे पर स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाया। सीसी कैमरे में पेट्रोल भरवाने का दृश्य है। पुलिस को अंदेशा है कि खेत में ही घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए।

दैनिक जागरण दि० 25-6-22

# गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जासं, सलेमपुर:** दो वर्ष से फरार चल रहा गैंगस्टर को शुक्रवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने सोनूघाट के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनाड़ी का रहने वाला चंदू यादव के विरुद्ध हरियाणा निर्मित शराब की तस्करी का मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की, जिसकी विवेचना सलेमपुर कोतवाली पुलिस कर रही थी।

दो वर्ष से फरार गैंगस्टर के सोनूघाट चौराहे पर होने की सूचना मुखबिर के माध्यम से कोतवाल नवीन मिश्रा को मिली तो वह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और संबंधित स्थान से गिरफ्तार कर लिया। यह भलुअनी थाने का टापटेन अपराधी भी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित चंदू यादव • सौजन्य पुलिस



अमर उजाला दि० 25-6-22

# खुद को कमजोर न समझें, पुलिस की मदद लें

## जीएम एकेडमी स्कूल में पुलिस की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। नगर के जीएम एकेडमी स्कूल में पुलिस की ओर से कार्यक्रम हुआ। शिक्षक की भूमिका में कोतवाली की उप निरीक्षक मंजू कुमारी ने कहा कि अत्याचार के खिलाफ छात्राएं व महिलाएं खुद को अकेला महसूस न करें। हेल्प लाइन नंबर 1090 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। इसमें उनकी पहचान उजागर नहीं की जाती है। इसके अलावा 181, 1076 की डायल सेवा भी उनके मदद के लिए बेहतर विकल्प है।

उन्होंने कहा कि पहले लड़कियां घर से निकलने में झिझक महसूस होती थी, लेकिन अब समय बदला है। पुलिस उनकी सुरक्षा में हर पल तत्पर रहती है। प्रीति सिंह ने कहा कि सोशल साइट्स पर फेक आईडी से अश्लील मैसेज, फोटो वायरल करने के साथ ही ऑनलाइन हैकिंग जैसे अपराध से सचेत रहने की जरूरत है।

वंदना मिश्रा ने कहा कि छात्राओं को इंटरनेट से अच्छी जानकारियां व अपने विषय से संबंधित जानकारी हासिल करनी चाहिए। **उप निरीक्षक ने दिए सिविल सेवा के टिप्स :** उप निरीक्षक मंजू ने कहा कि कक्षा दस के बाद से ही सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दें। सभी विषयों पर कमांड रखें। सामान्य ज्ञान, सामाजिक ज्ञान हासिल करें और आगे बढ़ें।

### फ्रॉड कॉल और मैसेज से बचने की दी नसीहत

बरहज। स्थानीय थाना परिसर में साइबर क्राइम के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें फ्रॉड कॉल, मैसेज आदि से लोगों को बचने के लिए जागरूक किया गया। प्रशिक्षकों का कहना था कि एंड्रॉयड मोबाइल चलाने वाले ज्यादातर महिला-पुरुष ठगी का शिकार हो रहे हैं। महिला आरक्षी और प्रशिक्षिका अलका त्रिपाठी ने बताया कि जालसाजों की ओर से मोबाइल फोन पर इनाम जीतने, पेंशन, आवास, लॉटरी लगने आदि का प्रलोभन दिया जाता है। संवाद

अमर उजाला दि0-25-6-22

# चोरी के मोबाइल फोन के साथ पांच गिरफ्तार

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी के सात मोबाइल फोन के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उप निरीक्षक अंकित अवस्थी ने बृहस्पतिवार की रात बीआरडी पीजी कॉलेज के पास से पांच संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। उनके पास से सात मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि मोबाइल चोरी के हैं। आरोपियों की पहचान अशोक कुमार निवासी काशीराम आवास, सचिन पटवा निवासी बरियारपुर, प्रमोद यादव निवासी भीखमपुर रोड धनौती कला, शुभम पटवा निवासी रेल मालगोदाम रोड निकट शिव मंदिर गरूणपार और शुभम राजभर निवासी भटवलिया के रूप में हुई है। संवाद

अमर उजाला दि० 25-6-22

# पूर्व प्रधान समेत छह लोगों पर मारपीट व बलवा का केस

**देवरिया।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के मांगा कोड़र गांव में खलिहान की पैमाइश के दौरान पूर्व प्रधान और प्रधान के पति के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत छह लोगों पर मारपीट और बलवा का केस दर्ज किया है। एक शख्स पर पहले ही दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज है।

प्रधान के पति अमित यादव ने पुलिस को तहरीर दी कि 22 जून को तहसील प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में खलिहान की मापी हो रही थी। राजनीतिक द्वेषवश पूर्व प्रधान ने प्रशासन के सामने समर्थकों के साथ आए और उनकी जमकर पिटाई की। पुलिस ने प्रधान के पति की तहरीर पर पूर्व प्रधान प्रदीप यादव, धीरज, अनिल यादव, जन्मेजंय यादव, रामबदन और संदीप पर मारपीट और बलवा का अभियोग पंजीकृत किया है। आरोपियों में अनिल यादव पर गांव की पाना देवी की तहरीर पर एक माह पहले मारपीट और दलित उत्पीड़न का केस दर्ज है। पाना देवी ने आरोपी पर धमकी देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आरोपी मनबढ़ और गोलबंद किस्म का है। कई वारदात करने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मौन साध ली है। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। इस बाबत सीओ जिलाजीत ने कहा कि मामले की विवेचना हो रही है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। संवाद

अमर उजाला दि०-25-6-22

# दुष्कर्म के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

देवरिया। युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी जिला पंचायत सदस्य की अग्रिम जमानत अर्जी अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय ने शुक्रवार को खारिज कर दी।

अपर शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र निषाद के अनुसार, गौरी बाजार थाना क्षेत्र के एक जिला पंचायत सदस्य सात जून की रात बगल के गांव की एक युवती को आवास दिलाने के नाम पर अपने वाहन में बैठाकर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। युवती के परिजन ने गौरी बाजार थाना में जाकर मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार को सुनवाई के बाद अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय अजय कुमार की अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। संवाद

अमर उजाला दि० 25-6-22

# बर्खास्त 15 शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कराने के आदेश

## फर्जी दस्तावेज पर जिले के परिषदीय स्कूलों में पा गए थे तैनाती, जांच के बाद सेवा से बाहर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। कूटरचित, फर्जी एवं अनियमित शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर जिले के विभिन्न विकास खंडों के परिषदीय स्कूलों में तैनात रहे 15 फर्जी शिक्षकों पर मुकदमे का रास्ता साफ हो गया है। शासन की ओर से दबाव बढ़ने पर बीएसए ने इन शिक्षकों पर केस दर्ज कराने के लिए संबंधित शिक्षा क्षेत्रों के खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया जा चुका है। जल्द ही इन सभी के खिलाफ विधिक कार्यवाही होने की उम्मीद है।

विकास खंड रुद्रपुर, बरहज, बैतालपुर, भाटपाररानी, भलुअनी, रामपुर कारखाना, सलेमपुर, देसही देवरिया, देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं नगर क्षेत्र देवरिया के बीईओ को 17 जून को ही इस संबंध में आदेश जारी हो चुका है। हालांकि अभी तक कहीं भी केस दर्ज नहीं कराया गया है। बीएसए संतोष कुमार राय ने शुक्रवार को बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ एवं शिक्षा निदेशक बेसिक की ओर से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई थी।

कूटरचित, फर्जी एवं अनियमित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जनपद के विभिन्न परिषदीय स्कूलों में नियुक्त रहे 15 शिक्षकों की जांचोपरांत सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। इनके विरुद्ध संबंधित थाने में सुसंगत धारा अंतर्गत प्राथमिक दर्ज कराने के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के लिए पत्र जारी किया गया है।

**इन फर्जी शिक्षकों पर होनी है विधिक कार्रवाई :** लल्लन यादव प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर शिक्षा क्षेत्र रुद्रपुर, चंद्रभूषण यादव, प्राथमिक विद्यालय समोगर बरहज, ऋषिकेश कुमार प्राथमिक विद्यालय खपड़हवा बैतालपुर, रणजीत कुमार यादव प्राथमिक विद्यालय जावाडीह भाटपाररानी, नथुनी प्रसाद भारती प्राथमिक विद्यालय जमुनाछापर भलुअनी, सोमेश्वर कुमार मिश्र प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बरईपुर लाला रामपुर कारखाना, अनुराग कुमार मिश्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरठा बाबू सलेमपुर, रामभरोसे प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय मल्हना सलेमपुर, वीणा रानी उच्च प्राथमिक विद्यालय धनौती राय सलेमपुर, बृंदा लाल गौतम प्राथमिक विद्यालय मठ भगवान देसही देवरिया, रितेश कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय नंद टोला देसही देवरिया, रामानुज मिश्र कंपोजिट विद्यालय नगउर देवरिया सदर, रीता यादव प्राथमिक विद्यालय अगया शैल पूर्व माध्यमिक विद्यालय भटवलिया नगर क्षेत्र देवरिया बसुंधरा यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेखुई विकास खंड गौरीबाजार शामिल हैं।

### तीन दिन में करनी थी कार्रवाई, बीईओ पड़े सुस्त

17 जून को निकले आदेश के संबंध में तीन दिनों में कार्यवाही कर बेसिक कार्यालय को इसकी रिपोर्ट भी देनी थी। हालांकि सात दिन बीतने के बाद भी अभी तक जिले के किसी भी बीईओ ने संबंधित थाने में तहरीर नहीं दी है। इसे लेकर उनकी मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। देवरिया सदर के बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराने के लिए संबंधित शिक्षक के संबंध में सारे कागजात जुटाए जा रहे हैं, एक से दो दिन में कोतवाली सदर में वह तहरीर दे देंगे।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए परेड जरूरी

**अहिरौली बाजार।** एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को अहिरौली बाजार थाने के पुलिसकर्मियों को परेड और व्यायाम कराया गया। इस दौरान उन्हें हर रोज परेड और दौड़ लगाने की नसीहत दी गई। एसओ पंकज गुप्ता ने कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड जरूरी है। सेवा काल में अनुशासित रहकर फरियादियों से मृदुभाषी व्यवहार करें।

# 1.270 किग्रा अवैध गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**कसया।** थानाक्षेत्र में साढ़ी खुर्द के पास पुल के निकट पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध गांजा के साथ पकड़ा। अभियुक्त के पास से 1 किलो 270 ग्राम गांजा मिला। जिसका मूल्य 10 हजार रुपये बताया जा रहा है। मुखबीर से सूचना मिली कि साढ़ी खुर्द के पास एक युवक खड़ा होकर कहीं जाने की फिराक में साधन की तलाश कर रहा है। पुलिस ने तलाशी ली तो गांजा बरामद हुआ।

# प्रभारी निरीक्षक ने की व्यापारियों के साथ बैठक

**हाटा।** नगर स्थित राम-जानकी मंदिर के परिसर में शुक्रवार को कोतवाल आरके सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से सहयोग करने की अपील की। कोतवाल आरके सिंह ने व्यापारियों के साथ शह की विभिन्न समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत की।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कोतवाली पडरौना की पुलिस ने शुक्रवार को धोखधड़ी व जालसाजी के मामले में वांछित  अभियुक्त राजेश गुप्ता उर्फ राजेश पुत्र गुलाब गुप्ता निवासी रधिया देवरिया थाना हाटा को स्पोर्ट्स स्टेडियम रविन्द्रनगर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में दरोगा संदीप सिंह व सिपाही अरविन्द कुमार शामिल रहे।

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**कुशीनगर।** तरयासुजान पुलिस ने ग्राम झड़वा से अभियुक्त वसीम सिद्दकी निवासी झड़वा थाना तरया सुजान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा वएक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंसपेक्टर कपिलदेव चौधरी, दरोगा राजकुमार बरवार, सिपाही अमित यादव व अश्वनी कुमार शामिल रहे।

# अपहरण के दो आरोपी दबोचे गए

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर अपहरण के मामले में वांछित सोनू चौधरी निवासी चखनी पूरन छपरा व इसी गांव के विशाल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय व उनकी टीम शामिल रही।

# तीन लिफ्टर गिरफ्तार, पांच बाइकें बरामद

- वाहन की पहचान छिपाने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट लगाते थे
- फर्जी पेपर तैयार कर नेपाल में ले जाकर बेचते थे बाइक

तमकुहीराज, **हिन्दुस्तान** संवाद। तरयासुजान पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोरी गैंग का पर्दाफाश करते हुए चोरी की पांच बाइकों को बरामद किया है। पुलिस टीम ने मौके से अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में भी सफलता पाई है।

शुक्रवार को सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा की अगुवाई में तरयासुजान पुलिस ने हरिहरपुर में फोरलेन किनारे एक स्थान पर रखे गए चोरी की पांच बाइक को बरामद करने में सफलता हासिल की। वाहन चोरों ने बताया कि बाइक की पहचान छिपाने के लिए फर्जी रजिस्ट्रेशन नम्बर का नम्बर प्लेट लगाकर इंजन व चेचिस नम्बर को घीस देते हैं ताकि वह असानी से पहचान में न आ सके। उसके बाद फर्जी पेपर तैयार कर नेपाल में बेच देते थे। एसओ कपिलदेव चौधरी ने बताया कि चोरी के दो पहिया वाहन के साथ अंतरराज्यीय वाहन चोर शिवम कुमार दुबे पुत्र राकेश दूबे निवासी सिपाया दुबे टोला थाना विशम्भरपुर जनपद गोपालगंज बिहार, रंजित तिवारी पुत्र मिथिलेश तिवारी निवासी तहसील गेट तमकुहीराज थाना तरयासुजान व गोविन्द गुप्ता पुत्र रामाकान्त गुप्ता निवासी हरिहरपुर थाना तरयासुजान कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# दो वारंटी गिरफ्तार

कुशीनगर। बरवापट्‌टी पुलिस ने शुक्रवार को दो वारंटी अनिल निवासी चौबेया पटखौली थाना बरवापट्‌टी व रवीन्द्र निवासी चौबेया पटखौली लाला टोला को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा ओमप्रकाश गुप्ता, हेका बाबूलाल यादव, सिपाही रामकिशुन, सूर्यदीप व महिला सिपाही रश्मि यादव शामिल रहे।

## शांतिपूर्ण हुई जुमे की नमाज, पुलिस ने एंटी राइट गन व प्रोटेक्टर संग किया मार्च

# कड़ी सुरक्षा में अदा की नमाज

**चौकसी**

- नमाज को लेकर जिले में सतर्क रही पुलिस
- सौहार्द बनाए रखने की एसपी ने की अपील

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण माहौल में हुई। जुमे की नमाज को लेकर जिले भर की पुलिस काफी सतर्क रही। नमाज के दौरान जिले में कोई अप्रिय घटना घटित न हो व जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बना रहे इस उद्देश्य से एन्टी राइट उपकरणों के साथ पुलिस टीम ने जनपद के बिभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च कर सभी से शांति व सौहार्द बनाये रखने की अपील किया।

एसपी धवल जायसवाल ने खुद पडरौना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त करके स्थिति का जायजा लिया। वहीं, पिछले दो दिनों से जिले में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर कुशीनगर जनपद के सभी थानों की पुलिस हाइ एलर्ट मोड पर रही। जिले में कही कोई अप्रिय घटना न घटित हो इसके लिए खुद एसपी धवल जायसवाल ने खुद कमान संभाल रखा था।

वही जनपद के पडरौना, तमकुहीराज, सेवरही, फाजिलनगर, कसया, हाटा, सलेमगढ़, कप्तानगंज, रामकोला सहित जनपद के थानाक्षेत्रों के प्रमुख कस्बा व बाजारों में सर्किल प्रभारियों व थानाध्यक्षो की अगुवाई में मुकामी पुलिस व पीएससी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। पैदल गश्त के दौरान जिले की पुलिस टीम दंगा निरोधी उपकरणों जैसे एन्टी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रुगैस के गोले, ग्रेनेड, हेलमेट, वॉडी प्रोटेक्टर, कैन्शील्ड, हैण्ड गार्ड, लेग गार्ड, डंडा आदि को लेकर आदि लेकर रिहर्सल कर रही थी। जुमे की नमाज के मद्देनजर जनपद के सभी थानों की पुलिस हर वर्ग व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील करने के साथ ही पुलिस टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी कराई गयी।


जुमे की नमाज को लेकर एसपी ने फोर्स के साथ पडरौना में पैदल गश्त किया।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि सभी थानाध्यक्षो को यह स्पष्ट निर्देश दे दिया गया है कि भड़काऊ पोस्ट, वीडियो व बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है।



धरना को संबोधित करते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू।

# हत्या के खुलासे को कांग्रेस का धरना

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर कोठी में पिछले छह जून की रात एक आभूषण कारीगर का गला रेत कर हुये हत्या का खुलासा दो सप्ताह बाद भी नहीं होने से नाराज कांग्रेस नेता मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का चल रहा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन शुक्रवार को जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि प्रदेश सरकार में न्याय की उम्मीद करना बेइमानी है।

# नौकरी के नाम पर छह लाख की ठगी

हाटा। स्थानीय कोतवाली के गांव पकड़ीदास निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर बीते वर्ष 2020 में हुए लेखपाल भर्ती में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये लेकर ठगी का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को पकड़ीदास निवासी मुन्ना जायसवाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव का ही एक युवक बीते वर्ष-2020 में हुए लेखपाल भर्ती में नौकरी दिलाने की बात कही। जिस पर उसके झांसे में आकर गांव के संभ्रात व्यक्तियों के समक्ष युवक के खाते में कई किस्तों में 5 लाख 80 हजार रुपये स्थानान्तरण कर दिया और 50 हजार रुपये नगद दिया।

# पहले लूट कर कमाया अब हाथ आ रही कंगाली

प्रद्युम्न कुमार शुक्ल ● पडरौना

- कुशीनगर में 10 गैंगस्टरों की छह करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त
- अभियान चलाकर पुलिस ने गैंगस्टरों की तोड़ी कमर, फैली दहशत

शराब माफिया, पशु तस्कर तथा शातिर बदमाशों की संपत्ति जब्त किए जाने से माफियाओं में खलबली मची है। अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर कुशीनगर पुलिस अभियान चलाकर अपराधियों की कमर तोड़ रही है।

बीते डेढ़ माह में 10 गैंगस्टरों की छह करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस की सख्ती से लूट कर कमाई किए माफिया अब कंगाल हो गए हैं।

अपराध के जरिये संपत्ति अर्जित करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार चल रही है। इसमें शराब माफिया, पशु तस्कर, खनन माफिया तथा अपराधी शामिल हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट दर्ज कर पुलिस ने इनकी संपत्ति का ब्यौरा एकत्रित किया और अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी। अनुमति मिलते ही इनकी संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

> अपराध से अवैध संपत्ति अर्जित करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 10 गैंगस्टरों की संपति जब्त करने की कार्रवाई की गई है। जल्दी ही छह और गैंगस्टरों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

बीते छह मई से शुरू इस अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 10 गैंगस्टरों की छह करोड़ 28 लाख तीन हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

वहीं छह गैंगस्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने संबंधी पत्रावली जिलाधिकारी के यहां गई है, वहां से अनुमति मिलने के बाद उनके भी विरुद्ध कार्रवाई कर दी जाएगी।

## इनकी जब्त हुई संपत्ति

- छह मई-शराब माफिया लाल बहादुर निषाद सुबोधिया खुर्द अहिरौली बाजार की चार लाख रुपये मूल्य की भूमि जब्त।
- छह मई-शराब माफिया अक्षयवर चौधरी, बढया बुजुर्ग, टोला लोहरैया कोतवाली हाटा की 60 लाख रुपये की भूमि जब्त।
- 11 मई-टापटेन अपराधी नूर्शेद आलम लक्ष्मीपुर टोला कर्बला कुबेरस्थान, 10 लाख रुपये की पिकअप जब्त।
- 12 मई-टापटेन अपराधी चैतू उर्फ रामचरित्र सोहरौना अहिरौलीबाजार, पांच लाख 63 हजार रुपये की टाटा मैजिक जब्त।
- 17 मई-टापटेन अपराधी सुलेमान अली बसहिया उर्फ कप्तानगंज, 80 हजार रुपये की बाइक जब्त।
- 15 जून-गो-तस्कर शमशुल होदा पिपराकनक, पटहेरवा की 26 लाख रुपये की दो बोलेरो, एक पिकअप जब्त।
- 18 जून-हत्यारोपित गणेश तिवारी खैरटवा रामकोला, 50 हजार रुपये की बाइक जब्त।
- 19 जून-शातिर चोर दिलीप सिंह गड़हिया पाठक तुर्कपट्टी, 60 हजार की बाइक जब्त।
- 23 जून-शराब माफिया अमरनाथ कुशवाहा सेमरा धूसी कसया, चार करोड़ 95 लाख रुपये की मकान, कटरा, दो ट्रैक्टर व बाइक जब्त।
- 23 जून-गो-तस्कर रहमत अली कुरैशी बसहिया बनवीरपुर कोतवाली पडरौना की 30 हजार रुपये मूल्य की बाइक जब्त।

# गांजा के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

**कसया :** कसया पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के साढ़ी खुर्द के पास एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस उसे न्यायालय ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह अपनी टीम के साथ सुबह गश्त पर थे। साढ़ी खुर्द के पास संदिग्ध हाल में दिखा एक युवक खेत के रास्ते भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछाकर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास झोले में गांजा मिली। गांजा की मात्रा एक किलो 270 ग्राम मिली। पूछताछ में उसकी पहचान दारोगा शेख निवासी पतया थाना कसया के रूप में हुई। पुलिस टीम में एसएसआई हरेराम सिंह, दारोगा संतोष कुमार, कां. श्रीकृष्ण पांडेय, शामिल रहे। (जासं)

# जालसाजी का आरोपित गिरफ्तार

**पडरौना :** नगर कोतवाली पुलिस ने जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम के पास से जालसाजी के मामले में वांछित चल रहे युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि जालसाजी के मामले में वांछित युवक स्टेडियम के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने वहां पहुंच आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान राजेश गुप्ता निवासी रधिया देवरिया थाना कोतवाली हाटा के रूप में हुई। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि राजेश जालसाजी के दर्ज मुकदमे में वांछित है। उसे न्यायालय ले जाया जा रहा है। (जासं)

# जुमे की नमाज को लेकर रही कड़ी सुरक्षा

## मस्जिदों के आसपास तैनात रही पुलिस, ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी



पडरौना नगर के कठकुइयां मोड़ पर पैदल मार्च में शामिल बाएं से एसपी धवल जायसवाल व सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह● जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौनाः जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। संवेदनशीलता को देखते हुए मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई। पुलिस ने माहौल शांतिपूर्वक बनाए रखने के लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं से सहयोग मांगा था। इसका असर भी दिखा। दोपहर डेढ़ बजे जामा मस्जिद पर नमाज अदा की गई। साथ ही अन्य मस्जिदों में भी शांतिपूर्वक नमाज अदा हुई।

नगर स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ी गई। वहीं प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। इमाम मुफ्ती रजाउल मुस्तफा बरकाती ने कहा कि नमाज के पश्चात सभी नमाजियों से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। सबने आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। इसी तरह छावनी स्थिति जामा मस्जिद में भी नमाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। भीड़ वाले इलाकों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी गई। एसपी धवल जायसवाल ने नगर में भ्रमण कर जुमे की नमाज को लेकर बरती जा रही चौकसी की जानकारी ली। मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि समाज में शांति बनी रहे इसे लेकर पुलिस चौकन्ना है।

आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए धर्मगुरु आगे आएं। माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह पर ध्यान न दें। ऐसा करने वालों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की नजर है। भड़काउ पोस्ट करने वाले किसी भी दशा में बच नहीं सकेंगे। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। कसया में जामा मस्जिद, पुरानी मस्जिद तथा हाटा में मदनी मस्जिद, रहमानिया मस्जिद, उस्मानिया मस्जिद, जामा मस्जिद पहुंच कर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मुस्लिम धर्मगुरुओं से सहयोग मांगा। एसडीएम वरूण कुमार पांडेय, कोतवाल राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़, बेहतर टर्न आउट के निर्देश

**पडरौना** :एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर शुक्रवार को परेड ग्रांउड का निरीक्षण कर सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने परेड की सलामी ली। मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ लगवाई। बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित उपकरण के साथ सुव्यवस्थित रहने को कहा गया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीओ सदर को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए सीओ ने उनकी दौड़ लगवाई। सीओ ने कहा कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- **पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर दिए निर्देश**
- **रिस्पांस टाइम में लाएं और कमी इसके लिए उठाएं कदम**

परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। सीओ ने डायल 112 का निरीक्षण किया। कहा कि मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखें और उनका सुव्यवस्थित ढंग से रख-रखाव सुनिश्चित करें। रिस्पांस टाइम में और कमी आए, इसे लेकर आवश्यक कदम उठाएं। मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसमें कमी मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस लाइन के अलावा जनपद के सभी थानों में परेड का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान आरआइ रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## परेड के बाद पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़

**अहिरौली बाजार** : पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश अहिरौली बाजार थाना के प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिसकर्मियों की परेड कराई। साथ ही शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ भी लगवाई और अनुशासित रहने का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों से कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए नियमित परेड जरूरी है। सेवाकाल में अनुशासित रहकर फरियादियों से मृदु भाषा में बातचीत करें। आमजन से संवाद स्थापित कर पुलिस की छवि को बेहतर बनाएं। कहा कि घटनाओं की सूचना प्राप्त होने पर गंभीरता पूर्वक छानबीन करें। इससे विवादों को निपटाने में सहूलियत रहेगी।

# वाहन चोरी कर नेपाल बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, तमकुहीराज :** तरयासुजान पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के हरिहरपुर के पास हाईवे पर वाहन चोरी कर नेपाल बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। तीनों की निशानदेही पर चोरी की पांच बाइकें बरामद हुईं। गिरोह के सदस्य शहर-बाजार में भीड़भाड़ वाली जगहों से बाइक चोरी कर उस पर बिहार का फर्जी नंबर प्लेट लगाकर नेपाल में बेचने का कार्य करते थे।

प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी अपनी टीम के साथ सुबह गश्त पर थे। हरिहरपुर के पास हाइवे पर पुलिस का वाहन देख संदिग्ध हाल में दिखे तीन युवक भागने लगे। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने तीनों को दबोच लिया। सख्ती बरतने पर तीनों ने बताया कि वे बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने की ताक में थे। पूछताछ में उनकी पहचान शिवम कुमार दुबे निवासी सिपाया दूबे टोला थाना विशंभरपुर जिला गोपालगंज बिहार, रंजित तिवारी निवासी तमकुहीराज तरयासुजान व गोविंद गुप्ता निवासी हरिहरपुर थाना तरयासुजान के रूप में हुई। तीनों की निशानदेही पर गोविंद गुप्ता के घर से चोरी की पांच बाइकें बरामद हुईं। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे शहर, बाजार में भीड़भाड़ वाली जगहों से बाइक चोरी कर उस पर बिहार का फर्जी नंबर लगाकर नेपाल में बेचने का कार्य करते थे। पुलिस टीम में दारोगा राम सहाय यादव आदि शामिल रहे।

# तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**तम्कुहीराज :** तरयासुजान पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के झड़वा में छापेमारी कर तमंचा के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय ले गई, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी मातहतों संग गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव झड़वा में एक युवक तमंचा लिए मौजूद है। पुलिस तत्काल गांव के लिए रवाना हो गई। गांव के बाहर एक रिहायशी झोपड़ी में छापेमारी कर एक युवक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस मिला। पूछताछ में उसकी पहचान वसीम सिद्दिकी निवासी झड़वा थाना तरयासुजान के रूप में हुई। (जासं)

# सो रही पत्नी व दो बच्चों को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाया

**जासं, कुशीनगर:** कप्तानगंज के फर्द मुंडेरा गांव में पति ने रात में सो रही पत्नी और दो बच्चों पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे तीनों को मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया। वहां उपचार शुरू होने से पहले पत्नी की मृत्यु हो गई, जबकि बेटे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बेटी का उपचार चल रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद पति फरार है। घटना गुरुवार रात की है। दूसरे बेटे ने बिस्तर के नीचे छिपकर जान बचाई। गांव निवासी 45 वर्षीय रामसमुझ का दो दिन पहले पत्नी सुभावती से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि रामसमुझ ने पत्नी और बच्चों को जिंदा जलाने की धमकी दी थी। पड़ोसियों के अनुसार, गुरुवार की शाम को वह नशे में घर लौटा और पत्नी को मारने-पीटने लगा। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराया। सुभावती ने रात में खाना बनाया। पति से खाना खाने को कहा लेकिन उसने मना कर दिया। पति के डर से वह तीनों बच्चों 10 वर्षीय मुस्कान, आठ वर्षीय अंकित और चार वर्षीय अरुण उर्फ अरमान के

### मां व एक बेटे की मृत्यु, बेटी का मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा उपचार

साथ कमरे का फाटक बंद कर सो गई। बिस्तर खिड़की के पास था। रात लगभग 12 बजे रामसमुझ ने खिड़की के रास्ते पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। अरुण बिस्तर के नीचे छिप गया। महिला व बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। एंबुलेंस की मदद से पुलिस तीनों को सीएचसी कप्तानगंज ले गई, जहां से सभी को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। गांव के लोगों के अनुसार, रामसमुझ मजदूरी करता है और शराब पीने को लेकर पत्नी से अक्सर विवाद करता था। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि कमरे के बाहर बोतल और माचिस मिली है। बोतल में क्या रखा गया था, जांच के बाद पता चलेगा। आरोपित पति की तलाश में पुलिस लगी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के पीछे घरेलू विवाद बताया जा रहा है।

# हत्या, लूट व अपराध भाजपा सरकार की पहचान

**कसया:** पटहेरवा थाने के नरायनपुर में हुई स्वर्ण व्यवसायी जयराम वर्मा की हत्या के पर्दाफाश की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से दिया जा रहा धरना दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। धरनारत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि हत्या, लूट व अपराध भाजपा सरकार की पहचान बन गई है। उन्होंने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी होने तक कांग्रेस पार्टी का आंदोलन चलता रहेगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन को प्रदेश व्यापी बनाया जाएगा। अध्यक्षता कर रहे मनोज सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है। ब्लाक अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह ने कहा कि सोमवार को जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। (जासं)

# चार करोड़ 95 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिले में अपराध करके संपत्ति जमा करने वाले गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अवैध शराब कारोबारी की चार करोड़ 95 लाख रुपये कीमत की संपत्ति कुर्क करके प्रशासन ने बड़ा संदेश दिया है।

कसया थाना क्षेत्र के सेमराधुसी निवासी अमरनाथ कुशवाहा के खिलाफ 11 मुकदमे चल रहे हैं। डीएम एस. राजलिंगम के आदेश पर 14(1) गैंगस्टर के तहत इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस की छानबीन में सामने आया अवैध ढंग से शराब का कारोबार करते हुए अमरनाथ ने करोड़ों रुपये की संपत्ति बना ली है। उसके पास गांव में दो पक्के मकान, एक करोड़ रुपये कीमत का बड़ीपुल पर दो मंजिला व्यावसायिक मकान और करीब तीन लाख 95 हजार रुपये का कटरा है। बृहस्पतिवार को पुलिस-प्रशासन की टीम ने कसया एसएचओ सुधीर सिंह की अगुवाई में पूरी संपत्ति को कुर्क कर लिया।

## कसया के गैंगस्टर अमरनाथ कुशवाहा पर दर्ज हैं 11 मुकदमे



सेमराधुसी निवासी अमरनाथ कुशवाहा की संपत्ति कुर्क करने पहुंची पुलिस। संवाद

# शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई जुमे की नमाज

## लोगों ने अमन और आपसी भाईचारा बरकरार रखने की दुआ मांगी, तैनात रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर समेत जिले की सभी मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। लोगों ने अमन और आपसी भाईचारा बरकरार रखने की अल्लाह से दुआ मांगी। वहीं, तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल तैनात रहे। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गई। इस बीच शहर में एसपी ने पुलिस बल के साथ भ्रमण किया।

पडरौना शहर के जामा मस्जिद, नौका टोला, दाल मंडी, शाहबगंज

### ड्रोन कैमरे से भी की गई निगरानी

मुहल्ला, छावनी मदिना मस्जिद सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यहां पर नमाजियों ने शांतिपूर्ण तरीके से मुल्क में अमन व आपसी भाईचारा बरकरार रखने की अल्लाह से दुआ मांगी। कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई। एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस बल के साथ शहर के मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।



मार्च करते एसपी, सीओ सिटी व पुलिसकर्मी। संवाद

# सीओ सिटी ने पुलिसकर्मियों की दौड़ लगवाई

**पडरौना।** पुलिस लाइंस में शुक्रवार को सीओ सिटी ने निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने को टोलीवार ड्रिल कराई गई। ड्रिल के दौरान कमियां पाए जाने पर पुलिस कर्मियों को सुधार करने का निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों के कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की गई। शुक्रवार को सीओ सिटी कुंदन सिंह ने परेड का निरीक्षण करते हुए कहा कि फील्ड वर्क में हम सभी को फीट रहना बेहद जरूरी है। सभी पुलिस कर्मी नियमित योगाभ्यास व दौड़ आदि की क्रियाएं करें। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए सीओ ने सलामी के बाद पुलिस कर्मियों की दौड़ कराई। संवाद

# युवक के खाते से ठगों ने निकाले 24,995 रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**समउर बाजार।** बैंक खाते में मोबाइल नंबर लिंक कराने के बहाने साइबर ठगों ने युवक के खाते से पांच बार में 24,995 रुपये की निकासी कर ली। पटहेरवा थाना में तहरीर देकर पीड़ित ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।

बिहार के गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के गांव महुअवा निवासी अमित कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनका खाता पिपरा कनक स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है। उन्होंने अपने बैंक

## तहरीर देकर पीड़ित ने कार्रवाई की गुहार लगाई

अकाउंट से मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए आवेदन किया था। 23 जून को एक नंबर से फोन आया। खुद को बैंक कर्मचारी बताया जिससे अमित झांसे में आ गए। अपनी पूरी जानकारी साइबर ठग को दे दी। बाद में मालूम हुआ कि खाते से पांच बार में ठगों ने कुल 24,995 रुपये निकाल लिए। थाना प्रभारी पटहेरवा अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर छानबीन की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# डीजे, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



जिला कारागार का निरीक्षण करकेआतेडीजे, डीएम व एसपी ।

**महराजगंज (एसएनबी)।** जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी, सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राग दत्त शुक्ला नेसंयुक्त रुप सेजिला कारागार का त्रयमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रभारी अधीक्षक ए.के श्रीवास्तव व डिप्टी जेलर उपस्थित मिले। जिला जज द्वारा बन्दियों के बैरक में जाकर उनसे उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी और उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नो का सम्यक उत्तर दिया गया। जिला जज द्वारा उपस्थित बन्दियों को यह बताया गया कि यदि किसी बन्दी को अपने मुकदमें की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तोवेअपना प्रार्थना-पत्र अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब करा सकता है ।उसे उसके मुदकमें की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जायेगा। निरीक्षण के दौरान बन्दी आबिद अली, रमाशंकर चौधरी, शाह आलम, नौशाद, मनीश कुमार गुप्ता तथा अवधेश द्वारा अपने-अपने मुकदमें के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी जिसका उत्तर उपस्थित अधिकारियों द्वारा दिया गया। जिला जज द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो उनका प्रार्थना-पत्र अविलम्ब जिला प्राधिकरण को उपलब्ध करावें। इससे उनके मुकदमों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अन्य किसी बन्दी द्वारा किसी भी समस्या के सम्बन में नही कहा गया।

# शांतिभंग की आशंका में पांच का चालान

**पनियरा ( एसएनबी)** ।स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न गॉवों के 5 लोगों का पनियरा पुलिस ने शांति व्यवस्था में खलल डालने की आशंका में 151.107 व 116 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि अपराध व अपरोधियों रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ,अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार व क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान के निरन्तर मानीटरिंग व दिशा निर्देश के अनपालन में पुलिस को पहले से ज्यादा सक्रिय कर गश्त तेज कर दी गयी है। लगभग हर रोज शांति व्यवस्था को भंग करने वालों का चालान किया जा रहा है।

# 87 शीशी नेपाली शराब बरामद

**महराजगंज (एसएनबी)। महराजगंज (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 7 व्यक्तियों केकब्जे से10 लीटर कच्ची व 8 7 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# हेरोइन बरामदगी के मामले में कारावास

**महराजगंज (एसएनबी)।** जनपद के थाना सोनौली क्षेत्रान्तर्गत ग्रामसभा फरेन्दा तिवारी में वर्ष 20 20 में 50 ग्राम अवैध हेरोइन बरामदगी के मामले मेंदोषी पाये जाने पर अभियुक्त रामबेलास कोअपर सत्र न्यायाधीश ( त्वरित न्यायालय-1) कमलेश्वर पाण्डेय ने धारा 8/22 (बी) एवं 8/23 ( बी) एनडीपीएस एक्ट केतहत डेढ़ वर्ष का सश्रम सजा सुनाया है। साथ ही ₹ दस हजार के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा उप निरीक्षक यशवन्त किर्णेन्द्र चौधरी मय हमराही थाना सोनौली क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्र की देखभाल के दौरान ग्रामसभा फरेन्दी तिवारी में मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 4 निवासी रामबेलास के पास से जामा तलाशी के दौरान 50 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद कर प्रसूरि दर्ज किया था। विवेचक उप निरीक्षक अशोक कुमार ने विवेचना के पश्चात न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विचारण केदौरान विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय ने गवाहों का साक्ष्य दर्ज कराकर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनायी है।

# दहेज हत्या मामले में पति व सास गिरफ्तार

**गांगी बाजार ( महराजगंज )** । पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर के रानी टोले पर बृहस्पतिवार को फंदे से लटका बहू का शव मिला था । मामले में मृतका के पिता ने पनियरा थाने पर नामजद तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाया था । पुलिस ने पति , सास , ससुर व देवर के खिलाफ भा.द.वि. की धारा 498 ए , 304 बी आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था । इस मामले मेंपुलिस ने शुक्रवार को पति व सास को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष पनियरा सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मृतका के आरोपी पति अभय व सास रम्भा को रामपुर के रानी टोले से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया गया है । थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर के रानी टोले पर बृहस्पतिवार को एक नवविवाहिता रूपा पत्नी अभय उम्र लगभग 25 वर्षीया की घर मे ही फंदे से लटकी मिली थी जिसे परिजन इलाज कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनियरा ले गए थे जहां डाक्टरों ने रूपा को मृत घोषित कर दिया था । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था ।

# 244 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)।** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवंअपराधियों परप्रभावी नियंत्रण बनाये रखने केलिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्ह्ति स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 244 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 2 वाहनोंसे2000 रुपया शमन शुल्क वसूल किया गया । **शांति भंग की आशंका में38 गिरफ्तार :** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखनेके लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 38 व्यक्तियोंको सीआरपीसी की धारा 151 केतहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

# एसपी ने किया कार्यालय व कलेक्ट्रेट चौकी का निरीक्षण



पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते

**महराजगंज ( एसएनबी)** । पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। साथ ही अभिलेखों के उचित रख रखाव व बेहतर साफ सफाई का निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाने के कलेक्ट्रेट चौकी का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस का र्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में सीओ सदर कार्यालय, सोशल मीडिया सेल, पेशी सीओ सदर, रीट/स्टोर/आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण किया। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव के लिए निर्देशित किया। उन्होंने लम्बित कार्यों को समय से पूरा करने तथा साफ-सफाई रखते हुए कोविड गाइड लाइन के निर्देश का पालन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने जनपद में थानों एवं चौकियों की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखनें केलिए शुक्रवार को थाना कोतवाली अन्तर्गत पुलिस चौकी कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंनेआरक्षी बैरक, कार्यालय व परिसर की साफ सफाई का निरीक्षण किया। जुमें की नमाज होने के कारण सम्पूर्ण पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था ड्यूटी में पहले से ही मौजूद रही । चौकी कलेक्ट्रेट प्रभारी श्रीमती कंचन राय भी शांति व्यवस्था ड्यूटी में ही थी । पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण चौकी का भ्रमण कर सूक्ष्म निरीक्षण किया। साथ ही साफ सफाई को लेकर जरूरी निर्देश दिया तथा कार्य सरकार को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ सम्पादित करने का निर्देश दिया।

# प्रोत्साहन मिलते ही महिला बंदियों ने खूब दिर

**उपलब्धि**



शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, डीएम व एसपी ने महिला बंदियों के बनाए उत्पाद को देखा और सराहना की।

**62** महिला बंदी जेल में हैं निरुद्ध, जिसमें दस महिलाएं हस्तकला में पारंगत, रुस की भी है एक महिला

"जेल में बंद कुछ महिलाओं ने खाली समय में हस्तशिल्प बनाने का इच्छा जताई थी। इसके लिए कोई फंड तो नहीं है। महिला बंदी रक्षकों ने आपसी सहयोग से संसाधन मुहैया कराया। बंदियों ने अपने हस्तशिल्प से कई आकर्षक व फ्रेंडली यूज वाला उत्पाद बना दिया।

- अरविंद श्रीवास्तव, प्रभारी जेल अधीक्षक

महराजगंज, निज संवाददाता। जिला जेल में इन दिनों बंदियों में सकारात्मक भावना पैदा करने के लिए जेल प्रशासन ने बिना किसी सरकारी फंड कई अनूठी पहल शुरू किया है। महिला बंदियों की प्रतिभा देख प्रभारी जेल अधीक्षक व अन्य कर्मियों ने महिला बंदियों को प्रोत्साहित किया। अपने निजी खर्चे से उनको कुछ संसाधन मुहैया कराया।

प्रोत्साहन मिलते ही महिलाओं ने अपने हुनर का जलवा दिखाया। शुक्रवार को जेल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, डीएम, एसपी व सीजेएम ने महिला बंदियों के बनाए हस्तशिल्प उत्पाद को देख खूब सराहना की। कहा कि महिला बंदियों का हस्तशिल्प कमाल का है। मौका मिले तो अपने हुनर की पंख से यह महिलाएं तरक्की की उड़ान भर सकती हैं।

**रूस की महिला बंदी ने बनाया खिलौना, फूस की डलिया में महिलाओं ने भरा कल्पना का रंग:** जिला जेल में 62 महिला बंदी हैं। इनकी काउंसलिंग के बाद दस महिलाएं हस्तकला में पारंगत मिलीं। उनसे बातचीत के बाद प्रभारी जेल अधीक्षक ने महिला बंदी रक्षकों व अन्य कर्मियों से मशविरा के बाद बंदी महिलाओं के हुनर को नया आयाम देने के लिए पहल शुरू किया। घास फूस, रंग बिरंगे चमकीले प्लास्टिक, ऊन समेत अन्य रॉ मैटेरियल को

## जुमे की नमाज को लेकर दिन भर अलर्ट रहा प्रशासन, शांतिपूर्ण रहा जिले का माहौल

# कड़ी सुरक्षा में अदा हुई नमाज



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सदर एसडीएम और सीओ ने श्यामदेउरवा क्षेत्र के बयालीस गांवा में पहुंच कर जायजा लिया।

**01** दिन पहले जुमे की नजाम को लेकर प्रशासन ने किया था अलर्ट

- एसडीएम, सीओ सदर ने मस्जिदों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। महराजगंज में जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्वक अदा की गई। एहतियात के तौर पर महराजगंज शहर सहित सभी कस्बों में पुलिस सतर्क रही। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पिछले जुमा के दिनों प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर हुई घटनाओं को लेकर प्रशासन चौकस रहा। एक दिन पहले गुरुवार को ही सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अलर्ट रही। धर्मगुरुओं से शांतिपूर्वक नमाज अदा कराने की अपील की गई। इसको लेकर शुक्रवार को जुमे के दिन पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

नगरपालिका क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित नूरी जामा मस्जिद में शुक्रवार को परंपरागत तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान मो. जावेद अहमद ने लोगों को जुमे की नमाज पढ़ाई। सदर एडीएम मो. जसीम और सीओ सदर ने मस्जिद में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जायजा लिया। जुमे की नमाज में मदरसा जामिया रिजविया नुरुल उलूम के पूर्व प्रधानाचार्य मु. मोईनुद्दीन कादरी ने तकरीर की।

घुघली संवाद के अनुसार क्षेत्र के घुघली जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, घुघली बुजुर्ग मस्जिद, सेमरहना, खानपुर, रामपुर बल्डीहा, मटकोपा आदि गांवों के मस्जिदों में जुमे की नमाज लोगों ने शान्ति पूर्ण ढंग से पढ़ी गई।

श्यामदेउरवा संवाद के अनुसार बयालीसगांवा क्षेत्र में शांति पूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक ध्यान सिंह चौहान, बीडीओ घुघली पुलिस फोर्स के समय मौजूद रहे। कोल्हुई संवाद के अनुसार जुमे के नमाज को लेकर कोल्हुई पुलिस एसओ अभिषेक सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के मस्जिदों पर मुस्तैद रही।

फरेंदा संवाद के अनुसार फरेंदा में जुमे की नवाज के वक्त बड़ी संख्या में पुलिस मुस्तैद रही। नायब तहसीलदार डॉ. रवि यादव, थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्र पुलिस के साथ के जुमे की नवाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौजूद रहे। निचलौल संवाद के अनुसार जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए निचलौल सर्किल की पुलिस मुस्तैद रही। कोठीभार में एडीएम पंकज वर्मा, एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा, सीओ सुनील दत्त दुबे, बीडीओ सिसवा, प्रभारी निरीक्षक रामाशीष यादव सिंह व पुलिस बल की मौजूदगी में नमाज अदा की गई।

# अफसरों ने जिला जेल का लिया जायजा

महराजगंज। जिला जज जयप्रकाश तिवारी, डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ, सीजेएम सौरभ श्रीवास्तव व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रागदत्त शुक्ला ने शुक्रवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। बैरकों सहित जेल का जायजा लिया। बंदियों से बात कर उनकी समस्या पूछी। निरीक्षण के समय प्रभारी अधीक्षक एके श्रीवास्तव व डिप्टी जेलर उपस्थित रहे।

जिला जज ने बंदियों के बैरक में जाकर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला जज द्वारा उपस्थित बन्दियों को यह बताया गया कि यदि किसी बन्दी को अपने मुकदमें की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह अपना प्रार्थना-पत्र अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से उपलब्ध कराएं।

# अवैध हेरोइन बरामद की गई

महराजगंज। जिले के सोनौली क्षेत्र के फरेंदा तिवारी में वर्ष 2020 में 50 ग्राम अवैध हेरोइन बरामगी के मामले में शुक्रवार को सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम कमलेश्वर पांडेय ने आरोपी रामबेलास को एक साल छह माह 15 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सोनौली थाने के तत्कालीन एसआई यशवंत किर्णेन्द्र चौधरी 23 दिसंबर-20 को क्षेत्र में गश्त पर थे कि मुखबिर से सूचना मिली। रामबेलास निवासी वार्ड नंबर चार सोनौली को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से 50 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई। विवेचक एसआई अशोक कुमार ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक राघवेन्द्र उपाध्याय ने गवाहों का साक्ष्य दर्ज कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली के साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर यह सजा सुनाई।

# मुकदमे की पैरवी के लिए मिलेंगे निश्शुल्क अधिवक्ता

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** जिला जज जय प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ सहित न्यायिक अधिकारी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

जिला जज ने बंदियों से समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि किसी बंदी को अपने मुकदमे की पैरवी के लिए निश्शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह अपना प्रार्थना-पत्र अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करा सकता है। उसे उसके मुदकमे की पैरवी के लिए निश्शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान जिला जज ने महिला बंदियों के निर्मित उत्पादों को देखा और उसके बिक्री के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि उन्हें अतिरिक्त आय हो सके।



जिला कारागार में बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का निरीक्षण करते जिला जज जयप्रकाश तिवारी व जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ● जागरण

उन्होंने जिला कारागार की सफाई व व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रागदत्त शुक्ला, प्रभारी अधीक्षक एके श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक डा. केपी सिंह उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराएं

**महराजगंज:** आगामी तीन जुलाई को होने वाली विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला जज जय प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक की कई। जिला जज ने कहा कि विशेष लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं, जिससे लोक अदालत का आयोजन सफल हो सके। इस दौरान उन्होंने पत्रावलियों का अवलोकन किया गया तथा सुलह योग्य संभावित पत्रावलियों को विशेष लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिन्हित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, प्राग दत्त शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्तागण हेमन्त कुमार पांडेय, ज्योति कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहे पुलिस अधिकारी

## कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, प्रशासिनक अधिकारी भी क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** शुक्रवार को शहर से लेकर गांव तक कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज पढ़ी गई। कानपुर में पिछले दिनों हुए बवाल व तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्ट रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकों के अलावा उप जिलाधिकारियों ने भी कई मस्जिदों पर पहुंचकर जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले से तैयारी चल रही थी। शुक्रवार सुबह से ही नगर के साथ विभिन्न कस्बों की बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा करने से पहले पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया। आसपास से गुजरने वालों पर नजर रखी जा रही थी। शांतिपूर्वक नमाज अदा होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

राष्ट्रीय राजमार्ग व सक्सेना चौक के समीप स्थित नूरी मस्जिद व बस स्टैंड के पीछे वाली बड़ी मस्जिद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शहर के नूरी मस्जिद पर प्रभारी कोतवाल अजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। दोपहर बाद बड़ी संख्या में लोग नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे। खुफिया विभाग के अधिकारी भी लगातार लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने में जुटे रहे। नगर के साथ ही साथ परतावल, श्यामदेउरवा, सिंदुरिया, निचलौल, नौतनवा, आनंदनगर, पनियरा में भी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क रही। पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने बताया कि जुमे की नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसके पूर्व पीस कमेटी की बैठकों में भी लोगों से शांति की अपील की गई थी। शुक्रवार को शांतिपूर्वक तरीके से नमाज पढ़ी गई, पूरे जिले में शांति है।

जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सिसवा कस्बे में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस सतर्क रही। इस दौरान एडीएम पंकज वर्मा, एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्र, सीओ सुनील दत्त दुबे नमाज, प्रभारी निरीक्षक कोठीभार रमाशीष यादव मस्जिदों के पास व प्रमुख चौराहों पर अपने फोर्स के साथ मौजूद रहे।



नौतनवा रेलवे स्टेशन पर गश्त करते एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र व सीओ अनुज कुमार सिंह ● जागरण



शहर के नूरी मस्जिद पर प्रभारी कोतवाल अजीत सिंह के साथ तैनात पुलिसकर्मी ● जागरण

# हेरोइन बरामदगी के मामले में डेढ़ वर्ष की सजा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** दो वर्ष पूर्व सनौली के फरेंदा तिवारी गांव से 50 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश्वर पांडेय की अदालत ने आरोपित रामबेलास को दोषी करार देते हुए उसे डेढ़ वर्ष की सजा सुनाई है। इसके अलावा आरोपित पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

23 दिसंबर वर्ष 2020 को सोनौली थाने के उपनिरीक्षक यशवंत कृर्णेद्र चौधरी ने सनौली के वार्ड नंबर चार निवासी रामबेलास को रात्रि गश्त के दौरान फरेंदा तिवारी गांव के पास गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन की बरामदगी की थी। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे की जांच उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को मिली और साक्ष्यों और गवाहों के बयान के बाद उप निरीक्षक अशोक कुमार ने मामले की चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर सजा की मांग की थी, जिसके बाद शुक्रवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया।

# 'कार्यालय में जरूरी दस्तावेज बेहतर ढंग से रखें'

**महराजगंज।** कार्यालय में जरूरी दस्तावेज को ठीक ढंग से रखें। सफाई ठीक ढंग से होनी चाहिए। अपने पटल के आवश्यक कार्य समय सीमा के अंदर निपटाएं। दायित्व के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहीं। उन्होंने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के अलग-अलग अनुभागों का निरीक्षक कर कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि कार्यों को समय सीमा के अंदर निपटाएं। उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी क्षेत्राधिकारी सदर, सोशल मीडिया सेल, क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय का निरीक्षण किया। पुलिस चौकी कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आरक्षी बैरक, कार्यालय व परिसर की सफाई का निरीक्षण किया गया। संवाद

# जिला जेल में बंदियों की समस्याएं पूछीं

## महिला बंदियों द्वारा निर्मित सामान का जिला जज व डीएम ने निरीक्षण किया



जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर आते जिला जज। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिला जज जय प्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राग दत्त शुक्ला ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया।

जिला जज ने बंदियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि किसी बन्दी को अपने मुकदमे की पैरवी के लिए निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह अपना प्रार्थनापत्र अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज को उपलब्ध करा सकता है, उसे मुदकमे की पैरवी के लिए निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। महिला बंदियों द्वारा निर्मित सामानों का जिला जज व जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक एके श्रीवास्तव व डिप्टी जेलर उपस्थित रहे।

## अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर

**महराजगंज।** दीवानी न्यायालय परिसर में शुक्रवार को जिला जज जय प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में प्री ट्रायल बैठक हुई। जिसमें तीन जुलाई आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को सफल बनाने पर चर्चा की गई। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि अपने-अपने स्तर से विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का अधिकाधिक निस्तारण कराएं, जिससे लोक अदालत का आयोजन सफल हो सके। न्यायालयों द्वारा पत्रावलियों का अवलोकन किया गया तथा सुलह योग्य संभावित पत्रावलियों को आयोजित विशेष लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिह्नित किया गया। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राग दत्त शुक्ला, हेमंत कुमार पांडेय, ज्योति कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

# जुमे की नमाज के दौरान सतर्क रही पुलिस

## अधिकारियों ने चौराहों पर मौजूद लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की



नगर के सक्सेना चौक पर स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते अल्पसंख्यक समुदाय के लोग। संवाद



जुमे की नमाज को लेकर फरेंदा क्षेत्र में सतर्क रहा प्रशासन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पुलिस सतर्क रही। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार प्रत्येक हलचल पर नजर बनाए रखे। शहर में बस स्टेशन के पीछे मस्जिद, सक्सेना चौक समेत अन्य स्थानों पर मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज पढ़ी गई।

> जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। सभी थानेदार एवं क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए प्रत्येक हलचल पर नजर रखे रहे हैं।
>
> – **डॉ. कौस्तुभ,** पुलिस अधीक्षक

नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार जुमे की नमाज के दौरान नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर नगर के प्रत्येक चौराहों पर पुलिस फोर्स तैनात रही। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय क्षेत्र में भ्रमण कर पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए रखे। एसडीएम ने बताया कि लोगों की सूझबूझ और प्रशासनिक तत्परता से नगर में शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम है। उन्होंने चौक-चौराहों पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द बनाए रखना ही क्षेत्र, जनपद और पूरे प्रदेश की खूबसूरती है। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि सर्किल के सभी थानों की पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए लोगों से अपील भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं से भी इसे प्रभावित करने की सूचना मिलती है तो पुलिस तत्पर है।

# दो अभियुक्तों को एक साल सश्रम कारावास

**महराजगंज।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कमलेश्वर पांडेय ने एनडीपीएस एक्ट के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त राजकुमार निवासी शंकर गली सोनौली को एक साल छह माह के सश्रम कारावास से दंडित किया है। पांच हजार अर्थदंड भी लगाया गया। इसी क्रम में रामबेलास निवासी सोनौली को हेरोइन रखने के मामले की सुनाई के दौरान न्यायालय ने एक साल छह माह 15 दिन की सजा से दंडित किया हे। इसके अलावा पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-06-2022

# टॉप टेन में शामिल अपराधी गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। जिले की वाल्टरगंज पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से थाने के टॉप 10 अपराधी समेत दो आरोपितों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। दो शातिर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। दोनों के कब्जे से एक चोरी की बाइक, चोरी करने के उपकरण आदि सामान बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि टॉप-10 में चिह्नित अपराधी संजय चौधरी निवासी श्रीपालपुर थाना वाल्टरगंज को चोरी की पल्सर बाइक के साथ बक्सई चौराहे के पास से शुक्रवार की भोर में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ थाने पर चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं।

उसके कब्जे से बरामद बाइक एक मुकदमे से संबंधित है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की घटना में वांछित आरोपी योगेश द्विवेदी उर्फ कृष्णा निवासी हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती अपने दो साथियों के साथ चोरी की योजना बना रहा था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने पड़िया खास प्राइमरी स्कूल के पास से रात करीब दो बजे उसे चोरी के माल व चोरी करने के उपकरण के साथ गिरफ्तार कर लिया।



शुक्रवार को वाल्टरगंज पुलिस की गिरफ्त में आया शातिर चोर। उसके पास से चोरी की बाइक भी बरामद की गई। • हिन्दुस्तान

मौके से आरोपी शिवा निवासी ग्राम हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती और धनपत मिश्रा निवासी ग्राम पिपरा चन्द्रपति थाना पुरानी बस्ती फरार हो गए। बरामदगी के आधार पर आईपीसी 401 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

दो आरोपितों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष योगेश सिंह, एसआई मिर्जा वहीद वेग, देवीशरण यादव, मुख्य आरक्षी प्रदीप सिंह, आरक्षी भगवान दयाल, सुभम चौधरी व असगर अली शामिल रहे।

# घर के सामने से बाइक चोरी, केस

बस्ती। शहर कोतवाली के जयपुरवा मोहल्ले से चोरों ने एक बाइक पर हाथ साफ कर दिया।

जयपुरवा निवासी सैफ अली ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उनके घर के सामने खड़ी बाइक को चोर उठा ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# किशोरी पर किया अश्लील कमेंट

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी 19 जून को अपने खेत की तरफ जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के हनुमान व प्रेमचंद्र ने अश्लील कमेंट किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईपीसी 294 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# नहर में डूब रहे लड़के को बचाया

बस्ती। पुलिस कार्यालय के अनुसार शुक्रवार को दिन में करीब तीन बजे फोन करने वाले शिवकुमार ने डायल 112 पर फोन कर बताया गया कि उनके भाई का लड़का करन पुत्र रामप्रकाश शराब पीकर सबको मार रहा है।

इस सूचना पर पीआरवी वाहन संख्या यूपी 32 डीजी 0846 नौ मिनट में मौके पर पहुंच गई। इस दौरान दो भाइयों में परिवारिक बंटवारे के विवाद में करन नहर में कूद गया था और डूबने लगा। पीआरवी के आरक्षी आशीष कुमार ने नहर में कूदकर ग्रामीणों की मदद से बचाकर उसे बाहर निकाला।

# पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

हर्रैया। पुलिस ने एसपी के आदेश पर गुरुवार को दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट, गाली-गलौज करने पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया है।

महुआ लखनपुर निवासी सुनील कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि हमारी बहन पूजा पांडेय के ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरा न करने पर बहन को मारा-पीट। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

हर्रैया पुलिस ने पीड़िता के पति शिवम त्रिपाठी, देवर शुभम त्रिपाठी, ससुर रमेश चंद्र, सास विनय त्रिपाठी व नन्द शुभांगी त्रिपाठी, रोली निवासी दुबौली भार्गवजोत थाना छपिया जनपद गोंडा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# आम के व्यापारी से 1.67 लाख छीनने का केस

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। थाने के बड़ोखर बाग में आम के व्यापारी से विवाद के बाद बैग में रखे 1.67 लाख रूपए लेकर भागने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कप्तानगंज पुलिस पहले तो इस घटना को संदिग्ध बताने में जुटी रही। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव से मिलकर पूरी कहानी बताई। इसके बाद घंटे भर में ही मुकदमा दर्ज कर लिया।

दुबौला चौकी के बड़ोखर गांव निवासी लाल शिवेंद्र बहादुर पाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव में उनकी आम की बाग है। जहां से कई जिलों के आम के व्यापारी आम खरीद कर ले जाते है। अंबेडकर जिले के टांडा निवासी आम व्यापारी विजय सोनकर से गांव के आशीष मणि, भूपेंद्र मणि पुत्रगण भागीरथी से सप्ताह भर पूर्व आम तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान मारपीट हुई तो दोनों युवकों ने बिस्तर आदि जला दिया था। बुधवार 22 जून की दोपहर विजय अपने साथ के लोगों के साथ बाग में आम तोड़ रहा था। इसी दौरान आशीष मणि अपने आधा दर्जन साथियों के साथ बाग में पहुंचे और विजय व अन्य लोगों को दौड़ा लिया। आम की ढुलाई के लिए बाग में खड़ी पिकप पर भी हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विजय के पास बाग मालिक को देने के लिए रखा 1.67 लाख रुपए नगदी, मोबाइल, बैटरी व अन्य समाना लेकर भाग गए। कप्तानगंज पुलिस मामले में समझौता करने में जुटी रही। इसके बाद शुक्रवार को शिवेंद्र बहादुर पाल ने एसपी से मिलकर पूरी जानकारी दी।

# युवती संग दुष्कर्म के आरोप में केस

बस्ती। मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि बलात्कार करने की घटना के बारे में जब उलाहना दी गई तो आरोपी के घरवाले शादी को तैयार हो गए।

बाद में शादी से ही मुकर गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक शुभम पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले शुभम ने 2018 में उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा

कप्तानगंज। पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर कर भगाने के मामले में वांछित आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध पोस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को दुबौलिया थाना क्षेत्र के भिऊरा गांव का युवक सिद्धार्थ बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। बालिका के परिजनों की तरफ से कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

# गहनों व कपड़ों से भरे बैग को लौटाया

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने महिला के गिरे बैग को सकुशल वापस लौटाया। उर्मिला पत्नी राम करन निवासी मिश्रौलिया थाना दुबौलिया का काले रगं का बैग, जिसमें ताला लगा था, वह गिर गया था।

थाना दुबौलिया पुलिस ने महिला के गिरे हुए बैग को अपने कब्जे में लेकर डीसीआर ग्रूप से महिला को सूचित किया। पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर कुछ समय बाद उर्मिला देवी थाना पर आकर अपने बैग की पहचान की। बैग के अन्दर कपड़े व लगभग डेढ़ लाख रुपये के जेवरात रखे थे।

सभी सामान के साथ अपना बैग पाकर महिला ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस के प्रति आभार जताया और खुशी-खुशी वहां से चली गई।

# पैसा हड़पने के दो मामलों में मुकदमा

नगर बाजार। नगर थाने में तहरीर देकर कप्तानगंज के गोपियापार निवासी कोदई राम यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी बोलेरो गाड़ी को उन्होंने प्रतिमाह पंद्रह हजार रुपये के किराए पर चलाने के लिए नगर थाने के कोठवा भरतपुर निवासी बैजनाथ को दी थी। उसने तीन-चार माह का किराया नहीं दिया। पूछने पर मारपीट पर उतारू हो गया और धमकाया भी।

# खड़ंजा उखाड़ने के आरोप में एफआईआर

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी रमेश तिवारी ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मुख्य मार्ग से उनके घर तक खड़न्जा सरकारी धन से ग्राम प्रधान ने लगवाया था। इसकी सभी ईंट को गांव के छांगुर तिवारी, झिनकू, मिन्कू, रितेश व आदर्श उठा ले गए। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवती को दी जानमाल की धमकी

बस्ती। महिला थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को कृष्ण नरायन ने शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने मारपीट, तोड़फोड़ व छेड़खानी के आरोप में मुस्ताक व सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# शांति व सौहार्द के माहौल में अदा हुई जुमे की नमाज

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। शांति व सौहार्द के माहौल में इस बार भी जुमे की नमाज हुई। कानपुर व अन्य शहरों में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के बाद से पुलिस प्रशासन किसी भी तरह का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। सुबह से ही पुलिस कर्मियों की तैनाती मस्जिदों पर कर दी गई थी।

मुख्य मस्जिद जामा मस्जिद गांधी नगर, खैर मस्जिद, कटरा मस्जिद, दारूल ऊलूम, जामिया हनफिया, हुसैनी मस्जिद, जामा मस्जिद पुरानी बस्ती, दक्षिण दरवाजा, स्टेशन रोड सहित अन्य मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढ़ंग से नमाज अदा की गई।मानिकचंद संवाद सूत्र के अनुसार वाल्टरगंज व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। मस्जिदों के बाहर स्थानीय थाने के आरक्षियों, पुलिस बल एवं हल्का लेखपालों की तैनाती रही। मदरसा अरबिया नूरे हयात परसा जाफर में नमाज मौलाना अहमद हुसैन ने पढ़ाई। परसा जाफर, सोनहटी बुजुर्ग, सबदेईया कला, रसूलपुर, रानीपुर, पुरैना, सिहारी तथा वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही, पुरैना, सिसवारी, बसडिलिया सहित दर्जनों मस्जिद में पहुंचकर इबादत की। नासिर अली खान, मौ. मोहम्मद अयूब, मौ. अहमद हुसेन, जुबैर अहमद, तसौवर हुसेन, अब्दुल हक, सराजुल हक, अबु बकर, सुहेल अहमद आदि ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# गोलीबारी का आरोपी युवक गिरफ्तार

घघौवा। छावनी पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सरसण्डा गोली काण्ड से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि मामले में वांछित आरोपी थाना क्षेत्र के पचवस निवासी आशीष यादव पुत्र राम अभिलाख को मुखबिर की सूचना पर हाइवे के जमौलिया कट के पास से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी व उसके साथियों ने 12 मई को सरसण्डा गांव के रहने वाले मनीष सिंह पुत्र देवनाथ के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग किया था। इस मामले में उनके खिलाफ मामला दर्ज है। आरोपी आशीष यादव फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया।

# संवेदनशील जगहों पर रखी गई ड्रोन से नजर

## जुमा की नमाज

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जुमे की नमाज को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। नमाज से पहले आईजी राजेश मोदक, प्रभारी डीएम डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एसपी आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने पुरानी बस्ती क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां का जायजा लिया। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी मोहल्लों व घरों की छतों पर नजर रखी गई।

अधिकारियों की फौज ने दक्षिण दरवाजा से करूआ बाबा तिराहे तक पैदल गश्त किया और रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से बात भी की। इस दौरान ड्रोन कैमरा लगातार उड़ाया जा रहा था।


पुरानी बस्ती में भ्रमण करते आईजी राजेश मोदक, प्रभारी डीएम डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य प्रशासनिक अधिकारी। ● हिन्दुस्तान

नमाज समाप्त होने के बाद लोग अपने घरों को वापस हो गए।

बभनान संवाद सूत्र के अनुसार बभनान कस्बे की सबसे ऊंची इमारत से ड्रोन कैमरे की मदद से कस्बे की गतिविधियों पर नजर रखी गई। चंद्रशेखर आजाद नगर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। चौकी प्रभारी बभनान जनार्दन प्रसाद ने बताया ड्रोन की सहायता से कस्बे में हर गतिविधियों पर नजर रखी गई। दीवान प्रमोद कुमार वर्मा, आरक्षी विक्रम, श्रीकांत यादव, राहुल मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।


सबसे ऊंची इमारत से कस्बे की ड्रोन कैमरे से निगरानी करते पुलिस कर्मी।

नगर बाजार संवाद सूत्र के अनुसार एसओ नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने कस्बा नगर, बक्सर, कोठवा भरतपुर, मदारपुर आदि स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों से संवाद स्थापित कर शांति अपील की। ड्रोन कैमरे की मदद से निगरानी भी की गई।

## नए मरीजों में पांच महिलाएं व मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर शामिल

# तीन गर्भवती समेत 6 कोरोना पॉजिटिव मिले




बस्ती, निज संवाददाता। तीन गर्भवती सहित छह लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। कोरोना की इस लहर में यह संख्या सर्वाधिक है। पॉजिटिव मिले लोगों में तीन गर्भवती सहित पांच महिलाएं शामिल हैं। सभी की जिला महिला अस्पताल में एंटीजन जांच हुई थी। मेडिकल कॉलेज के एक चिकित्सक भी पॉजिटिव मिले हैं। एक दिन पहले पॉजिटिव मिले मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक के संपर्क में यह चिकित्सक आए थे। इस समय कोविड एक्टिव मरीजों की संख्या 15 है। जिले में एक्टिव नौ केस मौजूद हैं, जबकि अन्य बाहर हैं। लगातार बढ़ रहे केस से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के चेहरों पर चिंता की लकीरें हैं। यह हाल तब है जब कोविड के लिए केवल जरूरी जांच हो रही है।

पिछले कुछ दिनों से कोविड के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है। सदर ब्लॉक के भेलखा गांव की 22 वर्षीय महिला, जखनी-लबनापार की 28 वर्षीय, बनगांव-भवानीपुर की 25 वर्षीय, मूड़घाट की 24 वर्षीय तथा गनेशपुर की रहने वाली 24 वर्षीय महिला की एंटीजन जांच गुरुवार को जिला महिला अस्पताल में हुई थी। सभी की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। इसमें तीन गर्भवती हैं, जबकि दो अन्य कारणों से अस्पताल दिखाने आई थीं। सभी महिलाओं का कहना था कि उन्हें हल्के जुकाम व खांसी आदि की समस्या है। किसी का कहना था कि ठंडा पानी पी लिया था, जबकि किसी का कहना था कि रात के समय दही खा ली थी।



शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर नगरीय स्वास्थ्य के नोडल ऑफिसर डॉ. एके कुशवाहा के नेतृत्व में कोविड की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● हिन्दुस्तान

मेडिकल कॉलेज में तैनात चिकित्सक ने एक संक्रमित चिकित्सक के संपर्क में आने के बाद अपनी आरटीपीसीआर जांच गुरुवार को कराई थी। चिकित्सक को बुखार, बदन दर्द व जुकाम की शिकायत थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। एक दिन पूर्व पॉजिटिव मिले चिकित्सक के संपर्क में वह थे। मेडिकल कॉलेज में अब तक चार चिकित्सक कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। इसके अलावा कोरोना की जांच करने वाले लैब में काम करने वाले कई स्टॉफ भी कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।

आईडीएसपी के नोडल ऑफिसर डॉ. सीएल कन्नौजिया का कहना था कि शुक्रवार को देश व प्रदेश में सर्वाधिक केस रहे हैं। जिले में भी एक दिन में सर्वाधिक छह केस मिले हैं। रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर नियमित रूप से जांच कराई जा रही है। लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की जा रही है। 12 जून से केस आना शुरू हो गए हैं। अब तक 20 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिल चुकी है।

# जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कोड़रा पाण्डेय निवासी ज्वाला प्रसाद पाण्डेय को भूमि विवाद मामले में प्रार्थना पत्र देकर जिलाधिकारी ने न्यायालय के आदेश का पालन कराने की मांग की। डीएम को दिये पत्र में ज्वाला प्रसाद पाण्डेय ने आरोप लगाया कि गांव के ही नन्द कुमार पुत्र स्वर्गीय रामसमुझ एवं अनिल कुमार, सुनील कुमार, राजकुमार पुत्रगण स्वर्गीय हरिराम आदि जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर लेना चाहते हैं। विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट के साथ ही जान से मार देने की धमकी देते हैं।

## किशोरी पर अश्लील कमेंट, मुकदमा दर्ज

**जासं . बस्ती :** लालगंज थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी 19 जून को खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में गांव के हनुमान व प्रेमचंद्र ने अश्लील कमेंट किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# युवती को भगाने का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**जासं, बस्ती :** न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता त्रिपाठी ने युवती को भगाने के मामले में थानाध्यक्ष कप्तानगंज को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधि अनुसार विवेचना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनहरा गांव निवासी सूरज उसकी पुत्री को परेशान करता था। जब भी वह घर से बाहर निकलती थी, छेड़खानी करता था। 13 मार्च 2022 को रात आठ बजे सूरज, भगवती, दिनेश, सन्नू और मन्नू तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ पीड़िता के घर पर आए और जबरन युवती को बोलेरो में बैठा कर भगा ले गए।

# खड़ंजा उखाड़ने पर मुकदमा

**बस्ती:** लालगंज थाना क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी रमेश तिवारी ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि मुख्य मार्ग से उनके घर तक खड़ंजा सरकारी धन से ग्राम प्रधान ने लगवाया था। इसकी सभी ईंट को गांव के छांगुर तिवारी, झिनकू, मिन्कू, रितेश व आदर्श उठा ले गए। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।(जासं)

# किशोरी को अपहृत करने का आरोपित गिरफ्तार

**गौरा,बस्ती** : प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येंद्र कुंवर व उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहृत करने के आरोपित को शुक्रवार सुबह 7 :10 बजे गोटवा बाजार से गिरफ्तार कर अपहृत किशोरी को भी बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि लड़की के पिता ने 15 मई 2022 को कप्तानगंज पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था कि क्षेत्र के भिउरा गांव निवासी सिद्धार्थ पुत्र गुरुचरण उसकी लड़की को-फुसलाकर भगा ले गया।

# ससुर समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, हर्रैया, बस्ती :** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने व अश्लील हरकत के आरोप में ससुर समेत पांच ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। हर्रैया थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता के भाई ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बहन की शादी गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र में हुई है। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग की जाती रही। इसको लेकर ससुरालवालों ने बहन को मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी देकर प्रताड़ित किया। दो बार दवा खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। बहन के ससुर पर छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। हर्रैया पुलिस ने तहरीर के आधार पर ससुर रमेशचंद्र, पति शिवम समेत पांच ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर घटना की जांच कर रही है।

# छावनी सरसंडा गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, छावनी, बस्ती** : छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरसंडा गोली कांड में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि थाना छावनी में विभिन्न धाराओं में वांछित आरोपित आशीष यादव पुत्र राम अभिलाख यादव निवासी पचवस थाना छावनी बस्ती को  सूचना पर हाइवे पर जमौलिया कट के पास से शुक्रवार को दोपहर में गिरफ्तार कर लिया गया।

# व्यापारी से 1.67 लाख लूटने की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, दुबौला, बस्ती:** कप्तानगंज थाने के बड़ोखर बाग में आम के व्यापारी से 1.67 लाख रुपये लूटने की घटना में बाग मालिक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कप्तानगंज पुलिस पहले तो इस घटना को संदिग्ध बताती रही लेकिन जब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव से मिलकर पूरी कहानी बताई। तब जाकर मुकदमा दर्ज किया गया।

बड़ोखर गांव निवासी लाल शिवेंद्र बहादुर पाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव में उनकी आम की बाग है। जहां से कई जिलों के आम के व्यापारी आम खरीद कर ले जाते हैं। आंबेडकर जिले के टांडा निवासी आम व्यापारी विजय सोनकर से गांव के आशीष मणि, भूपेंद्र मणि पुत्रगण भागीरथी से सप्ताह भर पूर्व आम तोड़ने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान मारपीट हुई तो दोनों युवकों ने बिस्तर और अन्य सामान जला दिया था। बीते बुधवार की दोपहर विजय अपने साथ के लोगों के साथ बाग में आम तोड़ रहा था। इसी दौरान आशीष मणि अपने आधा दर्जन साथियों के साथ बाग में पहुंचा और विजय व अन्य लोगों को दौड़ा लिया। पिकअप क्षतिग्रस्त कर दिया। विजय के पास रखे 1.67 लाख रुपए नकदी, मोबाइल, बैटरी व अन्य सामान लेकर वो भाग गए। कप्तानगंज पुलिस मामले को मैनेज करने में जुटी रही। शुक्रवार को शिवेंद्र बहादुर ने एसपी से मिलकर पूरी जानकारी दी। एसपी की फटकार के बाद कप्तानगंज पुलिस ने आशीष मणि पुत्र भागीरथी व छह अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बस्ती :** सेना की भर्ती में केन्द्र सरकार द्वारा अग्निपथ योजना लाए जाने के विरोध में शुक्रवार संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रकट किया गया। पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंच कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के वरिष्ठ लिपिक सूर्यलाल को सौंपा। इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव कामरेड रामलौट कहाकि केन्द्र सरकार सेना भर्ती के नाम पर युवाओं के साथ छल कर रही है। ज्ञापन में अग्निपथ योजना पर रोक लगाने, रिक्त पदों पर भर्ती शुरू करने, प्रदर्शन के नाम पर फर्जी मुकदमे में गिरफ्तार युवाओं को तत्काल रिहा करने सहित अन्य मांग शामिल है। कामरेड श्याम मनोहर जयसवाल, हरिप्रसाद चौधरी, सुनील, दिनेश, रामानंद, संदीप सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# उम्र अधिक बता जेल से छूट गया टाप-10 रहा बदमाश!

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बस्ती जेल में बंद जिले का टाप-10 रहा बदमाश जालसाजी करके छूट गया है। गोपनीय शिकायत के बाद जिले की पुलिस व एलआइयू ने छानबीन शुरू कर दी है। महकमे में इस बात को लेकर हड़कंप है कि यह कैसे हो गया।

जिला कारागार में निरुद्ध रहे टाप-10 बदमाश के गुटबाजी करने पर जेल प्रशासन ने उसे दूसरी जेल में शिफ्ट करने की सिफारिश शासन से की थी। शासन के निर्देश पर उसे बस्ती जेल में शिफ्ट कर दिया गया। वहां पर भी उसकी गतिविधि संदिग्ध रही। एक सप्ताह पहले गोरखपुर पुलिस को एक गोपनीय शिकायत मिली कि जिले के टाप 10 की सूची में शामिल बदमाश मई के दूसरे सप्ताह में जेल से छूट गया है। उम्र अधिक होने का हवाला देकर उसने अनुकंपा पर रिहा करने की अर्जी दी थी। इसी आधार पर वह छूटा है। मामला संज्ञान में आते ही सक्रिय हुई जिले की पुलिस व एलआइयू ने छानबीन शुरू कर दी है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि गोपनीय शिकायत की जांच कराई जा रही है। बदमाश ने जालसाजी की है या नहीं, जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

**टाप-10 में होने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई** : पांच साल तक जिले की टाप-10 की सूची में नाम रहने के बाद भी बदमाश व उसके साथियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक आधार पर उसे गोरखपुर से दूसरी जेल भेज दिया गया।

# युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू

**जागरण संवाददाता, मुंडेरवा, बस्ती :** थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है घटना के बारे में जब उलाहना देने गई तो आरोपित युवक के घरवाले शादी को तैयार हो गए लेकिन बाद में शादी से मुकर गए। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि आरोपित शुभम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना के बारे में छानबीन की जा रही है।

20 वर्षीय पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के ही शुभम ने पांच वर्ष पूर्व 2018 में उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया।

इसकी शिकायत जब आरोपित के घर पर करने गई तो वह लोग शादी की बात करने लगे। मई 2022 में शादी करने की सहमति भी हो गई थी। इस कारण पुलिस में शिकायत नहीं किया। शादी का झांसा देकर शुभम उसका शारीरिक शोषण करता रहा। मई में शादी नहीं की तो फिर इसको लेकर बात की। आरोपित के घरवालों ने शादी से इंकार कर दिया।

# टापटेन अपराधी समेत दो गिरफ्तार

**जासं.वाल्टरगंज,** : वाल्टरगंज पुलिस ने दो जगहों से थाने के टाप टेन अपराधी समेत दो को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि टाप टेन अपराधी संजय चौधरी निवासी श्रीपालपुर थाना वाल्टरगंज को चोरी की पल्सर बाइक के साथ बक्सई चौराहे के पास शुक्रवार को भोर में गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष ने बताया कि वांछित योगेश द्विवेदी उर्फ कृष्णा निवासी हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वह अपने दो अन्य साथियों के साथ चोरी की योजना बना रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम पड़िया खास प्राइमरी स्कूल के पास रात में दो बजे पहुंची तीनों चोरी की योजना बना रहे थे। इनके पास से चोरी के सामान और चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किया गया है। पुलिस को अंधेरे में चकमा देकर शिवा निवासी ग्राम हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती और धनपत मिश्रा निवासी ग्राम पिपरा चन्द्रपति थाना पुरानी बस्ती फरार हो गए।

# सरसंडा गोलीकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सरसंडा गांव में फायरिंग करने के फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि मामले में वांछित आरोपी थाना क्षेत्र के पचवस निवासी आशीष यादव को मुखबिर की सूचना पर हाईवे के जमौलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि मामले में आरोपी व उसके साथियों ने 12 मई को सरसंडा गांव के रहने वाले मनीष पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के संबंध में अभियोग दर्ज किया गया था। तब से आरोपी फरार चल रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई दुर्गविजय सिंह ,हेड कांस्टेबल शंभू यादव, कांस्टेबल राजू गुप्ता शामिल रहे। संवाद

# किशोरी को अगवा करने का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**कप्तानगंज।** पुलिस ने थाना क्षेत्र की एक किशोरी को बहला-फुसला कर अगवा करने के आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को खोज निकाला है। साथ ही पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुंवर ने बताया कि किशोरी के पिता ने 15 मई को तहरीर देकर बताया था कि दुबौलिया क्षेत्र के एक व्यक्ति ने उनकी बेटी को अगवा कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी, जिसे गोटवा बाजार के पास गिरफ्तार कर लिया गया और किशोरी भी मिल गई है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

## डूब रहे युवक को पीआरवी ने बचाया

**बस्ती।** रुधौली थाना क्षेत्र के भिटेहरा में शुक्रवार को नहर में डूब रहे एक लड़के को पुलिस ने बचा लिया। शुक्रवार को दिन में करीब तीन बजे शिवकुमार ने डायल 112 पर फोन कर बताया गया कि उनके भाई का लड़का करन पुत्र रामप्रकाश शराब पीकर सबको मार रहा है। इस सूचना पर पीआरवी नौ मिनट में मौके पर पहुंच गई। इस दौरान दो भाइयों में परिवारिक बंटवारे के विवाद में करन नहर में कूद कर डूबने लगा। आरक्षी आशीष कुमार ने नहर में कूदकर ग्रामीणों की मदद से बचाकर उसे बाहर निकाला। परिवार के लोग सीएचसी सल्टौआ ले गए। पुलिस पीआरवी टीम में आरक्षी आशीष कुमार, अरुण कुमार यादव और चालक हरिशंकर यादव मौजूद रहे। संवाद

# चोरी का वांछित योजना बनाते समय धराया

**वाल्टरगंज।** चोरी के मुकदमे में वांछित योगेश द्विवेदी उर्फ कृष्णा निवासी हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती को पुलिस ने चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार कर लिया। वह अपने साथियों के साथ पड़िया खास प्राइमरी स्कूल के पास बृहस्पतिवार रात करीब दो बजे चोरी के माल व चोरी करने के उपकरण के साथ मिला। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध थाना वाल्टरगंज में चोरी का मुकदमा दर्ज है। मौके से शिवा गोस्वामी निवासी हथियागढ़ थाना पुरानी बस्ती व धनपत मिश्रा निवासी पिपरा चंद्रपति थाना पुरानी बस्ती फरार हो गए। जिनकी पुलिस को तलाश है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई देवीशरण यादव, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह और भगवान दयाल शामिल थे। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# जुमे की नमाज के दिन अलर्ट मोड पर रही पुलिस

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। पिछले दिनों जुमे की नमाज को लेकर देश के कई राज्यो में हुए पथराव व तोड़फोड़ की घटना के बाद से ही सिद्धार्थनगर पुलिस अलर्ट मोड पर है। 24 जून को भी जिले भर में जुमा की नमाज सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया।

जुमे की नमाज को देखते हुए जिले भर के मस्जिदों के आस पास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, पुलिस बल को किसी भी स्थिति से निपटने के अलर्ट मोड पर रखा गया था। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्र रावत स्वयं हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए थे। जिला मुख्यालय पर जुमा की नमाज को लेकर एसडीएम व सीओ सदर प्रदीप यादव की अगुवाई में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मस्जिद के बाहर जमे रहे। बताते चले कि पिछले 10 जून को जुमा को जुमा की नमाज अदा करने के बाद देश के कई राज्य के शहरों में उपद्रवियों द्वारा प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ व हिंसा की घटनाएं की गई थी। वैसी घटना पुनः न होने पाए, शांति व्यवस्था व अमन चैन कायम रहे, इसके लिए योगी सरकार ने प्रशासन को कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों से सख्ती के साथ निपटने की खुली छूट दे रखी है, सिद्धार्थनगर जिले में शुक्रवार को लगभग 700 मस्जिदों में जुमा की नमाज मुस्लिम समुदाय द्वारा अदा किया गया। इस दौरान मस्जिदों के आस पास



सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे, चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा था, पुलिस प्रशासन ने जुमे की नमाज के पहले ही जनपद के सभी थानो पर पीस कमेटी की बैठक कर लोगो से अपील कर लिया था कि लोग शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा करने के बाद अपने घर वापस जाएंगे, अगर किसी ने माहौल को खराब करने का प्रयास किया, तो ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध इतनी बड़ी कार्यवाही की जाएगी, कि उनकी आने वाली पीढियां याद करेंगी। पुलिस प्रशासन के सख्ती का असर रहा कि जुमे की नमाज सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया।

# शांतिपूर्ण जुमा की नमाज संपन्न

उस्का बाजार (एसएनबी)। कस्बा के परती बाजार में स्थित बड़ी मस्जिद सहित क्षेत्र के अन्य मस्जिदों में शुक्रवार को जुमा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जुमा की नमाज के बाद लोग शांतिपूर्वक अपने अपने घरों को गए। जुमा की नमाज में शकील अहमद, डा. अयूब खान, शहाबुद्दीन, जावेद, कयामुद्दीन, अनस, अनवर, डा फहीमुल्लाह, गुड्डू आदि शामिल रहे। इस मौके पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

# विवाहिता का कमरे में फंदे से लटकता मिला शव

बर्डपुर, हिन्दुस्तान सवांद। कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के मटियरिया गांव में एक विवाहिता की मकान के अंदर छत की कुंडी से रस्सी के सहारे लटकती लाश शुक्रवार को मिली है। मृतका के पति के अनुसार पत्नी मानसिक रोगी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

- कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के मटियरिया गांव की है घटना
- पति ने पुलिस को बताया- मानसिक रोगी थी, तीन साल से चल रही थी दवा

नीरज पुत्र छोटई अपनी पत्नी के साथ गुरुवार रात खाना खाने के बाद सो गया था। शुक्रवार की सुबह उसने देखा कि पत्नी मायावती (26) का शव कमरे में रस्सी के सहारे कुंडी से लटक रहा है। उसने पड़ासियों को सूचना दी तो मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। पड़ासियों के साथ मिलकर शव नीचे उतारने के बाद पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिले ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले तीन साल से मानसिक रोगी थी उसका इलाज चल रहा था। उसने क्यों खुदकुशी की उसे कुछ पता नहीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

एसओ सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि जब मैं मौके पर पहुंचा तो विवाहिता शव नीचे रखा था। किसी ने तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। अगर तहरीर मिलती तो कार्रवाई की जाएगी।

**नौ बोरी खाद के साथ तस्कर गिरफ्तार** : एसएसबी सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने शुक्रवार को नौ बोरी खाद के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सचिन कुमार निवासी घिरावजोत थाना पकड़ी कपिलवस्तु नेपाल है। बरामदगी टीम में मुख्य आरक्षी सुधाकर प्रसाद चौरसिया, लिप्पिली बलाराजू, मंजीत बैठा शामिल रहे ।

## शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई नमाज, पुलिस प्रशासन रहा चौकन्ना

# नमाज अदा कर मांगी अमन की दुआ

**जुमा की नमाज**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। सिद्धार्थनगर जिले में जुमा की नमाज अमन के माहौल में अदा की गई। कहीं से प्रदर्शन की खबर नहीं है। पिछले जुमा को भी शांति बनी रही। नमाज के बाद की दुआ कर लोग अपने घरों को वापस चले गए। सभी मस्जिदों पर सुरक्षा के पोख्ता इंताजम रहे।

दो जुमा पहले नमाज के बाद डुमरियागंज व शोहरतगढ़ में मोहम्मद साहब पर टिप्पणी को लेकर नमाजियों ने प्रदर्शन किया था। टिप्पणी करने वाली भाजपा नेत्री की गिरफ्तारी की मांग के साथ सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे। प्रशासन ने उस चूक से सबक लेते हुए पिछले जुमा से ही चौकन्ना हो गया था। पूरे जिले की मस्जिदों के बाहर फोर्स लगा दी गई थी। मस्जिद के बाहर ड्रोन की मदद ली जा रही थी। इस बार भी सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे। नमाजी नमाज शुरू होने के एक घंटे पहले ही मस्जिदों में पहुंच गए थे।

**शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई नमाजः** इमाम ने पहले खिताब कर इस्लाम के वसूलों के बारे में बताया। खिताब के बाद खुतबा पढ़ा गया। खुतबा खत्म होने के बाद इमाम ने जुमा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने कौम व देश दुनिया की सलामती के लिए दुआएं मांगी। नमाज के बाद अमन के साथ लोग अपने घरों को वापस चले गए। जिले की सभी मस्जिदों में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। शहर के आजाद नगर, शेखनगर, बदर, तेरी सहित सभी मस्जिदों के अलावा डुमरियागंज, शोहरतगढ़, इटवा, बांसी, बर्डपुर, उस्का बाजार आदि स्थानों पर शांतिपूर्ण



शोहरतगढ़ की जामा मस्जिद पर एसडीएम व सीओ मौजूद रहकर निगरानी करते रहे।



डुमरियागंज की जामा मस्जिद शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई। ● हिन्दुस्तान

### शांति से अदा हुई जुमा की नमाज

डुमरियागंज। जुमा की नमाज कस्बा सहित क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों में अदा की गई। बारिश व गर्मी के बीच लोग मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुंचे। अकीदतमंदों ने बारगाह ए इलाही में अमनो अमान व मुल्क का सौहार्द कायम रखने की दुआएं मांगी। शुक्रवार को जुमा की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिम बस्तियों में सुबह से तैयार में लगे दिखे। इस बीच दोपहर को कहीं छुटपुट बारिश तो कहीं धूप निकली हुई थी। क्षेत्र के जामा मस्जिद, दारूल उलूम बैदोला, जामा मस्जिद हल्लौर, बेंवा स्थित मस्जिद, बयारा मस्जिद, मिश्रौलिया मस्जिद में दोपहर एक बजे नमाज पढ़ी गई। इस दौरान सभी जगहों पर पुलिस अलर्ट रही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव समेत फोर्स पूरे दलबल के साथ मौजूद रही।

# पंजीकरण मेडिकल स्टोर का चला रहे अस्पताल

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर :** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में में निजी अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथालाजी मिलाकर पंजीयन सिर्फ 18 के पास है, लेकिन बिना पंजीयन के ही सभी स्वास्थ्य सेवा और सुविधा बांटी जा रही है। जो सुविधा सरकारी अस्पताल में मौजूद है उसके लिए भी यह लोग सरकारी अस्पतालों से सेटिंग कर मोटी कमाई कर रहे हैं।

सिरसिया सीएचसी से निकट ही चंद्रावती अस्पताल बिना पंजीयन के चल रहा है। नार्मल प्रसव से लेकर यहां आपरेशन की सुविधा के साथ 24 घंटे ओपीडी भी चार कमरों के भवन में चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि यहां आने वाली



अधिकतर प्रसव पीड़ित महिलाओं को सिरसिया सीएचसी की आशाएं भेजती हैं, जिनका कमीशन तय है। अस्पताल संचालक डा. अनिल साहनी मौजूद मिले। बताया कि यहां डा. अजय सिंह व डा. ज्योति ओझा की तैनाती है। लेकिन अस्पताल में उनके और चंद नर्सों के अलावा कोई नहीं मिला।

परिसर में ही मेडिकल स्टोर मिला तो कस्बे की गर्भवती महिलाएं डा. साहनी के खाली होने का इंतजार करती मिली। बताया कि तीन वर्ष से अस्पताल चला रहे हैं, लेकिन अभी पंजीयन नहीं हुआ है आवेदन किए हैं। वहीं भनवापुर चौराहे पर आर्यन मेडिकल स्टोर पर कुछ रोगियों को ग्लूकोज चढ़ाते पाया गया। पूछने पर पता चला कि संचालक डा. एके वर्मा बाहर गए हैं, लौटने पर बता सकेंगे की ऐसा क्यों हो रहा है।

> बिना पंजीयन के जितने भी अस्पताल, पैथालाजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं उन्हें समय दिया गया था। समय पूर्ण होने वाला है। जांच टीम गठित कर जांच अभियान चलाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डा. अनिल चौधरी**, सीएमओ

# पैसा हड़पने के दो मामलों में मुकदमा

नगर बाजार। नगर थाने में तहरीर देकर कप्तानगंज के गोपियापार निवासी कोदई राम यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी बोलेरो गाड़ी को उन्होंने प्रतिमाह पंद्रह हजार रुपये के किराए पर चलाने के लिए नगर थाने के कोठवा भरतपुर निवासी बैजनाथ को दी थी। उसने तीन-चार माह का किराया नहीं दिया। पूछने पर मारपीट पर उतारू हो गया।

इसी थाने के बेलाड़ी निवासी महेन्द्र प्रताप वर्मा का आरोप है कि दुबखरा स्थित ईंट भट्ठा से बारी-बारी तीन ट्राली ईंट कप्तानगंज के तेलियाडीह निवासी मुकेश समेत दो लोग ले गए। पैसा मांगने पर आनाकानी कर रहे हैं।

# बीडीओ व पूर्व ब्लाक प्रमुख पर गबन का मुकदमा

## चार अन्य के खिलाफ भी गबन व धोखाधड़ी का आरोप, तीन के खाते में 12 लाख रुपये का हुआ था भुगतान

- **सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर मोहाना थाने में दर्ज हुआ मुकदमा**
- **बर्डपुर ब्लाक में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पूर्व सीडीओ ने सौंपी थी जांच**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** बर्डपुर ब्लाक में भ्रष्टाचार को लेकर बड़ी कार्रवाई हुई है। पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल, विकास खंड के लेखाकार राजकिशोर,क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल कुमार चौधरी, रामसेवक व राजकुमार चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी व सरकारी कर्मी रहते हुए विश्वास का हनन करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का भुगतान तीन लोगों के निजी खाते में करने के पश्चात शासन से हुई शिकायत के बाद पंचायती राज के निदेशक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

तत्कालीन सीडीओ पुलकित गर्ग ने बर्डपुर नंबर सात के टोला विशुनपुर निवासी केशरी नारायण पांडेय की शिकायत पर सीडीओ ने डीडीओ को जांच सौंपी थी। इसकी रिपोर्ट 30 अप्रैल 2022 को निदेशक पंचायती राज को भेजी गई थी। जांच में यह सामने आया था कि 23 परियोजनाओं पर केंद्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत 8982762 रुपये व्यय किए गए थे। जिसमें 1232803 रुपये मजदूरी और शेष सामग्री अंश पर खर्च किया गया लेकिन मजदूरी अंश का भुगतान संबंधित मजदूरों के खातों में न करके तीन व्यक्तियों क्षेत्र पंचायत सदस्य राम सेवक के खाते में 120306 रुपये, अनिल कुमार चौधरी के बैंक खाते में 274008 रुपये तथा राज कुमार चौधरी के खाते में 838135 रुपये भुगतान किए गए।

सीडीओ ने लिखा कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम 1961 की धारा 16 में क्षेत्र 0पंचायत प्रमुख के विरुद्ध कार्रवाई की अधिकारिता राज्य सरकार में निहित है। क्षेत्र पंचायत सदस्य, खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का अधिकार भी शासन में ही निहित है। ऐसी परिस्थिति में जनपद स्तर से कार्रवाई संभव नहीं हो पा रही है। 16 जून को पंचायती राज निदेशक ने पंचायतीराज अधिकारी को पत्र भेजकर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था। उनके आदेश के पश्चात डीपीआरओ के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी राम प्यारे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया गया।

एसओ मोहाना संतोष कुमार सिंह ने बताया कि छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श ने कहा कि शासन के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कराई गई है।

# एसडीएम व सीओ ने की शहर के संदिग्ध स्थलों की जांच

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** शुक्रवार को एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ प्रदीप कुमार ने शहर के संवेदनशील व संदिग्ध स्थलों की जांच की। इस दौरान उन्होंने क्यूआरटी टीम के साथ शहर के मुख्य चौराहा, स्टेशन रोड, खजुरिया रोड, बेलसड़ सहित अन्य जगहों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

अधिकारियों ने जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे, इस दौरान पुलिस टीम के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, हाइडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा आदि जगहों की चेकिंग की। अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी भ्रमण किया।

एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। सभी लोग शांति व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें। कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की गलत सूचना पर पुलिस को सूचना दें।

# छात्राओं को एएसपी ने पढ़ाया सुरक्षा का पाठ




लीलावती देवी महिला महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर** : महिलाओं बच्चियों व छात्राओं को निडर, आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य में पुलिस की ओर से चलाए जा रहे महिला सशक्तीकरण अभियान में छात्राएं बढ़ चढ़ हिस्सा ले रही हैं।

शुक्रवार को यह अभियान खेसरहा पुलिस की महिला टीम ने लीलावती देवी महिला महाविद्यालय पेडारी बुजुर्ग में चलाकर छात्राओं को जागरूक किया।

इस दौरान आयोजित गोष्ठी में सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने छात्राओं को उनके अधिकारों व यातायात सुरक्षा के संबंध में विस्तार से बताया। महिला आरक्षी उमा दूबे, नीरा साहनी, अंशू शर्मा ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, आपातकालीन सेवा, हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के बारे में जानकारी दिया। तथा यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए बिना किसी डर के किसी भी महिला आरक्षी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकती है । छात्राओं से कहा कि भय व संकोच त्याग अपने साथ हो अन्याय का विरोध करें पुलिस हमेशा आपके साथ है।

# बच्चे की पिटाई के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा

**जासं, सिद्धार्थनगर**: भूमि विवाद में चम्पापुर गांव में बच्चे की हुए पिटाई के मामले में शोहरतगढ़ पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उमेश उर्फ विक्की यादव अपने पड़ोसी के निर्माणाधीन दीवार में मदद करने गया था। इसी दौरान विपक्षी राम बहादुर मिश्र, दुर्गेश प्रसाद उर्फ शंभू, गिरजेश और प्रवेश उर्फ शिवम और शुभावती देवी ने मिलकर बच्चे विक्की की पिटाई कर दी। पुलिस ने दिनेश मिश्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

गांव निवासी रामबहादुर मिश्र और पड़ोसी राजेंद्र मिश्र के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। राजेंद्र का आरोप था कि राम बहादुर और उनके बेटे उनकी जमीन में बनी दीवार को बार-बार तोड़ कर विवाद पैदा कर रहे हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने उच्चाधिकारियों से की थी। एसडीएम ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्देश दिया था कि इस बार राजेंद्र दीवार की मरम्मत करा लें। भविष्य में अगर रामबहादुर की ओर से दीवार को कोई नुकसान पहुंचाया गया तो प्रशासन कार्रवाई करेगा। राजेंद्र 10 जून को सुबह दीवार जोड़वा रहे थे तभी आरोपितों ने बच्चे की पिटाई कर दी। एसओ ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अग्नि सुरक्षा के उपायों की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को आग से सुरक्षा संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया गया। अग्निशमन विभाग के एसआई नसरुद्दीन खां ने कहा कि सरकार की मंशा सभी विकास खंडों तक अग्निशमन विभाग को पहुंचाने की है।



गैस सिलिंडर में आग लगने पर बचाव की जानकारी देते अग्निशमन विभाग के एसआई। संवाद

## इटवा ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालयों तक अग्नि सुरक्षा विभाग की पहुंच हो पाई है। अब इसे विकास खंडों तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी विकास खंडों के नर्सिंगहोम विद्यालयों व ग्रामीणों को अग्नि सुरक्षा के उपायों से अवगत कराना है। बीडीओ एके श्रीवास्तव ने कहा कि जिस दिन आमजन अग्नि सुरक्षा के उपायों में पारंगत हो जाएगा, उस दिन जन धन की हानि रोकने में हम काफी हद तक सफल हो सकेंगे। इस दौरान एडीओ आईएसबी सुनील कुमार, सचिव अजय चौधरी व फायर सर्विस के कर्मी मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास से आगे बढ़ें, सफलता चूमेगी कदम

## लीलावती महिला महाविद्यालय में आयोजित पुलिस की पाठशाला में बोले एएसपी



पुलिस की पाठशाला में छात्राओं को सुरक्षा की जानकारी देते एएसपी सुरेश चंद रावत। संवाद


कानून के दम पर ही छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर आसमान में उड़ान भर रही हैं। पुलिस की पाठशाला से जो उन्हें कानून का ज्ञान प्राप्त हुआ है, उस पर वह खुद चलेंगी और दूसरों को प्रेरित करेंगी।

– **साधना चौधरी,** छात्रा बीए


साइबर अपराध से बचाव कैसे करना है, सोशल मीडिया का इस्तेमाल कैसे करना है, जिससे देश और समाज का नुकसान न हो, यह बातें बहुत अच्छे ढंग से समझाई गईं। पुलिस पाठशाला को धन्यवाद।

– **रुचि पांडेय,** छात्र बीए


विपरीत परिस्थिति में आत्मविश्वास नहीं खोना है, तभी सफलता मिलेगी। खेसरहा जैसे पिछड़े क्षेत्र में पुलिस की पाठशाला के आयोजन से छात्राओं का मनोबल बढ़ा है।

– **अर्चना पांडेय,** छात्रा बीए


पुलिस की पाठशाला से नियम कानून के बारे में जानने का मिला। शिकायत कहां और कैसे करनी है, इस बारे में जानकारी हुई।

– **प्रिया,** छात्रा बीए

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**खेसरहा।** आत्मविश्वास बनाकर बेटियां लक्ष्य प्राप्ति की ओर आगे बढ़ें, सफलता उनके कदमों में होगी। पुलिस को अपना मित्र समझें।

पुलिस सबसे पहले उनके साथ खड़ी होगी। ये बातें अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद रावत ने कहीं। वह शुक्रवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से लीलावती महिला महाविद्यालय पेड़ारी बुजुर्ग में आयोजित 'पुलिस की पाठशाला' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्राओं को मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि एएसपी सुरेश चंद रावत ने विपरीत हालात में कैसे मुकाबला करें, स्कूल जाने-आने के दौरान अगर कोई समस्या आती है तो उसका मुकाबला कैसे करें, पुलिस छात्राओं की किस प्रकार मदद कर पाएगी, इस संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को पुरुष के समान अधिकार मिला है। मेहनत के बल पर वह आगे बढ़ रही हैं। इसलिए कुछ ऐसा करो, जिससे परिवार का नाम रोशन हो।

उन्होंने छात्रों को साइबर अपराध के बारे में भी जानकारी दी। बचाव का उपाय बताया। पुलिस हेल्पलाइन 112, 1090 आदि के बारे में बताया। मिशन शक्ति के तहत होने वाली गतिविधियों के बारे में उन्होंने कहा कि संकट के मदद के लिए डायल-112 पर कॉल कर सकती हैं। पुलिस समाज की सुरक्षा के लिए है। स्कूल या कॉलेज आते-जाते समय छात्राओं को अकेले चलने के बजाय ग्रुप में चलना चाहिए। किसी अनजान व्यक्ति को अपना मोबाइल फोन नंबर और व्यक्तिगत जानकारी न दें।

महिला पुलिसकर्मी उमा दुबे, नीरा साहनी, अंशु शर्मा ने छात्राओं से संवाद कर आत्मनिर्भर बनने के गुर बताए। कार्यक्रम में 80 छात्राएं शामिल रहीं। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक वेद प्रकाश पांडेय, डॉ. विजय बाला, डॉ. अनुपम पांडेय, सत प्रकाश पांडेय, सत्येंद्र तिवारी, शैलेंद्र कुमार, खेसराहा थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी रामकुमार यादव, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को किया गया जागरूक

**पकड़ी बाजार।** महिला सशक्तीकरण व सुरक्षा के लिए शुक्रवार को मिश्रौलिया थाना पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय बभनी बाजार में जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। महिला आरक्षी प्रांशी सिंह ने कहा कि अत्याचार सहन करना भी अत्याचार करने के बराबर है। महिला सुरक्षा के लिए पुलिस ने कई हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 108, 101 जारी किया है। संवाद


मिश्रौलिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बभनी बाजार में महिलाओं को जागरूक करतीं महिला आरक्षी प्रांशी सिंह । संवाद

# शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई जुमे की नमाज

## मस्जिदों के बाहर तैनात रहे पुलिसकर्मी, भाईचारे को बरकरार रखने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में डुमरियागंज सहित पूरे तहसील क्षेत्र में अदा की गई। मस्जिदों में नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन और आपसी भाईचारा बरकरार रखने की अल्लाह से दुआ मांगी गई।

डुमरियागंज स्थित जामा मस्जिद, बैदौला स्थित गरीब नवाज मस्जिद, हल्लौर की शिया जामा मस्जिद, बेवा चौराहे की सुन्नी बड़ी मस्जिद, बयारा मस्जिद सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम मौलाना महफूज हुज्जत, मौलाना मकसूद अकरम तथा मौलाना एहसानूल्लाह कासमी, मौलाना कादिर, मौलाना तनवीर अहमद कासमी आदि ने खुत्बा और तकरीर में लोगों से क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखने और भाईचारे को बरकरार रखने की अपील की।




शहर के आजाद नगर में जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात एसडीएम, सीओ और पुलिसकर्मी। संवाद

साथ ही लोगों को अफवाहों से खबरदार रहने और सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट नहीं करने की गुजारिश की गई। इसी प्रकार बांसी, शोहरतगढ़, इटवा और जनपद मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ समेत छह लोगों पर गबन का मुकदमा

## बर्डपुर ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि के कार्य में अनियमितता के मामले में की गई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार, बीडीओ नीरज कुमार जायसवाल समेत छह लोगों पर धोखाधड़ी एवं गबन का केस दर्ज हुआ है। शासन के निर्देश पर डीपीआरओ ने बर्डपुर के एडीओ पंचायत के माध्यम से मोहाना थाने में केस दर्ज कराया है।

बर्डपुर ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए विकास कार्यों की जांच डीडीओ शेषमणि सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा एवं डीपीआरओ आदर्श ने की थी। जांच के बाद शासन को भेजे गए रिपोर्ट में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में

### डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत के माध्यम से मोहाना थाने में दर्ज कराया मुकदमा

कराए गए कार्य में मजदूरी की 12.32 लाख रुपये धनराशि तीन बीडीसी के खाते में भेज दी गई। इसमें बीडीसी राजकुमार चौधरी के खाते में 8.38 लाख रुपये, अनिल कुमार चौधरी के खाते में 2.74 लाख एवं रामसेवक के खाते में 1.20 लाख रुपये भेजा गया। जबकि मजदूरी की धनराशि सीधे मजदूरों के खाते में भेजने का प्रावधान है। जांच रिपोर्ट के बाद अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के पत्र पर निदेशक पंचायती राज अनुज कुमार झा ने डीपीआरओ को केस दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। एडीएओ पंचायत बर्डपुर रामप्यारे की तहरीर पर मोहाना पुलिस ने केस दर्जकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### इन कार्यों में हुई थी अनियमितता

ग्राम बर्डपुर नंबर सात के विशुनपुर टोला निवासी केसरी नारायण पांडेय ने निदेशक पंचायती राज से शिकायत की थी। उनका आरोप था कि ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि के 90 लाख रुपये की लागत से कराए गए 23 कार्यों में अनियमितता की गई है। इसकी जांच में ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर सात के टोला रमवापुर गांव में नाली निर्माण कार्य, धर्मपुर व श्रीबेलवा गांव में नाली निर्माण एवं मजिगवां में सीसी सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता पाई गई।

### इन पर दर्ज हुआ केस

धोखाधड़ी कर सरकारी धन का गबन करने के मामले में तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार, बीडीओ नीरज कुमार जायसवाल, लेखाकार राजकिशोर और तत्कालीन तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी) राजकुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी व रामसेवक के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। पुलिस जांच में अन्य कर्मियों के नाम सामने आ सकते हैं। शासन के निर्देश पर इन्हीं आरोपियों से गबन की गई धनराशि की वसूली भी की जाएगी।

# 'अग्निपथ' के विरोध में सड़क पर किसान संगठन

## भाकियू ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी




**सिद्धार्थनगर।** 'अग्निपथ' के विरोध में युवाओं और अन्य संगठन के साथ ही शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक और अम्बावत गुट भी उतर आया। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। फैसला जल्द वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



कलेक्ट्रेट परिसर में एसडीएम प्रदीप यादव को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। संवाद

भाकियू अराजनैतिक गुट के जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि चार साल की नौकरी के बाद अग्निवीरों को सड़क पर खड़े करने वाली अग्निपथ योजना है। यह युवाओं के साथ धोखा है। नौकरी 15 साल से कम की नहीं होनी चाहिए। नियमित पेंशन पाने का भी उनका हक है। सरकार कस फैसला स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले तो सेना में भर्ती घटा दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि देश में नौकरी अब ठेके पर दी जाने लगी है। सरकारी उपक्रमों को बेचा जा रहा है। देश को सरकार कहां ले जा चह रही है। सरकार की नीतियों का निर्धारण चंद कारपोरेट घराने कर रहे हैं। इससे राष्ट्र को बड़ा नुकसान हो रहा है। पंचायत के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर अग्निपथ योजना वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के राकेश श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, उपेंद्र कुमार, पवन श्रीवास्तव, जयराम यादव, देवेंद्र नाथ मिश्र, भाकियू अंबावता गुट के जिलाध्यक्ष यार मोहम्मद चौधरी, मंडल संगठन मंत्री इंद्रजीत दुबे मौजूद रहे।

### गिरफ्तार युवकों को रिहा करने की मांग

**बांसी।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार को अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि अग्निपथ योजना को सरकार वापस लें और इस आंदोलन में जो भी युवा गिरफ्तार किए गए हैं उन्हें रिहा किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन के अनिल कुमार मौर्या, उपेंद्र कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सीओ देवी, कोतवाल संजय कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# एसपी, सीओ, थाना-चौकी प्रभारियों ने किया गश्त

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार सहित समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा मय दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर भारी पुलिस बल के साथ जनपद के विभिन्न मार्गों, व्यस्ततम चौराहों, आबादी वाले स्थानों आदि पर पैदल गश्त/फ्लैग मार्च किया। खलीलाबाद शहर में सीओ अंशुमान मिश्र, इंस्पेक्टर कोतवाली खलीलाबाद विजय नारायण प्रसाद ने भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों, व्यापारियों, दुकानदारों आदि से मुलाकात कर वार्ता करके बताया कि पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों तथा अराजकतत्वों/उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने के साथ ही जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी अपील की। **सेमरियावां :** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव एवं पुलिस बल के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुधारा थाना क्षेत्र के पंचपोखरी और सेमरियावां चौराहे पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि विवादित या भ्रामक पोस्ट को सोशल मीडिया पर न करें और न ही शेयर करें। क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजीव कुमार यादव ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर पीआरओ एसपी जितेन्द्र कुमार यादव, थानाध्यक्ष सर्वेश राय, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, अमरनाथ यादव, मोतीलाल यादव, राम दरश यादव, रमेश यादव, बृजेश पाण्डेय, गणेश सोनकर, म.कां. रीमा, शम्सा परवीन, गुड़िया, राजमणि सिंह आदि पुलिस बल मौजूद रहा।



जिले के सेमरियावां में मयफोर्स पैदल गश्त करते एसपी सोनम कुमार

# दहेज हत्यारोपी दो गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** दहेज के लिए विवाहिता की गला में फंदा डालकर हत्या करने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय/जेल रवाना किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्तगण संतोष कुमार गुप्ता पुत्र बहरैची गुप्ता एवं बहरैची गुप्ता पुत्र जगन्नाथ गुप्ता निवासीगण सुगापंखी थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा वादी की बहन से दहेज के मांग की जा रही थी मांग पूरी न करने पर प्रतिवादीगणों द्वारा दिनांक 01 जून 2022 को वादी की बहन के गले में फंदा डालकर हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में वादी द्वारा दिनांक 06 जून को 2022 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु.अ.सं. 315/2022 धारा 498(ए)/304(बी) भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत कराया गया था। महिला संबंधी अपराध के दृष्टिगत इस मामले में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद विजय नरायण प्रसाद में नेतृत्व में उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगायी गयी थी। शुक्रवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद के उ.नि. रवीन्द्र यादव ने हमराही कां. राहुल पाल, कां. अकित मौर्य के साथ उक्त अभियुक्तों को गौरापार मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## जुमे की नमाज पर सतर्क रहा प्रशासन

# प्रमुख मस्जिदों पर तैनात रही पुलिस

**हैंसर, पौली, बण्डा बाजार, नावन खुर्द, करमा, दुलहापार, रामपुर सोनहन, छितही, मड़हाराजा, मानपुर व महुली समेत तहसील क्षेत्र की अन्य प्रमुख मस्जिदों पर मुस्तैद रहा पुलिसबल**

**एसडीएम धनघटा, तहसीलदार, सीओ और स्थानीय थाने के प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र भ्रमण कर जुमे की नमाज की कुशलता की पल-पल की लेते रहे जानकारी**

धनघटा (एसएनबी)। तहसील क्षेत्र धनघटा में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों पर जुमे की नमाज के दौरान भारी संख्या में पुलिसबल की तैनाती की गई थी। जुमे की नमाज अदा करने के बाद जब नमाजी अपने-अपने घरों को रवाना हो गए तब जाकर मुस्तैद पुलिसकर्मी मस्जिदों से रवाना हुए। इतना ही नही इस दौरान क्षेत्र के प्रमुख कस्बों-बाजारों में भी एहतियात के तौर पर पुलिसबल की तैनाती की गई थी। विदित हो कि जुमे की नमाज के दौरान पूर्व में आन्दोलन के नाम पर कई जनपदों में हुई हिंसा को देखते हुए शुक्रवार को प्रशासन बेहद सतर्क दिखा।



जुमे की नमाज के दौरान संवेदनशील कस्बा हैंसर स्थित मस्जिद पर मुस्तैद पुलिस के जवान।

क्षेत्र के हैंसर, पौली, बण्डा बाजार, नावन खुर्द, करमा, दुलहापार, रामपुर सोनहन, छितही, मड़हाराजा, मानपुर व महुली समेत क्षेत्र की अन्य प्रमुख मस्जिदों पर जुमे की नमाज के दौरान भारी पुलिसबल की तैनाती की गई थी। इतना ही नही एसडीएम धनघटा ड.रविन्द्र कुमार, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी, सीओ रामप्रकाश, प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह पुलिसबल के साथ क्षेत्र भ्रमण करते हुए क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों में होने वाली जुमे के नमाज की कुशलता की पल-पल की जानकारी करने मे जुटे रहे।

इतना ही नही क्षेत्र के प्रमुख कस्बों-बाजारों धनघटा, पौली, बण्डा बाजार, हैंसर, दुलहापार, उमरिया बाजार, रामपुर-बारहकोनी, महुली, मुखलिसपुर, नाथनगर, कुशहवा बाजार आदि प्रमुख कस्बों-बाजारों में भी शुकवार को एहतियात के तौर पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। उक्त सभी कस्बों-बाजारों में भी भारी संख्या में पुलिसकर्मी मुस्तैद दिखे। जुमे की नमाज के बाद जब सभी नमाजी अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली और मस्जिदों से उसके बाद पुलिसफोर्स हटाई गयी।

# दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

थाना कोतवाली के सुगापंखी में एक जून को विवाहिता का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला था। उसके भाई की तहरीर पर पुलिस ने छह जून को मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद आरोपितों की तलाश शुरू कर दिया था। कोतवाल विजय नारायण ने बताया कि दहेज हत्या के आरोपी संतोष गुप्त बहरैची व बहरैची गुप्ता निवासीगण सुगापंखी, थाना कोतवाली को गौरापार मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**संतकबीरनगर।** बखिरा पुलिस ने शुक्रवार को युवती के साथ दुष्कर्म और मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

अभियुक्त दीपक यादव पुत्र योगेन्द्र यादव निवासी बौड़ियार थाना बखिरा ने 21 जून को पीड़िता के कमरे में घुसकर मुंह दबाकर जबरन रेप किया था। शोर मचाने पर पीड़िता के माता-पिता पहुंच गए। आरोपी मारपीट की और जानमाल की धमकी देते हुए भाग गया था।

## जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा, एडीएम और एएसपी भी लगातार क्षेत्र में करते रहे भ्रमण

# शांतिपूर्ण माहौल में हुई जुमे की नमाज

### सतर्कता

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कानपुर हिंसा और ज्ञानव्यापी प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पहले से ही सतर्कता बरती गई थी। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स के साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात रहे। सख्ती के बीच जनपद में जुमे की नमाज पढ़ी गई।

एसपी सोनम कुमार ने खलीलाबाद के साथ ही दुधारा थाना क्षेत्र के पचपोखरी, सेमरियावां कस्बे में फ्लैग मार्च किया। लोगों से संवाद करते हुए उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। एडीएम मनोज कुमार सिंह और एएसपी संतोष सिंह फोर्स के साथ शहर में मुस्तैद रहे। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सबसे अधिक सतर्कता देखने को मिली। नमाज के लिए मस्जिद पर आए लोगों से लगातार पुलिस टीमें अपील करती नजर आई।

पुलिस, प्रशासन की सख्ती के चलते जनपद में शांति व्यवस्था के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। स्थानीय लोगों ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग किया। खलीलाबाद शहर की नूर मस्जिद, ईदगाह, विधियानी मस्जिद सहित सभी नमाज स्थलों पर पुलिस फोर्स तैनात रही। इसके अलावा शहर के हर चौराहे, चौक और रास्तों पर फोर्स को तैनात की गई थी। डीएम, एसपी लगातार व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मस्जिदों में नमाज पढ़ने जा रहे लोगों से बात करते हुए उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र के साथ ही कोतवाली पुलिस लगातार भ्रमण करती रही। दोपहर 12 बजे से दो बजे के बीच सभी जगह फोर्स और मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे। नमाज अदा होने के बाद जब लोग अपने घर चले गए तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। मोहल्ले के बुजुर्ग और संभ्रांत लोग स्वयं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आगे रहे। मस्जिद में नमाज के बाद सभी से अपील किया कि सभी यहां से निकलने के बाद अपने-अपने घर को जाएंगे।



शुक्रवार को पचपोखरी में भ्रमण के दौरान लोगों से वार्ता कर शांति बनाए रखने की अपील करते एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान

**मगहर में मुस्तैद रही फोर्स:** नगर के विभिन्न मस्जिदों की सुरक्षा के लिए भारी फोर्स तैनात रही। जिसे जुमे की नमाज पढ़ने मस्जिद में पहुंचे नमाजियों ने देखा तो इसे लेकर चर्चा करते रहे। सभी ने कहा कि यह कौमी एकता की धरती है, यहां पर किसी भी तरह का उपद्रव नहीं होने दिया जाएगा। हर जुमे की भांति लोगों ने नमाज अदाकर देश-दुनिया में अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान कस्बे की शाही जामा मस्जिद, शीशा मस्जिद, मदीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, अंजान शहीद, करम कबीर, धोबी टोला काजीपुर की मस्जिद नमाजियों से भरी रही।

**जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न:** मेंहदावल। जुमे से एक दिन पहले ही धर्मगुरुओं व जनता से संवाद कर शांति व्यवस्था की बहाली को लेकर होमवर्क पूरा कर लिया गया था। सरकार के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस पहले से ही एलर्ट मोड पर रही। जुमे के दिन कस्बे के जामा मस्जिद, नई बाजार, बहबोलिया आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों के बाहर व आस-पास भारी पुलिस बल को तैनात कर पैनी नजर रखा जा रहा था।

सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह पैदल गश्त करते रहे। नमाज के बाद कहीं भी भीड़ इकट्ठा नहीं होने दी गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। तय समय पर नमाज अदा की। सकुशल जुमे की नमाज सम्पन्न होने पर पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस ली।



शुक्रवार को भ्रमण के दौरान फ्लैग मार्च कर लोगों को सख्ती व सुरक्षा का एहसास कराते पुलिस कर्मी। • हिन्दुस्तान

### नमाज के दौरान प्रशासन रहा चौकस

बखिरा। क्षेत्र में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, सीओ मेंहदावल अम्बरीश भदौरिया, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय पुलिस फोर्स बखिरा, लेडुआ-महुआ, अमरडोभा आदि मस्जिदों और चौराहों पर गश्त कर शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। अफवाह फैलाने वालों से आम जनता सावधान रहे। किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना तत्काल डायल 112 पर सूचित करें।

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पांच लोगों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर :** किशोरी से गांव के युवक ने तीन-चार सहयोगियों के साथ उस समय दुष्कर्म किया जब वह खेत की तरफ गई थी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। तहरीर में धनघटा क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां का आरोप है कि उसकी बेटी बुधवार की रात करीब 10:30 बजे खेतों की तरफ गई थी। इसी दौरान उसे पकड़कर गांव के अर्जुन ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके तीन-चार साथियों ने भी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपितों के छोड़ने के बाद वह गंभीर हालत में घर पहुंची। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर पांच आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करके मुख्य आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं, बखिरा :** बखिरा पुलिस ने शुक्रवार को सहजनवां तिराहे के दुष्कर्म के आरोपित दीपक यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस आरोपित ने गांव की युवती के साथ 21 जून को रात के करीब 11 बजे उसके घर में चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया था। इस पर एसपी के निर्देश पर मुकामी पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई थी।

# पति समेत चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा

**जासं, बखिरा, संतकबीर नगर :** पुलिस ने विवाहित की शिकायत पर शुक्रवार को पति समेत चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। नेतारीखुर्द गांव की पीड़ित महिला शायना खातून ने बखिरा थाने में तहरीर दी है।

# दहेज हत्या के मामले में पिता-पुत्र को भेजा जेल

**जासं, संतकबीर नगर:** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में सुगापंखी गांव निवासी पिता बहरैची गुप्त व इनके बेटे संतोष कुमार गुप्त को शुक्रवार को गौरापार मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया। पीड़ित भाई ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में यह उल्लेख किया है कि उनकी बहन की शादी संतोष गुप्त से हुई थी। संतोष व उनके पिता बहरैची उनकी बहन से दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न करने पर इन लोगों ने एक जून 2022 को उनके बहन के गले में फंदा डालकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मुकामी पुलिस ने छह जून को इन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी।

# अग्निपथ को लेकर पुलिस महकमा संवेदनशील

## पुलिस अधीक्षक ने योजना पर दुधारा थाना के सेमरियावां, पचपोखरी कई जगहों पर लोगों से बातचीत की



सेमरियावां कस्बे में पैदल गश्त करते एसपी सोनम कुमार के साथ पुलिसकर्मी ● जागरण

- शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ किया पैदल मार्च
- खुफिया एजेंसियों के माध्यम से प्रदर्शनकारियों पर रखी जा रही पैनी नजर

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: अग्निपथ को लेकर प्रशासनिक व पुलिस महकमा संवेदनशील है। एसपी सोनम कुमार ने शुक्रवार को दुधारा थाना के सेमरियावां, पचपोखरी आदि जगहों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों से बातचीत की। शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बहरहाल खुफिया एजेंसियों के माध्यम से प्रदर्शनकारियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

एसपी ने पैदल मार्च के दौरान लोगों से कहा कि वे आपसी सौहार्द बनाए रखें। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि उन्हें ऐसे किसी व्यक्ति के बारे में जानकारी मिले तो तुरंत निकट के थाना अथवा पुलिस चौकी को अवगत कराएं। इस पर तुरंत पहल की जाएगी। जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो। इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। जो भी व्यक्ति इसमें आपत्तिजनक मैसेज पोस्ट करेगा, अफवाह फैलाते हुए मिलेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने को कहा। एसपी के साथ पैदल मार्च के दौरान पुलिस लाइन के सीओ राजीव कुमार यादव, थानाध्यक्ष-दुधारा सर्वेश राय, एसपी के पीआरओ जितेंद्र कुमार यादव आदि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अग्निपथ योजना को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने की बैठक



सरैया बाईपास स्थित काली मंदिर के पास बैठक करते भाकियू कार्यकर्ता ● जागरण

- सरैया बाईपास स्थित काली मंदिर के पास भाकियू कार्यकर्ताओं ने बैठक की
- सूचना पर पहुंचे एसडीएम को कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: भाकियू (भारत का किसान संगठन) कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना से संबंधित सात सूत्रीय मांगों को लेकर गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरैया बाईपास के पास स्थित काली मंदिर के पास बैठक की। इस पर कार्यकर्ताओं ने विचार-विमर्श करने के बाद कहा कि अग्निपथ योजना किसान परिवार के युवाओं के साथ धोखा है। सूचना मिलने पर पहुंचे खलीलाबाद के एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी को राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द को संबोधित मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। भाकियू के जिलाध्यक्ष जनार्दन मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार भारतीय सेना में जवानों की भर्ती की पुरानी पद्धति को खत्म करके अग्निपथ नामक एक नई योजना लाई है। सेना में भर्ती सिर्फ चार साल के लिए कांट्रैक्ट के जरिए होगी। अग्निवीर नामक अस्थायी जवानों को न तो कोई रैंक दिया जाएगा, न ही चार साल के बाद ग्रेच्युटी, पैंशन व अन्य लाभ। चार साल की सेवा समाप्त होने के बाद इनमें से एक चौथाई से भी कम को ही सेना में पक्की नौकरी मिलेगी। वर्ष 2020 में सेना में 87 हजार नियुक्तियों की जगह अग्निपथ योजना में कुल दो लाख अग्निवीरों को नियुक्त किया जाएगा। सेना में भर्ती के आकांक्षी किसान परिवार के युवाओं के साथ यह धोखा है। जिन युवकों की भर्ती प्रक्रिया 2020-21 में शुरू हो चुकी थी, उसको बीच में रोकना उनके सपनों के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। इस अवसर पर अनूप कुमार चौधरी, सुभाष चंद्र किसान, हृदय राम यादव, रामदरश यादव, रमई प्रसाद, करम हुसैन, विजय नाथ पाठक, रमाशंकर यादव, विजय वर्मा, रामसागर चौधरी, दयाराम विश्वकर्मा, फूलचंद्र चौधरी, पिंटूलाल यादव, इंद्रेश, रामटहल चौरसिया, हरिहर यादव, रामरूप चौधरी, रूद्रनाथ मौर्य, रामजी यादव, छोटेलाल चौरसिया, अशोक आदि उपस्थित रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर एक लाख की ठगी का आरोप

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : कोड़रा निवासी एक व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर नगहरा निवासी एक व्यक्ति को एक लाख रुपये दिया था। बीजा नहीं मिल पाने पर उसने धन वापस मांगा तो अब आरोपित इससे इंकार कर रहा है। धनघटा थाने पर दी गई तहरीर में कोड़रा निवासी संगम ने लिखा है कि वह परिवार की जिम्मेदारियां पूरी करने लिए कमानें के सिलसिले में अरब जाना चाहता था। नगहरा निवासी एक व्यक्ति बीजा दिलाने के लिए एक लाख रुपयों की मांग की। वह बीजा नहीं दिलवा पाया तो धन वापस करने के लिए कहा गया।

# फरार आरोपित गिरफ्तार

दुधारा : उपनिरीक्षक बृज मोहन सिंह ने शुक्रवार को एक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने बताया कि बंजारा टोला दुर्गाजोत में आरोपित खुर्शीद अहमद के मौजूद होने की जानकारी मिली। इसे लेकर पुलिस टीम को भेजा गया था। उपनिरीक्षक के नेतृत्व में टीम के वीरेंद्र रावत व विशाल सिंह ने आरोपित को पकड़ लिया। (जासं)

# 'अग्निपथ' के विरोध में जाम लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## अब तक दो नामजद आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। अग्निपथ के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में दर्ज मुकदमे के एक आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव ने बताया कि 20 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास कुछ लोगों ने अग्निपथ योजना के विरोध में जाम कर दिया था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। इस मामले में चौकी इंचार्ज नवीन मंडी रजनीश राय की तहरीर पर तीन नामजद समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

उसी मामले के नामजद आरोपी ओमकार यादव उर्फ गोलू यादव निवासी मुठई खुर्द थाना धनघटा को शुक्रवार को मेंहदावल बाईपास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी को जेल भेजा गया। चौकी इंचार्ज

**सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के सहारे अज्ञात आरोपियों की पहचान करने में जुटी है पुलिस**

**तीन नामजद समेत 60 अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था मुकदमा**

ने बताया कि इसी मामले के नामजद आरोपी अजय गौड़ निवासी ऊनखास ओनिया कोतवाली को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

इस संबंध में कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में धारा 144 प्रभावी है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर भेजे गए जेल

अमर उजाला ब्यूरो

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के सुगापंखी में दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को गौरापार मोड़ के पास से आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया।

कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि बखिरा क्षेत्र के भीखाडाड़ निवासी अरविंद गुप्ता पुत्र शिवपाल का आरोप है कि उसकी बहन अंजनी की शादी कोतवाली क्षेत्र के सुगापंखी निवासी संतोष गुप्ता पुत्र बहरैची के साथ वर्ष 2018 में हुई थी। उनसे तीन साल का बेटा और एक साल की बेटी है। आरोप है कि शादी से ही पति संतोष और ससुर बहरैची व ननद गीता दहेज में बाइक की मांग बराबर करते आ रहे थे। बहन को इसी बात को लेकर हमेशा मारते-पीटते और प्रताड़ित करते थे। जब वह पैसा देने में असमर्थता जताया तो संतोष व उनके पिता, बहन ने धमकी दी थी कि दहेज की मांग पूरी नहीं करोगे तो बहन को जिंदा नहीं छोड़ेंगे। आरोप है कि एक जून को उसकी बहन के गले में फंदा लगाकर पंखे की कुंडी से लटका कर हत्या कर दी छह जून को पति संतोष, ससुर बहरैची और ननद के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया।

**आरोप है एक जून को दहेज के लिए विवाहिता की कर दी थी हत्या**



शांति व्यवस्था को लेकर सेमरियावां में मार्च करते एसपी सोनम कुमार। संवाद

# एसपी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने किया मार्च

**सेमरियावां।** शुक्रवार को एसपी सोनम कुमार व सीओ राजीव कुमार यादव ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के पचपोखरी और सेमरियावां चौराहे पर पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

एसपी सोनम कुमार ने अफवाह पर ध्यान न देने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि विवादित या भ्रामक पोस्ट को सोशल मीडिया पर न करें और न ही शेयर करें। क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे। यही हम सबका सम्मिलित प्रयास होना चाहिए।

सीओ लाइन राजीव कुमार यादव ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर थानाध्यक्ष सर्वेश राय, उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, मोतीलाल यादव, राम दरश यादव, रमेश यादव, बृजेश पांडेय, गणेश सोनकर, रिमा गौड़, शम्सा परवीन, गुड़िया राजमणि सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद

# चार जुआरी गिरफ्तार

**धर्मसिंहवा।** स्थानीय पुलिस ने बृहस्पतिवार को केंचुआखोर में जुआ खेलते चार जुआरियों को पकड़ा। कई दिनों से क्षेत्र में जुआ खेलने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने टीम बनाकर छापा मारा।

एसओ अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि केंचुआखोर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास एक अर्धनिर्मित मकान में कुछ लोग सट्टा लगाकर जुआ खेल रहे हैं। एसआई भगवान राव के नेतृत्व में टीम बनाकर बताए गए स्थान पर भेजी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पाया कि अर्धनिर्मित मकान में बाहर से ताला लगाकर अंदर जुआ खेला जा रहा है। पुलिस ने चार लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# ट्रिपलिंग करने वालों का चालान

करनैलगंज। पुलिस ने बिना हेलमेट के ट्रिपलिंग कर बाइक से फर्राटा भरने वालों का ई-चालान किया है। जिससे सड़क पर बेवजह फर्राटा भरने वालों में खलबली मच गयी है।

शुक्रवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह की अगुवाई में नगर के हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग के पास सुक्खापुरवा तिराहे पर अभियान चलाकर दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलाने, हेलमेट का उपयोग न करने और कागजात न होने पर पर 10 वाहनों का ई-चालान किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। वहीं बुलेट मोटर साइकिल का सायलेंसर बदल कर फायर की आवाज करने वाले युवकों को पुलिस तलाश रही है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई जुमे की नमाज

गोण्डा, संवाददाता। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन दिनभर अलर्ट रहा। जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। उधर, नमाज के दौरान एसपी संतोष कुमार मिश्रा की अगुवाई में जिलेभर की पुलिस संवेदनशील इलाकों सहित मुख्य चौक चौराहों पर डटी रही।

कानपुर की घटना के बाद से जिले में जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन खासा अलर्ट है। शहर व ग्रामीण इलाको में एसपी ने पुलिस बल के साथ गुरुवार को पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था की नब्ज टटोली और पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। शुक्रवार को जिले में सामाजिक समरसता को बरकरार रखते हुए मुस्लिम समाज के लोगो ने जिले में एक बार गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम रखने का परिचय दिया। जिले की सभी मस्जिदों में लोगो ने नमाज पढ़ी। उसके बाद लोग अपने कामकाज में मशगूल हो गए। कही भी किसी प्रकार की दुश्वारी नही हुई। हालांकि इस दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। शहर की कई मस्जिदों के बाहर नमाज के दौरान भरी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं एसपी संतोष कुमार मिश्रा , सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, नगर कोतवाल पंकज सिंह सहित भरी पुलिस फोर्स नगर में गश्त पर रही। सिटी मजिस्ट्रेट ने लगातार गश्त जारी रखी।

## इटियाथोक में गश्त करती रही पुलिस

मेहनौन। कस्बा इटियाथोक सहित आसपास क्षेत्रों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। बीते दिनों कानपुर में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल को लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में जुमे की नमाज आपसी सौहार्द भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मस्जिदों में अदा कराने के लिए पुलिस मुस्तैद रही। मस्जिदों के आसपास कड़ी सुरक्षा रही।

# एसपी ने टीम के साथ लगाई दौड़

गोण्डा। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने परेड ग्राउंड से निकलकर सड़क पर पुलिसकर्मियों के साथ दौड़ लगाई। उन्होंने इससे स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

रिजर्व पुलिस लाइन के मैदान में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान एसपी ने सबसे पहले परेड की सलामी ली। इसके बाद वह परेड ग्राउंड से निकलकर शहर क्षेत्र की सड़को पर पुलिसकर्मियों के साथ दौड़े। इस दौरान आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। जवानों को शारीरिक व्यायाम भी करवाया।

# शांति भंग करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

वजीरगंज। शांति व्यवस्था भंग करने वाले तीन आरोपियों को डुमरियाडीह चौकी पुलिस ने आरोपी राजन सिंह पुत्र सोनू सिंह निवासी लल्लू पुरवा अचलपुर, इशादुल पुत्र मुस्तकीम, इम्तियाज पुत्र यूनुस खान को गिरफ्तार किया है।

# गोली चलने की झूठी सूचना पर भेजा जेल

मेहनौन। कोतवाली इटियाथोक के पड़री पारासराय के राजेश वर्मा द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई कि गांव में विवाद हो जाने से गोली चलने से दो लोगों की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। डायल 112 पर सूचना देने वाले राजेश वर्मा को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि गांव में ऐसी कोई भी घटना नही हुई है। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया भ्रामक सूचना प्रसारित करने के आरोप में राजेश वर्मा पर मुकदमा दर्ज हुआ है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महिला से छेड़छाड़ के बाद पीटा, केस

परसपुर। थानाक्षेत्र की एक गांव की महिला ने शुक्रवार को एक व्यक्ति पर घर में घुसकर छेड़खानी की। आरोपी युवक ने विरोध करने पर पहले उसकी पिटाई की और बाद में धमकी देते हुए वह वहां से भाग निकला। महिला के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी, धमकी सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है उसकी ननद की तबियत बिगड़ने पर उसके पति के साथ इलाज कराने बाजार गई थी। महिला को अकेला देख युवक घर में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। महिला ने जब उसका विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। उसके शोर मचाने पर जब आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वह धमकाते हुए वहां से चम्पत हो गया। इंस्पेक्टर समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ग्राम भौरीगंज मंगलौसा निवासी सुरेश सोनी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

मोतीगंज, संवाददाता। पुलिस ने शुक्रवार को एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की युवती ने पुलिस से शिकायत की थी।

आरोप लगाया था कि बहराइच जिले के विशेश्वरगंज निवासी एक युवक से पहले उसकी दोस्ती हुई थी। फोन पर उसकी बातचीत होती थी लेकिन लगभग छह माह पहले उसने युवक से बातचीत करना बंद कर दिया था जहां पर युवक अब उसे सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी फर्जी आईडी बनाकर लोगों को मैसेज कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती को बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के उधना ठकुराइनपुरवा निवासी युवक को गिरफ्तार किया है।

# नवाबगंज में खुलेगी महिला रिपोर्टिंग चौकी

संसू, गोंडा : संसू, गोंडा : घरेलू हिंसा सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए महिलाओं की भागदौड़ कम होने वाली है। महिलाओं की समस्या को देखते हुए नवाबगंज में महिला रिपोर्टिंग चौकी खोली जाएगी। इससे आधी आबादी को राहत मिलेगी। अब तरबगंज तहसील क्षेत्र की महिलाओं को लंबी दूरी तय कर भटकना नहीं पड़ेगा।

जिले में अभी केवल एक महिला थाना है। इस पर करीब 16 लाख महिला आबादी का भार है। इससे कई बार महिलाओं को अपनी समस्याओं के निस्तारण व मुकदमा कराने में दिक्कत होती है। कई महिलाएं पुरुष पुलिस कर्मियों से खुलकर अपनी सारी समस्या नहीं बता पाती है।

## दी झूठी सूचना

इटियाथोक : पुलिस को झूठी सूचना देने के मामले में पंडरीपारासराय निवासी राजेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि पंडरीपारासराय निवासी राजेश वर्मा ने डायल 112 को गोली चलने में दो लोगों के मौत होने की सूचना दी थी। सूचना झूठी निकली। (संसू)

# उचित धारा में मुकदमा की मांग को लेकर किया आत्मदाह का प्रयास

संसू, गोंडा : आरोपितों पर उचित धाराओं में मुकदमा न किए जाने और उनकी गिरफ्तारी न होने से नाराज महिला के आत्मदाह के प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे की धारा में तरमीम कर आरोपितों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

कोतवाली देहात के बनकटी चिलबिला खत्तीपुर निवासी मिथलेश का आरोप है कि गांव के ही दबंग जमीन विवाद को लेकर बीते 31 मई की सुबह उसे गाली देकर मारने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। उसके दिव्यांग ससुर की भी पिटाई की।

महिला का आरोप है कि विपक्षियों की पिटाई से उसका तीन का गर्भपात भी हो गया। इसमें पुलिस ने चार आरोपितों पर हल्की धाराओं में रिपोर्ट लिखी है। गर्भपात व गंभीर चोट की धारा में आरोपितों पर मुकदमा न लिखे जाने से नाराज महिला ने बीते 14 जून को जिला पंचायत कार्यालय के समक्ष धरना दिया था। चेतावनी दी थी कि 24 जून तक यदि मुकदमे की धारा में बढ़ोतरी व आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वह अनशन कर आत्मदाह करेगी।

इसी क्रम में मिथलेश कलेक्ट्रेट पहुंची। उसने अनशन शुरू कर आत्मदाह का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# फर्म संचालक ने हड़पे 8.75 लाख, मुकदमा

संसू, धानेपुर (गोंडा) : मनरेगा के तहत बिना सामग्री आपूर्ति किए ही भुगतान लेने व गुड्स एंड सर्विस टैक्स की धनराशि हड़पने के मामले में फर्म संचालक पर एफआइआर के आदेश दिए हैं।

डीएम ने 8.75 लाख रुपये के गबन के मामले में बीडीओ ने मोतीगंज थाने में एफआइआर कराई है। मुजेहना ब्लाक की ग्राम पंचायत बेसहपुर में विकास कार्यों में गड़बड़ी की जांच लोकायुक्त के आदेश पर कराई गई है।

यहां दो चरण में हुई जांच में 61.34 लाख रुपये के गबन की पुष्टि हुई है। सीडीओ की अध्यक्षता वाली कमेटी ने जांच में जीएसटी की धनराशि हड़पने का भी राजफाश किया है। विभागीय सूत्र के अनुसार मेसर्स चतुर्वेदी जनरल आर्डर सप्लायर्स गोंडा ने मनरेगा के तहत परियोजना के निर्माण में सामग्री की आपूर्ति का दावा किया था।

# शांतिपूर्ण माहौल में हुई जुमे की नमाज , चौकस दिखी सुरक्षा



एकता चौराहे पर सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

संसू, गोंडा: कानपुर व प्रयागराज में जुमे की नमाज के दौरान हुए उपद्रव को देखते हुए शुक्रवार को प्रशासन सतर्क दिखा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस व पीएसी जवानों के साथ एसपी संतोष कुमार मिश्र शहर का जायजा लेते रहे।

एकता चौक पर एसपी ने पुलिस टीम के साथ डेरा डाल दिया था। दोपहर में जुमे की नमाज के दौरान वह एक-एक गतिविधियों पर नजर रखे थे। वीर अब्दुल हमीद चौक पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को लगाया गया था। इसके अतिरिक्त शास्त्री नगर, मनोरंजन तिराहा, बड़गांव में पुलिस बल लगाया गया था। पुलिस अधिकारी एक-एक स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

एसपी ने शहर का भ्रमण किया। सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता व नगर कोतवाल पंकज सिंह भी सुरक्षा का जायजा ले रहे थे। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। कर्नलगंज, तरबगंज व मनकापुर तहसील क्षेत्र में भी जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन की टीम जगह-जगह मुस्तैद नजर आई।

# काल डिटेल रिकार्ड से खुलेंगे कई राज, साक्ष्य जुटाने में जुटी पुलिस

संसू, गोंडा : भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा की सहायक प्रबंधक रिचा पांडेय की मौत के मामले में पुलिस साक्ष्य एकत्र करने में जुट गई है। मोबाइल के काल डिटेल रिकार्ड को भी पुलिस खंगाल रही है। माना जा रहा कि इससे कई राज से पर्दा उठ सकते हैं।

नगर कोतवाली के न्यू इंदिरा नगर कालोनी निवासी बैंक की सहायक प्रबंधक रिचा पांडेय की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतक के भाई अनमोल पांडेय की तहरीर पर बैंक प्रबंधक, प्रबंधन व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा किया गया। अनमोल ने रिचा के कमरे से उसका एक सुसाइड नोट मिलने का दावा किया है। सुसाइड नोट में रिचा ने बैंक प्रबंधन व दो अन्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मौत का जिम्मेदार ठहराया है। इस पूरे मामले की जांच के लिए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सीओ सिटी लक्ष्मीकांत को सौंपी है। पुलिस अब रिचा के मोबाइल फोन सहित अन्य बिंदुओं की जांच कर रही है। जिस एफडी (फिक्स डिपाजिट) के भुगतान की बात कही जा रही उसकी भी पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा पुलिस अन्य बिंदुओं की भी पड़ताल में जुट गई। इसके लिए बैंक अधिकारियों सहित अन्य लोगों से अभिलेख तलब किया गया है। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने कहा कि सभी बिंदुओं की पड़ताल के लिए साक्ष्य संकलन किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपित गिरफ्त में होंगे।

# टेढ़ी नदी में उतराता मिला किशोरी का शव

बालेश्वरगंज : वजीरगंज के दुर्जनपुर घाट स्थित टेढ़ी नदी में किशोरी का शव उतराला मिला है। इसकी शिनाख्त विमला निवासी ग्राम दुर्जनपुर घाट के रूप में हुई है। किशोरी के भाई योगेश गुप्ता ने कहा कि उसकी बहन मंदबुद्धि की थी। घर से शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे निकली थी। थानाध्यक्ष वजीरगंज चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा। (संसू)

# तीन माह बाद दर्ज हुआ केस

धानेपुर : ग्राम पूरेमहा के पूरेसरदार निवासिनी रेसू सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इसमें उसे व उसके पिता वीरेन्द्र बहादुर को चोटें आई थी। पुलिस ने मुकदमा नहीं किया। एसपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने तीन माह बाद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जोगेन्द्र सिंह, रिशव सिंह, विक्की सिंह व अंतिमा सिंह के विरूद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# भाकियू ने अग्निपथ का जताया विरोध

संवाद न्यूज एजेंसी

**मसकनवा (गोंडा)।** सेना में अग्निपथ के तहत भर्ती प्रक्रिया के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्री मांगपत्र नायब तहसीलदार मनकापुर को सौंपा।

अग्निपथ योजना के विरोध में विकासखंड छपिया मुख्यालय शुक्रवार को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम था। लेकिन पुलिस प्रशासन ने यूनियन के जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा की देर रात से घर पर ही घेराबंदी शुरू कर दी। बताया कि पुलिस प्रशासन ने उन्हें व अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मांगपत्र सौंपने की अनुमति नहीं दी। नायब तहसीलदार मनकापुर ने सब्बनजोत हथियागढ़ पहुंचकर ज्ञापन लिया। राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र में अग्निपथ योजना को रद्द किए जाने, सेना में नौजवानों की सीधी भर्ती किए जाने, इस योजना का नोटिफिकेशन वापस लिए जाने, सेना में रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने, युवाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दिए जाने, अग्निपथ विरोधी प्रर्दशन में शामिल युवाओं के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाने तथा गिरफ्तार युवाओं को तत्काल रिहा किए जाने की मांग की गई है।

# मस्जिदों की निगहबानी भ्रमण पर रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी



बाजार में गश्त करती पुलिस। - संवाद

गोंडा। जुमा की नमाज को लेकर पुलिस पूरे दिन अलर्ट रही। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों की पुलिस निगहबानी करती रही। शहर के प्रमुख चौराहों समेत पूरे शहर में पुलिस टीम भ्रमण करती रही। जुमा की नमाज के बाद पुलिस महकमे ने राहत की सांस ली। देर शाम तक चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती रही।

कानपुर में हुए बवाल के बाद से ही पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। शहर में हर रोज पुलिस की पैदल गस्त जारी है। जुमा की नमाज को लेकर पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। जुमा से पहले ही कोतवाली में अधिकारियों ने बैठक कर पुलिस ड्यूटी की समीक्षा की। इसके बाद शहर की सभी मस्जिदों पर पुलिस टीम की तैनाती रही। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा समेत अधिकारियों की अगुवाई में नमाज के दौरान पुलिस भ्रमण पर रही। दोपहर बाद जुमा की नमाज खत्म होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# फर्म पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**मोतीगंज (गोंडा)।** मुजेहना ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेसहुपुर में एक बार फिर सरकारी धन के गबन का पर्दाफाश होने के बाद चतुर्वेदी जनरल आर्डर सप्लायर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बता दें कि गांव के देवी प्रसाद ने विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की थी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, पशुओं के लिए टीन शेड, सीसी रोड, इंटरलाकिंग सहित अन्य कई मदों में लाखों रुपयों की निकासी की गई थी, लेकिन काम नहीं कराया गया। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने मामले की जांच के लिए टीम गठित की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर गुरुवार की देर शाम कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ओपी यादव ने थाना में मेसर्स चतुर्वेदी जनरल आर्डर सप्लायर फर्म के विरुद्ध मोतीगंज थाने में धोखाधड़ी व गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। (संवाद)

# युवती को परेशान करने वाला गिरफ्तार

**मोतीगंज (गोंडा)।** पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती को बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के उधना ठकुराइनपुरवा निवासी युवक नीरज कुमार अक्सर फोन पर परेशान करता रहता था। युवती ने युवक के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# जालसाजी का अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना देहात पुलिस ने जालसाजी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि जालसाजी सहित अन्य धाराओं के अभियुक्त शांति देवी पत्नी बनवारी गिरी निवासिनी जनपद लखीमपुर खीरी न्यायालय से बातचीत चल रही थी।

# लापरवाही पर जवाब मांगा

बलरामपुर। आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायतों के निस्तारण में अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। शुक्रवार को समीक्षा के दौरान 41 सन्दर्भ डिफाल्टर श्रेणी में पाए गए। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम श्रुति ने बताया कि अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं आपदा, बीडीओ गैसड़ी, ग्राम्य विकास विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के 41 सन्दर्भ डिफाल्टर श्रेणी में हैं। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

# लापरवाही पर स्पष्टीकरण तलब

**जासं, बलरामपुर :** आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा जिलाधिकारी श्रुति ने की। कहा कि समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट अपलोड न होने के कारण डिफाल्टर की श्रेणी प्रदर्शित हो रही है। समस्याओं का निस्तारण समय न करने वाले अधिकारियों से तीन दिवस में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। बताया कि अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं आपदा विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के कुल 41 मामले डिफाल्टर श्रेणी में है। इसमें मुख्यमंत्री संदर्भ तीन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन डिफाल्टर के 13, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के चार, संपूर्ण समाधान दिवस के तीन व आनलाइन से संबंधित 18 मामले लंबित है।

# जुमे की नमाज को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

**जागरण टीम, बलरामपुर :** नूपुर शर्मा के बयान के बाद पिछले कुछ दिनों में देश के विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों को देखते हुए शुक्रवार को पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। पुलिस प्रशासन ने इंटरनेट मीडिया पर भी पैनी नजर रखने के साथ संवेदनशील मुहल्लों व स्थानों की विशेष निगरानी की। मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती रही।



पेहर बाजार में पैदल मार्च कर लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील पुलिस ने की। रेहरा बाजार, महदेइया बाजार, पचपेड़वा, उतरौला, तुलसीपुर समेत अन्य स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती गई। पेहर चौकी प्रभारी शमशाद अली ने बताया कि अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए छपिया चौराहे पर सीसी कैमरा भी लगवाया गया है। इससे 24 घंटे आने-जाने वालों पर नजर रहेगी। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि सभी थानों की पुलिस पैदल गश्त करके लोगों से सीधा संवाद कर रही है।

# तीन माह बाद केस दर्ज

**धानेपुर** : ग्राम पूरेमहा के पूरेसरदार निवासिनी रेसू सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इसमें उसे व उसके पिता वीरेन्द्र बहादुर को चोटें आई थी। पुलिस ने मुकदमा नहीं किया। एसपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने तीन माह बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। (संसू)

# तीन दिन में शिकायतों का निस्तारण न होने पर कार्रवाई

**बलरामपुर।** आईजीआरएस पोर्टल पर 41 मामले लंबित होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई है। सभी विभागों के अधिकारियों को समय से मामलों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया है। तीन दिन में निस्तारण रिपोर्ट न देने पर विधिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

डीएम श्रुति ने शुक्रवार को बताया कि आईजीआरएस पोर्टल के सभी संदर्भों की समीक्षा की। आईजीआरएस पोर्टल पर संदर्भों का समय से आख्या अपलोड नहीं किए जाने से डिफॉल्टर श्रेणी में प्रदर्शित हो रहे हैं। डिफॉल्टर संदर्भों का निस्तारण समय से न किए जाने पर तीन दिन के अंदर संबंधित विभाग के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। समय से जवाब न देने पर विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि डिफॉल्टर प्रकरणों की आख्या तत्काल पोर्टल पर अपलोड करें। प्रत्येक दिन अपने पोर्टल पर समय से प्रकरणों का निस्तारण कराएं। एडीएम, बीडीओ गैसड़ी, ग्राम्य विकास व डीआईओएस सहित विभिन्न विभागों के कुल 41 मामले डिफॉल्टर श्रेणी में पाए गए हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ के तीन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के 13, डीएम व एसपी के चार, संपूर्ण समाधान दिवस के तीन और ऑनलाइन के 18 मामले डिफॉल्टर श्रेणी में मिले हैं। (संवाद)

# ग्राम प्रहरियों की मदद से कसें शिकंजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गैड़ास बुजुर्ग (बलरामपुर)।** क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों पर शिकंजा कसने में लापरवाही कदापि न बरतें। एसपी ने शुक्रवार को दो थानों का औचक निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। दोनों थानों में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करके शीघ्र निस्तारण कराने का सुझाव दिया गया। ग्राम प्रहरियों की मदद से सक्रिय अपराधियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाए।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सीओ उतरौला उदयराज सिंह के साथ सादुल्लाहनगर थाने का औचक निरीक्षण किया। मालखाना, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क व रजिस्टर की जांच के साथ साफ-सफाई का जायजा लिया। अपराध, ग्राम अपराध, निगरानी, त्योहार व आगंतुक रजिस्टर की जांच की गई।

ग्राम प्रहरियों की सहायता से अपने क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों व छोटी से छोटी घटनाओं के संबंध में लाभप्रद सूचनाएं प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ कर थानों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। इसके बाद नवसृजित थाना गैड़ास बुजुर्ग का निरीक्षण किया गया।

वहीं एसपी ने सादुल्लाहनगर बाजार का सुरक्षाबलों के साथ पैदल गश्त किया। शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए गश्त किया गया।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

# शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा हुई

- डीएम व एसएसपी ने शुक्रवार सुबह रूट मार्च की अगुआई किया
- मुस्लिम समुदाय के शांति मार्च में निकलने पर खुश रहे लोग

बहराइच, संवाददाता। जिले में शुक्रवार को सभी जगहों पर शांतिपूर्ण तरीके से जुम्मा की नमाज पढ़ी गई। कही से भी कोई अप्रिय समाचार नहीं है। नमाज के बाद प्रशासनिक अमले ने राहत की सांस ली है।

डीएम डॉ.दिनेश चंद्र व एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार शाम सुरक्षा बल के साथ रूट मार्च किया ही था। शुक्रवार सुबह भी डीएम एसएसपी ने रूट मार्च कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से नमाज पढ़ने की अपील की। इसके बाद डीएम व एसएसपी, एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एडीएम मनोज, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीओ सिटी विनय कुमार द्विवेदी आदि अफसरों ने घंटाघर चौक पुलिस चौकी पर मौजूद रहे। भारी सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच शहर में सन्नाटा पसरा रहा। नवाबगंज व फखरपुर के अलावा कई स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरुवार को अमन चैन बने रहने को लोगों से मिलकर शांति पूर्ण तरीके से नमाज की अपील की गई थी।

# चोरी की नौ बाइक और एक चेसिस बरामद

- ऑटो लिफ्टर गैंग सरगना सहित तीन गिरफ्तार, असलहा मिला
- 30 लाख की चरस मिली, बाइक बिक्री के धन से तस्करी करते थे

बहराइच, संवाददाता। दरगाह थाने की पुलिस ने दबिश में चोरी की नौ बाइक व एक चेसिस बरामद की है। ऑटो लिफ्टर गैंग के सरगना सहित तीन गुर्गों को दबोच लिया है। तलाशी में दो तमंचे, एक किग्रा चरस बरामद किया है। बरामद चरस की अन्तराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 30 लाख आंकी गई है।

एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि दरगाह एसएचओ मनोज सिंह को सूचना मिली कि नेपाल से मादक पदार्थ की तस्करी कर तस्कर अनारकली रोड से आने वाला है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देशन पर एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय व सीओ सिटी विनय कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह, दरोगा नितिन उपाध्याय, ब्रजेश कुमार चौबे, मुख्य सिपाही दया शंकर यादव, सिपाही रमेश चंद्र यादव, महावीर पाल, राम किशोर, महेन्द्र ने अनारकली रोड पर शुक्रवार सुबह नाकेबंदी की। तीन बाइक पर सवार तीन लोगों को रोककर तलाशी ली गई। डिग्गी से एक किग्रा चरस, दो तमंचा 12 बोर व दो कारतूस मिले।

कड़ाई से की गई पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है। इन तीनों की निशानदेही पर छिपाकर रखी गई चोरी की छह और बाइक व एक बाइक की चेचिस बरामद हुई।

## जिले के हर थाने पर है साइबर डेस्क, जिला मुख्यालय की साइबर सेल भी करती है जालसाजी के पीड़ितों की मदद

# छोटी सी सावधानी साइबर ठगों पर भारी पड़ेगी

■ प्रमोद सोनी

बहराइच। इस संचार युग में हर सरकारी महकमों, निजी संस्थानों में ही नहीं वरन लगभग हर घर में इंटरनेट की पहुंच है। इसी के साथ साइबर अपराध भी बढ़े हैं। हालत यह है कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, की थीम पर कभी भी कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो रहा है। साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति यदि तत्काल इसकी शिकायत साइबर क्राइम कंट्रोल टोल फ्री नम्बर पर दर्ज नहीं कराता है, तो देरी होने पर मामले की तहकीकात की अवधि बढ़ सकती है। जरूरत है सावधानी न हटे। यानि कुछ गलतियां न करके साइबर ठगी के संजाल से सुरक्षित रहा जा सकता है।

साइबर ठगी के कई तरीके हो सकते हैं। किसी मोबाइल काल या अंजान व्यक्ति को ओटीपी दिए जाने, सोशल मीडिया का पासवर्ड शेयर किए जाने पर शत प्रतिशत व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो सकता है। यही नहीं आपके मोबाइल पर सोशल मीडिया पर किसी अनजाने लिंक को खोले जाने पर साइबर ठगी का पीड़ित होने



खैरीघाट थाने में साइबर हेल्प डेस्क पर कार्य करती टीम।

में कोई देरी नहीं होगी। यदि कोई आपका सोशल मीडिया हैक करे, तो इसकी सूचना तत्काल थाने की साइबर सेल में दी जानी चाहिए। अपने आधार कार्ड के नम्बर को लाक रखना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर लाक खोलकर प्रयोग के बाद उसे फिर लाक कर दें। अपनी ओटीपी , एटीएम पिन नम्बर या इंटरनेट एकांउट पासवर्ड शेयर करना महंगा साबित हो सकता है।

**साइबर ठगी का शिकार होने पर यहां करें शिकायतः** बहराइच। जिले में साइबर थाना नहीं है। साइबर क्राइम पर अंकुश के लिए जिला मुख्यालय पर एसपी कैम्प कार्यालय में साइबर सेल है। साइबर ठगी का शिकार होने पर यहां शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साइबर सेल में प्रभारी पंकज सिंह, आरक्षी प्रदीप, रचित तथा मुख्य आरक्षी राजेश हैं। प्रभारी बताते हैं कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए टोल फ्री 1930 नम्बर पर अपनी शिकायत वहीं से दर्ज कराएं।

## अपना डाटा इत्यादि सुरक्षित रखें

बहराइच। साइबर सेल प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि किसी अंजान को अपने मोबाइल नम्बर की ओटीपी न दें। किसी अंजान काल पर अपने आप को बैंक अफसर बता कर आपका खाता बंद होने की काल कर ओटीपी मांगी जाती है। कोई अंजान एप डाउन लोड न करें। कोई अंजान लिंक न खोलें। आधार कार्ड लाक रखें। बैंक खाते से धन निकल जाने पर बैंक मैनेजर को भी लिखित सूचना दी जानी चाहिए।

> साइबर ठगी से बचाव को साइबर सेल की ओर से जारी किए गए निर्देशों का पालन करें। हर थाने पर साइबर क्राइम हेल्प डेस्क बनी है। जिला मुख्यालय पर साइबर सेल कार्य कर रही है।
>
> **केशव कुमार चौधरी**- एसएसपी, बहराइच

## कुछ इस तरह साइबर ठग बनाते हैं शिकार

केस -1

बहराइच। देहात कोतवाली इलाके के निवासी भाजपा नेता श्याम शुक्ला से किसी ठग ने मोबाइल काल कर केवाईसी अपडेट के नाम पर कोई एप डाउनलोड कराया। मैसेज आया तो पता चला कि उनके बैंक खाते से ढाई लाख की रकम निकाल ली गई है। इस मामले का निस्तारण ठग की गिरफ्तारी से हुआ। धनराशि वापस नहीं हुई।

केस -2

विशेश्वरगंज थाने के गंगवल निवासी दिनेश कुमार जायसवाल पुत्र रामफेर के खाते से साइबर ठग ने धन निकासी कर ली। केस दर्ज होने पर तहकीकात के बाद देवरिया का देवव्रत व बिहार का जैसा गिरफ्तार किया गया। यह ठग जनसेवा केंद्र पर आधार से धन निकालने आए लोगों का फिंगर प्रिंट मशीन से उंगलियों के चिन्ह हासिल कर ठगी का शिकार बनाते थे।

केस -3

कैसरगंज कस्बे के हनुमान मंदिर के निकट की निवासिनी नुसरत पुत्री मुनीम अंसारी के साथ भी कुछ इसी तरह साइबर ठगी की गई थी।



# आटोलिफ्टर गिरोह का भंडाफोड़

## पकड़े तीन आरोपित इनमें से दो का है आपराधिक इतिहास

**जासं, बहराइच :** दरगाह पुलिस ने आटोलिफ्टर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को दबोच लिया। इसके कब्जे से चोरी की 10 बाइक के अलावा दो तमंचा, दो कारतूस के साथ एक किलोग्राम चरस भी बरामद हुई। पकड़े गए सभी आटोलिफ्टर जिले के रहने वाले हैं। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को न्यायालय भेजा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की वारदातों पर शिकंजा कसने के निर्देश पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने दिए थे। सीओ सिटी विनय द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मुखबिरों का जाल बिछाया गया था।

शुक्रवार भोर दरगाह थानाध्यक्ष मनोज सिंह यादव, एसआइ राजेश्वर सिंह, नितिन उपध्याय, दयाशंकर यादव, बृजेश कुमार चौबे, आरक्षी रमेशचंद्र, रामकिशोर, महावीर पाल व महेंद्र के साथ मुखबिर की सूचना पर अनारकली के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे। घेराबंदी कर तीन युवकों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान शातिर आटोलिफ्टर शेरखान निवासी ग्राम मधुवन थाना रुपईडीहा, दिलदार अली उर्फ मुन्नु निवासी बरगदिहा कोतवाली नानपारा व रिजवान निवासी सलारगंज थाना दरगाह शरीफ के रूप में हुई।

पूछताछ के दौरान इनकी निशानदेही पर चोरी की नौ बाइकें एवं



पुलिस लाइन सभागार में पकड़े गए आटोलिफ्टरों के बारे में जानकारी देते एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार (मध्य में) व सीओ नगर विनय द्विवेदी (दाएं) ● जागरण



दरगाह थाना परिसर में खड़ी बरामद बाइकें ● जागरण

एक चेचिस बरामद की गई। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में शेर खां व रिजवान का आपराधिक इतिहास है। इन पर कई थानों व कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं।

**सीसी कैमरे ने खोला भेद:** नगर कोतवाली इलाके के कानूनगोपुरा उत्तरी निवासी सुजीत श्रीवास्तव सर्वोदय अस्पताल में कार्यरत हैं। बीते मंगलवार को बाइक अस्पताल परिसर खड़ी कर भीतर चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो बाइक नहीं मिली। अस्पताल में लगे सीसी कैमरे में बाइक चोरों की तस्वीर कैद हो गई थी। पकड़े गए आटोलिफ्टरों में दो वही आटोलिफ्टर हैं, जिन्होंने अस्पताल से बाइक चोरी की थी।

**साइबर चोरों ने ठगे छह हजार:** बौंडी के अमवा तेतारपुर गांव के हरिश्चंद्र के मोबाइल पर फोन कर प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त भेजने का झांसा देकर साइबर चोर ने छह हजार रुपये मंगवा लिए। ग्रामीणों से बातचीत के बाद पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि तहरीर मिली है। कार्रवाई की जा रही है।

# 88 लीटर मिलावटी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**जासं, बहराइच :** जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि आबकारी टीम ने शुक्रवार को कतर्नियाघाट जंगल से सटे गांवों समेत कई स्थानों पर टीम के साथ छापामारी की।

इसके तहत मोतीपुर इलाके के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांव परवानी गौढ़ी समेत कैसरगंज, नानपारा, महसी के रामगांव, रुपईडीहा, कैसरगंज, हुजूरपुर के तमाजपुर, गोविंदापुर, बंजरिया, प्रह्लाद गांव, तीन सौ रेती, ग्यारह सौ रेती व भग्गापुरवा में आबकारी टीम ने छापामारी की। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान तकरीबन 88 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ शराब बनाने के लिए रखी दो क्विंटल लहन बरामद किया गया। धधक रही चार भट्ठियों के साथ बरामद लहन को नष्ट कर दिया गया। मौके पर शराब बनाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# यातायात नियम तोड़ रहे ई-रिक्शा चालक

## हर सड़क और चौराहे पर इनकी अराजकता से लगता है जाम, राहगीर भी परेशान

**03** दुर्घटना में महिला समेत तीन की हो चुकी है मौत

**01** उपनिरीक्षक व 02 आरक्षियों की होनी चाहिए तैनाती

सवारियां बैठाने को लेकर मारपीट से भी गुरेज नहीं करते ई-रिक्शा चालक

**संसू, नानपारा (बहराइच) :** यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ई-रिक्शा नगर में फर्राटा भर रहे हैं। नगर की कोई ऐसी सड़क और चौराहा नहीं है, जहां ई-रिक्शा खड़े नजर न आते हों। इनके बिछे जाल में यातायात यातायात फंसता चला जा रहा है। चालक जहां मन होता है, वाहन रोककर सवारियां बैठाने या उतारने लगते हैं। इससे जाम लग जाता है। इसमें राहगीर घंटों फंसे रहते हैं, जिससे कीमती समय बर्बाद होता है।

नानपारा नगर से इमामगंज, बरदहा, अगैया, बाबागंज, रुपईडीहा, शंकरपुर तक सवारियां ढोई जाती हैं। चौक चौराहे, हर सड़क इनके कब्जे में हैं। ये रिक्शा रोकने से पहले न तो दाएं देखते हैं न बाएं, अचानक रोक देते हैं। कभी-कभी सवारियों के चक्कर में आपस में भिड़ जाते हैं। नगर के इमामगंज चौराहे पर चल रहे ई-रिक्शा स्टैंड से इमामगंज, बरदहा तक, कतर्निया तिराहे से रुपईडीहा तक चालक सवारियां लेकर चलते हैं।

**एक उपनिरीक्षक के सहारे यातायात व्यवस्था :** व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए एक यातायात उपनिरीक्षक व दो आरक्षियों की तैनाती होनी चाहिए। जबकि तैनाती सिर्फ एक उपनिरीक्षक की है। उन्हीं के भरोसे नगर की यातायात व्यवस्था चल ही है। वह कभी-कभार नजर आते हैं। नवाबगंज मोड़ के पास बैठकर वह नो एंट्री रोकते हैं।



नानपारा के इमामगंज चौराहे पर संचालित अवैध ई-रिक्शा स्टैंड ● जागरण

### ई-रिक्शा से हुईं घटनाएं

- 22 जून को अगैया चौराहे पर ई-रिक्शा व डीसीएम की टक्कर में महिला की मौत।
- 06 मई को बेलवा रेलवे ओवरब्रिज के पास टैंकर व ई-रिक्शा की टक्कर में एक यात्री की मौत।
- 15 अप्रैल को रजवापुर के पास ई-रिक्शा व कार की टक्कर में एक यात्री की मौत।

जल्द ही अभियान चलवाकर ई-रिक्शा चालकों को हिदायत दी जाएगी। साथ ही अवैध ई-रिक्शा स्टैंड को हटवाया जाएगा।

**अशोक कुमार**, अपर पुलिस अधीक्षक

# अवैध खनन में छह ट्रैक्टर-ट्राली, लोडर सीज

संसू बलहा/शिवपुर (बहराइच) : कोतवाली नानपारा क्षेत्र में अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टर-ट्राली व लोडर को अधिकारियों की टीम ने पकड़कर कोतवाली पहुंचवाया, लेकिन इन वाहनों पर कार्रवाई कराने को लेकर जिम्मेदार टालमटोल कर रहे हैं। इससे अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने बरामद वाहनों को सीज कर दिया है।

शुक्रवार को अवैध खनन की सूचना पर खान अधिकारी व राजस्व विभाग व पुलिस की सयुंक्त टीम कोतवाली नानपारा क्षेत्र के चंदेला कला में पहुंची। मौके पर सात ट्रैक्टर छः ट्राली व एक लोडर को टीम ने छापा मारकर पकड़ा। अधिकारियों की टीम देखते ही वाहनों पर मौके पर ही वाहन छोड़ कर फरार हो गए।

पकड़े गए सभी वाहनों को कोतवाली परिसर में लाकर खड़ा करा दिया, लेकिन इन वाहनों पर देर शाम तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई, यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही। कोतवाल शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि पकड़े गए वाहनों को सीज कर दिया गया है।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

नानपारा-बहराइच हाईवे पर अतिक्रमण को हटाने का अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। पुलिस फोर्स के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने बुलडोजर से अतिक्रमण धराशायी करा दिया। टीम ने विश्वरिया गांव के पास से अभियान की शुरुआत की। सोहरवा, राजामील, शांतीनगर, बेगमपुर में कई टिनशेड व मकान बुलडोजर से ढहाया गया। इसके अलावा तुलसीपुर चौराहे पर दुकानों के सामने अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। दुकानों के आगे छत के छज्जे को तोड़ा गया। रिसियामोड़ स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के निकट वाहनों की सर्विस व धुलाई के लिए सड़क किनारे बने पक्के चबूतरे तोड़े गए। कई होटलों की भट्ठियां तोड़कर जमीन को समतल किया गया।



कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन देने पहुंचे सपा पदाधिकारी • जागरण

## मोतीपुर में निर्माण ढहाने के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

जासं, बहराइच : मिहींपुरवा ब्लाक के मोतीपुर गांव में अवैध अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों के मकान ढहाए जाने का सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। वन विभाग की कार्रवाई के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव के नेतृत्व में जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां, शकील मेकरानी, पूर्व महासचिव डा. आशिक अली, मिथुन वाल्मीकि, अर्जुन गुप्त आदि भी थे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि बीते दिनों सात लोगों के मकान जेसीबी लगाकर गिरा दिए गए थे इससे उनके परिवार की महिलाएं, छोटे बच्चे खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक रमेश गौतम के साथ वहां जाने पर गरीबों के आंसू साफ-साफ वन विभाग की क्रूरता की कहानी कह रहे थे। उन्होंने बताया कि हमीद का 40 वर्ष पूर्व मिला इंदिरा आवास भी ढहाया गया है। उनकी 90 वर्षीय मां ने बताया कि पति गफूर वन विभाग में महावत थे और वन विभाग ने ही हमें यहां बसाया था। आज भी सरकारी पेंशन उन्हें मिलती है। इसके बावजूद मकान गिराते समय उनकी मिन्नतें अनसुनी कर दी गईं।




नशे के खिलाफ आयोजित गोष्ठी में मौजूद लोग। -संवाद

# सभी लोग नशे से रहें दूर

## अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन व तस्करी निरोध दिवस पर गोष्ठी

## भारत-नेपाल सीमा पर हुई गोष्ठी, दोनो देशों के अधिकारी रहे मौजूद

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीहा (बहराइच)। भारत-नेपाल सीमा के रुपईडीहा कस्बे से सटे नो मेंस लैंड पर शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन व तस्करी निरोध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम व इसके प्रति लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। गोष्ठी में दोनों देशों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और प्रसार के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नो मेंस लैंड पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों देशों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारकोटिक्स के निरीक्षक प्रकाश केसी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रहरी निरीक्षक कार्यालय बांके के रीपेंद्र सिंह ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। सशस्त्र सीमा बल के 42वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट सौरभ रंजन ने कहा कि अगर परिवार का कोई एक सदस्य नशे का आदी हो जाता है, तो इससे पूरे परिवार का नाश हो जाता है। इसलिए सभी लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा श्रीधर पाठक ने भी लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। गोष्ठी में इलाका प्रहरी कार्यालय जमुनहा इंचार्ज माधव रिजाल, शक्ति समूह की निर्मला पौडेल, मिस्बाउल हक अंसारी, नशा मुक्त पुनर्स्थापना केंद्र कोहलपुर वार्ड नंबर-14 केशव यादव आदि मौजूद रहे।

# ८८ लीटर कच्ची शराब पकड़ी, तीन धरे गये



**बहराइच।** आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार को अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। कैसरगंज व नानपारा क्षेत्र में कई स्थानों पर छापे मारकर ८८ लीटर कच्ची शराब बरामद की।

तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। बाद में मुकदमा दर्जकर तीनों को जेल भेज दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि आबकारी निरीक्षक नानपारा, महसी व कैसरगंज के नेतृत्व में गठित टीमों ने तमाजपुर, कैसरगंज, हुजूरपुर, भग्गापुरवा व ग्यारह सौ रेती में छापे मारे। इस दौरान ८८ लीटर शराब बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से दो सौ किलोग्राम लहन भी बरामद की गई। इसे नष्ट करा दिया गया। संवाद

# अग्निपथ के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

## प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, नियम में बदलाव की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी



कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान। -संवाद

**बहराइच।** अग्निपथ योजना के खिलाफ किसानों ने भी मोर्चा खोल दिया। शुक्रवार को अग्निपथ योजना के खिलाफ धरना स्थल पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने नियमों में बदलाव की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मोहन लाल किसान ने कहा कि अग्निपथ योजना देश के किसान व जवान के साथ खिलवाड़ करने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से इस योजना को लेकर हुई राष्ट्रव्यापी चर्चा से यह स्पष्ट हो गया है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा को बहुत बड़ा धक्का है। सेना में भर्ती आकांक्षी युवाओं और देश के किसान परिवारों के लिए भी बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना को तत्काल और पूरी तरह से रद्द किया जाए। इस योजना के तहत भर्ती का नोटिफिकेशन वापस लिया जाए। अग्निपथ विरोधी प्रदर्शनों में शामिल युवाओं के खिलाफ दर्ज सभी झूठे मुकदमे वापस लिये जाएं और आंदोलनकारियों को नौकरी से बाधित करने जैसी शर्त को हटाया जाए। इस मौके पर प्रमोद कुमार तिवारी, पुत्तीलाल, संतोष यादव, रामकुमार वर्मा, विजय यादव, सुरेश यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# ऑटो लिफ्टर गैंग का भंडाफोड़

## तीन गिरफ्तार, नौ बाइक, दो-दो तमंचे व कारतूस के अलावा चरस बरामद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** दरगाह पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग का भंडाफोड़ किया है। खुलासा करने में सीसीटीवी फुटेज ने पुलिस की काफी मदद की। फुटेज से हुई पहचान के सहारे पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन बाइक पर सवार आरोपियों को दबोच लिया। इनकी निशानदेही पर छह अन्य बाइक भी बरामद की गईं।

तलाशी के दौरान तीनों के पास से चरस, दो तमंचे व दो कारतूस भी बरामद हुए। ये लोग चोरी की गाड़ियां नेपाल में बेचने की तैयारी में थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। दरगाह थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान सलारगंज भग्गड़वा के पास तीन बाइक आती दिखीं। शक होने पर तीनों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।







वाहन चोरों की निशानदेही पर बरामद की गई बाइक (ऊपर)। पुलिस लाइन में आरोपियों को पेशकर खुलासा करते एएसपी ग्रामीण और बरामद अवैध असलहे व चरस। -संवाद

इस पर तीनों ने तीनों बाइक चोरी की होने की बात बताई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी, ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी बाइक चुराने के बाद कुछ गाड़ियां जिले में ही और कुछ नवीनीकृत कर नेपाल में बेच देते थे। आरोपियों की निशानदेही पर अनारकली रेलवे क्रॉसिंग के पास चोरी की छह अन्य बाइक भी बरामद कर ली गईं। आरोपियों की पहचान रुपईडीहा थानाक्षेत्र के मधुवन गांव निवासी शेर खान, नानपारा कोतवाली क्षेत्र के बरगदिहा गांव निवासी दिलदार अली व दरगाह थाना क्षेत्र के सलारगंज भग्गड़वा गांव निवासी रिजवान के रूप में हुई। तलाशी के दौरान तीनों के पास से दो तमंचे, दो कारतूस व चरस बरामद हुई। एएसपी, ग्रामीण ने बताया कि शेर खान भारत-नेपाल सीमा स्थित रुपईडीहा बॉर्डर का रहने वाला है। वह चोरी की गाड़ियां नवीनीकृत कर नेपाल में बेचता था। उन्होंने बताया कि खुलासा करने वाली टीम को एसपी पुरस्कृत करेंगे।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-06-2022

## जागरूकता के बाद भी बढ़ रही साइबर अपराध की घटनाएं, थानों में बने साइबर सेल

# साइबर ठगों ने खोजे नये तरीके

### सावधानी

**श्रावस्ती।** जैसे जैसे दुनिया डिजिटल होती जा रही है और सभी कामों में डिजिटल संसाधनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। उसी तरह से डिजिटल अपराधों में भी बढ़ोत्तरी होती जा रही है। साइबर अपराधी कभी कंपनी से इनाम निकलने के नाम पर तो कभी टावर लगवाने के नाम पर आधार नंबर और ओटीपी लेकर खाते से पैसे गायब कर देते हैं। अब तो आधार नंबर से अंगूठे का क्लोन बना कर भी पैसे निकाल ले रहे है।

श्रावस्ती जिले में भी बीते कुछ सालों में साइबर अपराधों की संख्या बढ़ी है। इसमें लोगों के खातों से पैसे निकाल लिए गए और जब मोबाइल पर संदेश आया तो खाते से पैसे गायब होने की जानकारी हुई। दर्जनों लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो चुके हैं। जिसे रोकने के लिए लोगों का स्वयं जागरूक होना आवश्यक है।

- किसी से भी साझा करें न अपने बैंक एकाउंट, ओटीपी व पासवर्ड
- ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर करें सम्पर्क

**जिले में हुए साइबर ठगी के कुछ मामले:** 10 दिसम्बर 2021 को कोतवाली क्षेत्र भिनगा के ग्राम हरैया तराई निवासी शिक्षामित्र नन्द किशोर को साइबर ठगों ने निशाना बनाया था। फोन कर ठगों ने खुद को निर्वाचन अधिकारी बताकर नन्द किशोर से ओटीपी ले ली और खाते से 17 हजार 136 रुपये निकाल लिए। इसी तरह से 13 जनवरी 2022 को कोतवाली क्षेत्र भिनगा के ही शंकर नगर पड़री निवासी मोहम्मद रईस पुत्र गौस मोहम्मद के खाते से साइबर अपराधियों ने दो बार में 98 हजार रुपये उड़ा लिए थे। बीते सात जून को अमरहवा निवासी अंकित कुमार पुत्र दाताराम के खाते से भी अपराधियों ने तीन बार में 19 हजार 802 रुपये निकाल लिए। फर्जी फिंगर प्रिंट क्लोन के माध्यम से 14 जून को कोतवाली भिनगा के सेमरा अकबरपुर निवासी जिलेदार पुत्र पाटेश्वरी तथा फूलमता पत्नी कुंवर बहादूर निवासी गजोबरी के खाते से एक लाख आठ हजार रुपये साइबर अपराधियों ने हड़प लिया था। तीन मार्च को होमगार्ड राम सुफल यादव को निशाना बनाते हुए साइबर अपराधियों ने 60 हजार रुपये उड़ा लिए थे।

बीते 16 जून को श्रावस्ती पुलिस ने साइबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो सदस्यों को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी।



थाना सिरसिया में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क।

### सभी थानों में बनाया गया साइबर हेल्प डेस्क

जिले में साइबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। इसके अलावा सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिले स्तर पर साइबर सेल बना हुआ है। इसके अलावा हर बुधवार को थाना स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जाता है।

> साइबर क्राइम को रोकने में सावधानी बेहद जरूरी है। लोग किसी से अपने बैंक एकाउंट, ओटीपी, पासवर्ड, पिन आदि बिलकुल भी साझा न करें। इस अपराध को रोकने के लिए पहले जिले स्तर पर साइबर सेल स्थापित था। लेकिन अब सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।
>
> **राम पाल यादव,** साइबर सेल प्रभारी

# 500 ग्राम चरस बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक की ओर से अवैध मादक पदार्थों के निष्कर्षण, बिक्री और परिवहन में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मल्हीपुर पुलिस ने 500 ग्राम चरस बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मलंगशाह बाबा मजार मुलायमपुरवा के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद किया। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मोबीन उर्फ बटखरी पुत्र इद्रीस खां निवासी ग्राम बादलपुरवा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध गुंडा एक्ट समेत अन्य गई गंभीर मामले दर्ज है।

# घर से दबोचा दहेज हत्या का आरोपित

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस टीम ने 22 जून की रात दहेज के लिए पत्नी की चाकू से हत्या करने के मामले में फरार चल रहे बहराइच जिले के मटेरा क्षेत्र के सिसवारा निवासी राहुल को शुक्रवार को उसके घर से दबोच लिया।(वि.)

## शांतिभंग में 14 पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले की विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र के 14 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर सभी को न्यायालय पर पेश किया गया। (वि.)

## 18 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : जिले की पुलिस की ओर से एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने 71 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान समन शुल्क के रूप में 75000 रुपये वसूले गए। (वि.)

# 500 ग्राम चरस के साथ आरोपित दबोचा

**जासं, श्रावस्ती :** जिले में अवैध मादक पदार्थों के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बादलपुरवा निवासी युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 500 ग्राम चरस बरामद हुई।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एएसपी केशव चंद गोस्वामी व सीओ अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह शुक्रवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। मलंगशाह बाबा मजार मुलायमपुरवा गांव के पास से बादलपुरवा देवरनिया निवासी मोबीन उर्फ बटखरी को दबोच लिया। उसके कब्जे से 500 ग्राम चरस बरामद हुई। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपित पर पहले से गुंडा एक्ट, एससीएसटी समेत सात आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक उमेश सिंह, मुख्य आरक्षी सदाशिव यादव, आरक्षी राममिलन, चंद्रेश व सतीश शामिल हैं।


मल्हीपुर में नेपाली देशी शराब के साथ पकड़ी गई महिला ● जागरण

**166 पौवा देशी व नेपाली शराब बरामद:** आबकारी टीम ने जमुनहा क्षेत्र के कई गांवों में छापा मारा। इस दौरान टीम ने 166 पौवा देशी व नेपाली शराब बरामद किया। दो आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि जमुनहा के आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने मल्हीपुर क्षेत्र के सागरगांव व गंगा भागड़ में छापेमारी कर दबिश दी। इस दौरान विभिन्न घरों व आसपास की तलाशी ली गई। इसमें 166 पौवा नेपाली व देशी शराब बरामद किया गया।

# नेपाली शराब बरामद दो मामले दर्ज

**श्रावस्ती।** भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली शराब की तस्करी आम हो गई है। शुक्रवार को आबकारी विभाग की टीम ने नेपाल सीमा से सटे गांव में जांच कर 166 सीसी नेपाली शराब बरामद की है। इस मामले में आबकारी टीम ने दो मामले भी दर्ज किए हैं। जिसकी जांच चल रही है।

भारतीय क्षेत्र में शराब मंहगी है। यही नहीं यहां शराब की दुकान खुलने से लेकर बंद होने तक का समय निश्चित है। जबकि देखा जाए तो जिले में शराब की मांग अधिक है। इस मांग को पूरा करने व ग्राहकों को कम पैसे में शराब परोसने के लिए जिले में नेपाल से शराब की तस्करी की जाती है। यह शराब नेपाल से जंगलों के रास्ते या फिर राप्ती नदी से नौकाओं के सहारे लाई जाती है। जिसे सीमावर्ती क्षेत्रों में बेचा जाता है।

इस अवैध व्यापार की जानकारी जब आबकारी टीम को हुई तो आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने जमुनहा के सागर गांव व गंगा भागड़ में दबिश देकर यहां छिपाई गई 166 सीसी नेपाली देशी शराब बरामद की। इस मामले में टीम ने दो मामले भी पंजीकृत किए हैं। जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरी ने बताया कि नेपाल से शराब तस्करी कर लाए जाने की सूचना मिली थी। इसी पर डीएम के निर्देश पर छापा मारा गया। जिसमें अवैध नेपाली शराब बरामद हुई है। (संवाद)

# 500 ग्राम चरस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने पांच सौ ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पर कई अन्य मामले भी दर्ज हैं। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाके में चरस का अवैध करोबार चल रहा है। इस सूचना के बाद मल्हीपुर पुलिस ने क्षेत्र में मुखबिरों का जाल फैला दिया था। मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति चरस के साथ मलंगशाह बाबा मजार मुलायमपुरवा के पास घूम रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने बादलपुरवा दाखिला देवरनिया निवासी मोबीन उर्फ बटखरी को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने पांच सौ ग्राम चरस बरामद की। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्जकर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह बताते है कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई थानों में मामले पंजीकृत हैं। (संवाद)